जेष्ठ मास, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 167, पृष्ठ 8, मूल्य 1.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज    बुधवार 13 जुलाई 2022    विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# बाबा धाम में 'सौगातों' की बौछार







## देवघर से मोदी: देश को तबाह कर देती है शॉर्टकट की राजनीति, बाबा बैद्यनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की; कहा- पहले शिलान्यास होता... पत्थर लटकते रहते थे, हम ऐसा नहीं होने देते

**देवघर:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को झारखंड की धार्मिक नगरी देवघर पहुंचे। यहां उन्होंने एयरपोर्ट और एम्स समेत दर्जनभर योजनाओं की शुरूआत की। इसके बाद प्रधानमंत्री ने 10 किलोमीटर रोड शो कर 12 ज्योतिर्लिंग में शामिल बाबा बैद्यनाथ के दर्शन और पूजन किए। बाबा धाम में उन्होंने एक रैली को भी संबोधित किया और पहले की सरकारों पर जमकर हमला बोला। देवघर कॉलेज ग्राउंड की सभा में पीएम ने कहा कि हम जिसका शिलान्यास करते हैं, उसका उद्घाटन भी हम करते हैं। पहले सिर्फ शिलान्यास होता था। पहले की सरकारों में योजनाओं की घोषणा होती थी, फिर एक दो सरकार जाने के बाद कोई आकर एक-दो पत्थर लगाकर जाता था। पत्थर लटकता रहता था, दो-चार सरकारें चलने के बाद कोई और आता, फिर वो ईंट लगाता था। पता नहीं कितनी सरकारें जाने के बाद वो योजना सामने दिखती थी।

**पुरानी सरकारों पर पर कसा तंज: पीएम ने कहा** एक चुनौती है, शॉर्टकट की राजनीति। लोग शॉर्टकट अपना कर वोट ले रहे हैं। जिस देश की राजनीति शॉर्टकट पर आधारित होती है, एक दिन उसका अंत शॉर्ट सर्किट की तरह होता है। आजादी के बाद सरकारों ने शॉर्टकट अपनाया था। आज उसी का खामियाजा देश भुगत रहा है। इससे देश तबाह होता है। इसलिए जनता को ऐसे लोगों से सजग रहना चाहिए। अगर बिजली नहीं होती तो लालटेन में रहना पड़ेगा। बिजली शॉर्टकट से पैदा नहीं हो सकती है। झारखंड के लोग जानते हैं कि इसके लिए प्लांट लगाना पड़ता है। जो राजनीतिक दल शॉर्टकट अपनाते हैं, वो लुभाने का काम करते हैं। जो ये राजनीति करते हैं वे एयरपोर्ट नहीं बना सकते हैं। झारखंड के लोगों को ऐसे लोगों से बचकर रखना चाहिए।





**हर धाम में आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही : पीए ने कहा कि** बाबाधाम हो, काशी विश्वनाथ धाम हो या अयोध्या धाम हो, हर धाम में आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। दुनिया के लोग नई जगहें देखना चाहते हैं। जानना चाहते हैं। आज समय की मांग है, भारत अपनी विरासत को तेजी से संरक्षित करे। वहां सुविधाएं बढ़ाए। हमने हाल ही दिनों में देखा है कि जहां पर सुविधाएं बढ़ाई गई हैं, वहां पर पर्यटकों की संख्या बढ़ी है। प्रधानमंत्री ने बनारस का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि जब से काशी विश्वनाथ कॉरिडोर शुरू हुआ है, वहां तीन गुना पर्यटक बढ़े हैं। वहां सभी को फायदा हुआ है। कारोबार बढ़ा है। जहां पर्यटन बढ़ता है, वहां विकास होता है। सबको फायदा होता है।

**झारखंड के पास अग्रणी औद्योगिक राज्य बनने का अवसर: पीएम ने कहा कि** कभी कल्पना की गई थी कि पाइप लाइन के जरिए गैस सप्लाई होगी। झारखंड इस मामले में अव्वल है। झारखंड के पास अग्रणी औद्योगिक राज्य बनने का अवसर है। कनेक्टिविटी बढ़ाने का काम चल रहा है। झारखंड को समुद्री मार्ग से जोड़ने के लिए प्रयास हो रहे हैं। इससे उद्योग बढ़ेंगे। यहां के गरीब आदिवासियों को रोजगार मिलेगा। मुझे विश्वास है कि जो परियोजनाएं आज हमने शुरू की हैं, वो झारखंड के विकास को नई गति देने जा रही हैं। कल आप दीप जला रहे थे, आज उमंग और उत्साह से उमड़ पड़े, और जहां तक मेरी नजर जा रही है वहां तक लोग ही लोग हैं, इसका मतलब है कि लोगों को विकास चाहिए।

### 16 हजार करोड़ योजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास

इसके पहले एयरपोर्ट में उद्घाटन के दौरान प्रधानमंत्री ने कोलकाता की फ्लाइट को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने कहा कि देवघर से झारखंड के विकास को गति देने का सौभाग्य मिला है। उन्होंने 16 हजार करोड़ से ज्यादा के प्रोजेक्ट का लोकार्पण और शिलान्यास करते हुए कहा कि इससे झारखंड के विकास को बल मिलेगा। उन्होंने आगे कहा कि देवघर एयरपोर्ट का सपना लंबे समय से देखा था। इस प्रोजेक्ट से झारखंड के लाखों लोगों का जीवन आसान होगा। व्यापार और रोजगार के भी नए अवसर खुलेंगे।

**झारखंड में बनेंगे 3 और एयरपोर्ट**

झारखंड में बनेंगे तीन और एयरपोर्ट कार्यक्रम में सिंधिया ने बताया कि झारखंड में आने वाले दिनों में कुल पांच एयरपोर्ट होंगे। सबसे पहले बोकारो, जमशेदपुर और दुमका में एयरपोर्ट बना जाएंगे। इसके साथ-साथ राज्य से कनेक्टिविटी को बढ़ाते हुए 14 नए एयर रूट शुरू होंगे।

**400 से ज्यादा नए रूट्स पर हवाई सुविधा:** प्रधानमंत्री ने कहा कि आज सरकार के प्रयासों का लाभ पूरे देश में दिख रहा है। उड़ान योजना के तहत पिछले 5-6 सालों में लगभग 70 नए स्थानों को एयरपोर्ट्स, हेलीपोर्ट्स और वॉटर एयरोडोम्स के माध्यम से जोड़ा गया है।

# गगनयान की लॉन्चिंग 2023 में

**नई दिल्ली:** भारत जल्द ही अंतरिक्ष में इतिहास रचने वाला है। सरकार ने अगले साल यानी 2023 में गगनयान मिशन को अंतरिक्ष में भेजने की तैयारी की है। इस मिशन में इंसानों को अंतरिक्ष में भेजा जाएगा। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह का कहना है कि अगर सब कुछ ठीक रहा तो इस मिशन से जुड़े दो ट्रायल इस साल के अंत तक ही कर लिए जाएंगे, जिसके बाद अगले साल एक या दो भारतीयों को अंतरिक्ष भेजा जाएगा।



**कैसे किए जाएंगे ट्रायल?:** डॉ. सिंह ने गगनयान मिशन के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि पहला ट्रायल मानव रहित होगा। इसके बाद दूसरे ट्रायल में व्योममित्रा नाम की एक महिला रोबोट को अंतरिक्ष में भेजा जाएगा। इस रोबोट को इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गनाइजेशन ने विकसित किया है। दोनों ही ट्रायल 2022 के आखिर तक किए जाएंगे। ये मिशन कामयाब होने के बाद ही तीसरी बार में इंसानों को स्पेस में भेजने की तैयारी की जाएगी।

**वायुसेना के पायलट्स को दी ट्रेनिंग:** डॉ. सिंह के मुताबिक, तीसरे मिशन की स्पेस फ्लाइट में दो इंसानों को भेजा जा सकेगा। ये लोग 7 दिन तक अंतरिक्ष में रहेंगे। मिशन के लिए भारतीय वायुसेना के चार पायलट्स को रूस भेजकर स्पेस ट्रेनिंग सेंटर में ट्रेनिंग भी दी गई है। इन एस्ट्रोनॉट्स को 'गगनॉट्स' बुलाया जाएगा। भारतीय वायुसेना के चार पायलट्स में एक ग्रुप कैप्टन हैं। बाकी तीन विंग कमांडर हैं, जिन्हें गगनयान मिशन के लिए तैयार किया जा रहा है। अभी इन्हें बेंगलुरू में गगनयान मॉड्यूल की ट्रेनिंग दी जाएगी।

**गगनयान पर 10 हजार करोड़ का खर्च आएगा:** गगनयान मिशन की घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त 2018 को लालकिले से की थी।

मिशन पर करीब 10 हजार करोड़ रुपए का खर्च आएगा। इसके लिए 2018 में ही यूनियन कैबिनेट ने मंजूरी दे दी थी। भारतीय एस्ट्रोनॉट्स 7 दिन पृथ्वी के लोअर ऑर्बिट के चकार लगाएंगे। इनकी ट्रेनिंग के लिए ने रूस की अंतरिक्ष एजेंसी ग्लावकॉस्मोस से समझौता किया है।

# विधानसभा चुनावों के लिए कांग्रेस ने कसी कमर

### गहलोत बने गुजरात के वरिष्ठ पर्यवेक्षक, बघेल को मिली हिमाचल प्रदेश की जिम्मेदारी

**नई दिल्ली:** आगामी गुजरात और हिमाचल प्रदेश के विधानसभा चुनानों को देखते हुए कांग्रेस ने मंगलवार को राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को अहम जिम्मेदारी सौंपी है। कांग्रेस ने राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को गुजरात के लिए वरिष्ठ पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। वहीं कांग्रेस के दिग्गज नेता सचिन पायलट को हिमाचल प्रदेश के चुनाव के लिए पर्यवेक्षक बनाया गया है।



**बघेल को मिली ये जिम्मेदारी:** इस संबंध में के सी वेणुगोपाल ने पार्टी की तरफ से एक बयान जारी किया है। जिसमें कहा गया है कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को हिमाचल प्रदेश चुनाव के लिए वरिष्ठ पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही टी एस सिंह देव और मिलिंद देवड़ा को गुजरात चुनाव के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है, जबकि सचिन पायलट और प्रताप सिंह बाजवा हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव के पर्यवेक्षक होंगे।

# ज्ञानवापी प्रकरण: हिंदू पक्ष ने बनाया नया ट्रस्ट

**वाराणसी:** वाराणसी के ज्ञानवापी-श्रृंगार गौरी प्रकरण में मंगलवार को मुस्लिम पक्ष की बहस पूरी हो गई। साथ ही हिंदू पक्ष की भी आधा घंटा बहस हुई। इस मामले में एक नया मोड़ भी आ गया है। प्रकरण में हिंदू पक्ष की ओर से वाराणसी निवासी चार महिला वादियों ने ट्रस्ट बनाया है। इस ट्रस्ट पर कोर्ट में जारी मामले को देखने की जिम्मेदारी होगी। इससे पहले सोमवार को हिंदू पक्ष ने ट्रस्ट बनाए जाने का एलान किया। ट्रस्ट का नाम श्री आदि महादेव काशी धर्मालय मुक्ति न्यास रखा गया है। ट्रस्ट कोर्ट के मामलों को देखेगा। मुकदमे में होने वाला खर्च भी वहन करेगा।



अदालत में हिंदू पक्ष के पैरोकार सोहन लाल आर्य ने बताया कि ट्रस्ट से जुड़े लोगों की मलदहिया स्थित विवेकानंद कॉलोनी में बैठक हुई। बैठक में ही ट्रस्ट के बारे में एलान किया गया और आगे की रणनीति तय की गई। इस बैठक में पांच अतिथि, 11 ट्रस्टी, 21 सम्मानित ट्रस्टी, श्रृंगार गौरी मामले की चार वादी महिलाएं शामिल रहीं।

### 436.60 करोड़ की 208 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया

# गोरखपुर को सीएम योगी की सौगात

**गोरखपुर:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को 436.60 करोड़ की 208 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। उन्होंने पीएम आवास समेत अन्य योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किये। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में कहा कि विकास हम सबके जीवन में परिवर्तन ला सकता है। इसीलिए अलग-अलग क्षेत्रों में विकास कार्य कराए जा रहे हैं। केन्द्र और प्रदेश सरकार के नेतृत्व में बिना किसी भेदभाव के निरंतर विकास कार्य हो रहा है लेकिन कानून के साथ खिलवाड़ करने की किसी को इजाजत नहीं है। इस मंशा के साथ जब सरकार काम करती है तो विकास सब तक पहुंचता है। प्रदेश के हर जिले में समाज के प्रत्येक तबके को विकास का लाभ मिल रहा है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि पटरी व्यापारियों को लोग हटाते थे। उनके जीवन में उन्नयन हो, इसके लिए हमारी सरकार ने काम किया है। प्रदेश में साढ़े आठ पटरी व्यवसायी योजनाओं से जुड़कर अपना जीवन यापन कर रहे हैं। आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से पांच लाख रुपये का मुफ्त इलाज मिल रहा है। मुफ्त में एलपीजी कनेक्शन दिया गया। सरकार ने होली-दिवाली पर मुफ्त में एलपीजी सिलेंडर देने का निर्णय लिया है। इससे एक करोड़ 67 लाख परिवार लाभान्वित होंगे।

# 'मैं नहीं जानता कि चुनाव के बाद मेरा क्या हश्र होगा...'

**नई दिल्ली:** विपक्ष के राष्ट्रपति उम्मीदवार यशवंत सिन्हा राजस्थान पहुंचे। यहां उनका दर्द, गुस्सा और डर तीनों झलका। कांग्रेस के विधायकों को संबोधित करते हुए यशवंत सिन्हा ने भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद पर भी तंज कसा। साथ में कुछ ऐसा बोल गए कि सियासी गलियारे में खूब चर्चा होने लगी।



**राष्ट्रपति कोविंद पर तंज :** यशवंत सिन्हा ने कहा, 'पांच साल की अगर बात करें तो यह राष्ट्रपति भवन की खामोशी का दौर था। हम लोगों ने एक खामोश राष्ट्रपति देखा। कई मुद्दों पर प्रधानमंत्री को भी बोलना चाहिए। कम से कम राष्ट्रपति प्रधानमंत्री को बुलाकर देश के वर्तमान हालात पर चर्चा तो कर ही सकते हैं। इसीलिए पिछले पांच साल का दौर खामोशी का रहा। राष्ट्रपति के एक संवैधानिक दायित्व का उतना पालन नहीं हुआ जितनी उम्मीद थी।'

### दिन में 12-14 घंटे की ड्यूटी, रात को कैंप की निगरानी, न छुट्टी न फोन

# अमरनाथ यात्रा: सीआरपीएफ जवानों का ये 'तप'

**जम्मू-कश्मीर:** अमरनाथ यात्रा में श्रद्धालुओं को किसी तरह की दिक्कत न हो, कोई खतरा उनके समीप न आ सके, इसके लिए देश का सबसे बड़ा केंद्रीय अर्धसैनिक बल 'सीआरपीएफ' 24 घंटे ड्यूटी पर तैनात रहता है। भले ही दूसरे सरकारी कर्मियों को रोजाना आठ घंटे की ड्यूटी करनी होती है, लेकिन सीआरपीएफ जवान, अमरनाथ यात्रा के दौरान 12 से 14 घंटे तक तैनात रहते हैं। उसके बाद भी आराम नहीं मिलता। कुछ जवानों को रात में कैंप सिक्योरिटी की ड्यूटी भी देनी पड़ती है। यात्रा के चलते उन्हें छुट्टी भी नहीं मिलती। ड्यूटी पर फोन रखना मना है। अगर जवान को अपने परिवार से बात करनी है तो वह उसके कैंप में पहुंचने के बाद ही संभव हो पाती है।



**जवान कर रहे इन चुनौतियों का सामना:** अमरनाथ यात्रा में तैनात बल के एक अधिकारी बताते हैं, यहां पर सबसे ज्यादा तैनाती सीआरपीएफ की है। जवानों को गंभीर तौर पर मानसिक दबाव और कठिन शारीरिक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। कश्मीर घाटी में आए दिन हो रही आतंकी मुठभेड़ में सीआरपीएफ जवान डट कर मुकाबला करते हैं। रोड ओपनिंग पार्टी के तौर पर भी सीआरपीएफ के जवान सदैव मुस्तैद रहते हैं। अमरनाथ यात्रा से पहले ऑफ मिलता था, लेकिन अब वह भी संभव नहीं हो पाता। किसी कारणवश यात्रा सस्पेंड हो जाए तो ही जवानों को थोड़ा बहुत आराम मिलता है। कई बार तो स्थिति ऐसी हो जाती है कि जवान को अपनी वर्दी धोने का समय तक नहीं लगता। एक ही वर्दी कई दिन पहननी पड़ती है। धूल मिट्टी और बरसात में वर्दी खराब हो जाती है। जिन नाइट ड्यूटी वाले जवानों को एक दिन छोड़कर आराम मिलता है।

# कन्हैयालाल हत्याकांड: एनआईए ने दो को पकड़ा

**उदयपुर:** उदयपुर में कन्हैयालाल हत्याकांड की जांच के लिए राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की टीम एक बार फिर उदयपुर पहुंची। सोममंगलवार को एनआईए ने दो जगहों पर दबिश दी। साथ ही कई संदिग्ध लोगों से पूछताछ भी की गई। इनमें उदयपुर अंजुमन के सदर मुजीब सिद्दिकी और सचिव फारुक शामिल हैं। इनके घरों की तलाशी के बाद इन्हें हिरासत में लिया गया। सिद्दिकी की पत्नी समीना ने बताया कि उन्होंने एनआईए की जांच में पूरा सहयोग किया। टीम का बर्ताव भी उनके साथ अच्छा था। मामले में सदर का भी दावत-ए-इस्लाम से जुड़ाव सामने आया है। उसी के चलते संदिग्ध मानते हुए पूछताछ की गई है।



**तीन आरोपियों को पुलिस रिमांड पर भेजा:** वहीं, जयपुर में हत्याकांड में अब तक गिरफ्तार सभी सात आरोपियों को एनआईए कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने गौस मोहम्मद, रियाज और फरहाद को 16 तक रिमांड पर भेजा है।

# डीएम ने विधि विज्ञान प्रयोगशाला एवं राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कालेज एवं अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

**निर्माण कार्यों को गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण किये जाने का दिया निर्देश, बिल्डिंग की फिनिशिंग ठीक न मिलने पर कार्यदायी संस्था पर नाराजगी व्यक्त करते हुए ठीक कराये जाने के दिए निर्देश**

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री मंगलवार को फाफामऊ में विधि विज्ञान प्रयोगशाला में चल रहे फिनिशिंग के कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने लेआउट से जानकारी लेते हुए कार्यदायी संस्था राजकीय निर्माण निगम यूनिट-2 से कार्यों को कब तक पूर्ण करा लिया जायेगा, के बारे में जानकारी ली तथा निर्देशित किया कि महीने के अंत तक कार्यों को पूर्ण करा लिया जाये। बिल्डिंग की फिनिशंग ठीक न मिलने पर कार्यदायी संस्था पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने वहां प्रयोग किये गये सामाग्री की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने पीडब्लूडी के अधिशाषी अभियंता को लिंक रोड़ से विधि विज्ञान प्रयोगशाला तक रोड बनाने का प्रस्ताव प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया तथा सामने की खाली जमीन को गार्डेन के रूप में विकसित करने के लिए कहा है।

तत्पश्चात जिलाधिकारी ने राजकीय लाल बहादुर शास्त्री होम्योपैथिक मेडिकल कालेज एवं अस्पताल शांतिपुरम फाफामऊ का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कालेज के अंदर की सड़क ठीक न मिलने पर कार्यदायी संस्था को नोटिस देने को कहा है तथा चल रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की भी जांच कराने के निर्देश दिए है। उन्होंने बाउंड्रीवाल टूटी होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए वहां पर गेट लगाये जाने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने गर्ल्स हॉस्टल में दीवारों पर आयी नमी को ठीक कराने का निर्देश दिया है तथा वहां पर प्रधानाचार्य के अनुपस्थित रहने पर नाराजगी व्यक्त की। इस अवसर पर डीडीओ वी0एल0 कनौजिया, सी0वी0ओ0 आर0पी0 राय, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग सहित कार्यदायी संस्था के अभियंतागण उपस्थित रहे।



अधिकारियों संग निरीक्षण करते जिलाधिकारी

## खबर संक्षेप

### बीमारी से तंग युवक कुएं में कूद कर ली आत्महत्या

**घूरपुर।** क्षेत्र के चौकठा गांव में सोमवार की रात बीमारी से तंग एक युवक ने घर के सामने स्थित कुंए में कूदकर आत्महत्या कर ली। रात में परिजनों को सूचना हुई तो हड़कम्प मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घूरपुर थाना क्षेत्र के चौकठा गांव निवासी जय प्रकाश (30) पुत्र स्व राम मिलन विगत कई वर्ष से टीबी रोग से पीड़ित था। सोमवार की रात जय प्रकाश अचानक घर से गायब हो गया। रात्रि में उसके परिजन उसकी तलाश करते रहे। मंगलवार की सुबह एक महिला कुंए में पानी भरने गई तो देखा कि जय प्रकाश का शव कुंए में उतराया हुआ था। परिजनों को घटना की जानकारी हुई तो लोग रोने बिलखने लगे। सूचना घूरपुर पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्रामीणों ने बताया कि तंगहाली होने के चलते ठीक तरह से इलाज ना हो पाने के चलते जय प्रकाश काफी परेशान रहा करता था। जय प्रकाश अपने पीछे पत्नी व दो बच्चों को छोड़कर गया है। घटना से परिजनों में कोहराम है।

# सीएम के वृक्षारोपण मिशन के सपने को साकार करने का काम कर रहे संस्थान के लोग

**प्रयागराज।** प्रयागराज के सिविल लाइंस हनुमान मंदिर चौराहे पर सड़क पर आने जाने वाले राहगीरों को पौधे देकर वृक्षारोपण का संदेश देने का काम कर रहे प्रिम रोज शिक्षा संस्थान के युवा वालेंटियर्स।योगी सरकार से वृक्षारोपण के प्रेरित होकर इन युवक युवतियों ने तपती दोपहरी में सड़क पर आने जाने वाले राहगीरों को पौधे देकर हरियाली के प्रति जागरूक किया,इस दौरान प्रकृति प्रेमियों ने इस पौध वितरण कार्यक्रम में शामिल होकर युवाओं को बल देने का काम करते नजर आए। सड़क के किनारे पेड़ों के प्रति स्लोगन और गाना गाकर राहगीरों को अपनी ओर आकर्षित करते हुए एक एक पौधे लगाने के संकल्प के साथ लोगों को पौधा बांटकर पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य को पूरा करते प्रिम रोज शिक्षा संस्थान के युवा वालेंटियर्स।एक तरफ प्रदेश की योगी सरकार का स्वतंत्रता दिवस तक 35 करोड़ पेड़ लगाने का संकल्प चल रहा है तो वहीं दूसरी तरफ इन प्रकृति प्रेमी युवा समाजसेवियों ने आने जाने वाले राहगीरों को पौधे बांटकर सीएम योगी के मिशन को पूरा करने का काम कर रहे हैं। प्रयागराज को हराभरा करने के इनके जज्बे को देखकर वहां पर मौजूद लोगों ने सराहते हुए जमकर तारिफ की।




# सरकारी धन गबन करने वाले पूर्व प्रधान के विरुद्ध जांच के आदेश

**रत्योरा करपिया में वर्ष 2019 में इंटर लॉकिंग के नाम पर निकाला गया है पैसा, नहीं बनी सड़क**

अखंड भारत संदेश

**रत्योरा।** विकासखंड कोरांव के गांवो में विकास के नाम पर जमकर लूट मची हुई है। पिछले कार्य काल में की गई लूट खसोट का मामला प्रकाश में आया है। रत्योरा करपिया गांव की ग्राम प्रधान रहीं रामरती पत्नी हीरालाल के द्वारा वर्ष 2019 में शिव मंदिर से ब्रह्म शंकर के घर तक इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण कार्य हेतु तीन लाख रुपए से अधिक की धनराशि सत्यम इंटरप्राइजेज के नाम आहरित कर ली गयी है। जबकि सड़क आज तक निर्मित नहीं हो सकी है। खंड विकास अधिकारी कोरांव को जब प्रकरण की जानकारी हुई तो उन्होंने मामले की जानकारी लेते हुए सहायक विकास अधिकारी पंचायत कोरांव को जांच सौंप दी है। इसके पूर्व भी सहायक विकास अधिकारी पंचायत मामले की जांच कर चुके हैं। जिसमें पूर्व ग्राम प्रधान के द्वारा तीन सड़क न बनवाए जाने का मामला प्रकाश में आया था जिस पर दो सड़कों का निर्माण कार्य तो कार्यकाल बीत जाने के बाद ग्राम प्रधान रहीं रामरती के द्वारा करा दिया गया, किंतु एक सड़क का निर्माण कार्य आज भी अधर में लटका हुआ है। खंड विकास अधिकारी मुकेश कुमार ने सहायक विकास अधिकारी पंचायत को दिनेशचंद पाठक को जांच करते हुए दोषी ग्राम प्रधान व अधिकारियों पर कार्रवाई का निर्देश दिया है।

### प्राइवेट बस परिचालक को मारा पीटा गया एक अन्य गांव में हुई मार पीट

**मऊआइमा।** प्राइवेट बस के परिचालक को एक दबंग ने मार पीट कर घायल कर दिया। बस मालिक ने मुकदमा दर्ज करा दिया है ।एक अन्य गांव में मार पीट में भी मुकदमा दर्ज किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार पुराना फाफामऊ निवासी मोहम्मद अरसद पुत्र इकरामुद्दीन का कहना है कि उसकी प्राइवेट बस प्रतापगढ़ से प्रयागराज तक चलती है।मोहम्मद अरसद का आरोप है कि उसकी बस प्रतापगढ़ से सवारी लेकर प्रयागराज जा रही थी मऊआइमा के टोल प्लाजा के पहले एक युवक बस रूकवा कर परिचालक सत्यम जायसवाल को मारा पीटा और यह धमकी दी कि इस मार्ग पर चलोगे तो फिर मारुंगा। और जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। बस मालिक मोहम्मद अरसद ने मऊआइमा थाने में मोहम्मद इस्तियाक पुत्र मोहम्मद जहीर ग्राम नरसिंहगढ़ थाना रानीगंज के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है ।उधर ग्राम बालाडीह नई बस्ती निवासनीय गायत्री देवी पत्नी बाबूलाल का आरोप है कि जमीनी विवाद में उसे मारा पीटा गया। गायत्री देवी ने मऊआइमा थाने में सुभाष, नक्की के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# सीडीओ ने किया ग्राम पंचायत मुंगारी का औचक निरीक्षण

**विकास कार्य देख प्रधान एवं पंचायत सचिव की सीडीओ नें की सराहना**

अखंड भारत संदेश

**करछना।** मुख्य विकास अधिकारी प्रयागराज सिपू गिरि मंगलवार को विकास खंड करछना के ग्राम पंचायत मुंगारी का औचक फेस टू के अंतर्गत निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान उन्होंने सबसे पहले ग्राम पंचायत भवन जाकर निरीक्षण किया उस दौरान पंचायत भवन पर सहायक सचिव ज्योति सिंह द्वारा गांव की एक दर्जन महिलाओं की केवाईसी एवं पीएम किसान सम्मान निधि का डाटा अपडेट कर रही सहायक सचिव ज्योति सिंह एवं प्रधान प्रतिनिधि आशीष प्रताप सिंह की सराहना की और खुशी जाहिर की, इसके पश्चात उन्होंने पंचायत भवन निर्माण एवं कम्पूटर कक्ष आदि कार्य बारीकी से निरीक्षण कर सराहनीय कार्य को देख कर प्रसन्नता जाहिर करते हुए गांव में शौचालय निर्माण एवं स्मृति वन वाटिका स्थल का जायजा लिया और ग्राम पंचायत मुगारी में किए गए विकास कार्यों को जमीनी हकीकत देख प्रधान प्रतिनिधि आशीष प्रताप सिंह एवं पंचायत सचिव कमल सिंह की सराहना की, इसके पश्चात उन्होंने ग्राम पंचायत करेहा में गोआश्रय स्थल का निरीक्षण किया जहां पर पशुओं की देखभाल चारे भूसा, एवं भूसा भंडारण भवन सहित रखरखाव पीने के पानी आदि निरीक्षण करते हुए प्रधान व सचिव को आवश्यक दिशा निर्देश दिए निरीक्षण के दौरान खंड विकास अधिकारी करछना देव कुमार ,एडीओ पंचायत विवेक कुमार मिश्रा ,पंचायत सचिव कमल सिंह ,पंचायत सचिव हुमा परवीन ,खंड प्रेरक अतुल कुमार मिश्रा, दुष्यंत प्रताप सिंह, सहित प्रधान एवं प्रधान प्रतिनिधि और गांव के गणमान्य लोग शामिल रहे।





सीडीओ सिपू गिरि मुंगारी गांव में विकास कार्यों का स्थलीय किया निरीक्षण

# गींज पहाड़ी गांव में लग रहे क्रेसर प्लांट का अ.भा. किसान मजदूर सभा ने किया विरोध

अखंड भारत संदेश

**कौंधियारा।** जिस पत्थर से मजदूरों की विभिन्न साइजों की गिट्टी बनाकर ठेकेदारों को बेचकर जीविका चलती है आज वो पूरा उजड़ जायेगा । इलाके के दर्जनो गांवों के मजदूरों का रोजगार छीन जायेगी क्योंकि आज उसी पहाड़ पर पत्थर माफिया द्वारा क्रेसर प्लांट लगाया जा रहा है जिसको लेकर मजदूरों किसानों में गुस्सा हैं क्योंकि ये प्लांट बस्ती से सटकर लगाया जा रहा है जिससे भयंकर प्रदूषण होगा, इसकी धूल से पीने का पानी प्रदूषित होगी , उड़ने वाली धूल से लोगो को श्वास लेने में दिक्कत होगी । श्वास की बीमारी बढ़ेगी इसकी धूल उड़कर खेतों में बैठगी , पौधों में परागण क्रिया प्रभावित होगी , पैदावार घटेगी ।

जिसे लेकर सैकड़ों की संख्या में इकट्ठा होकर मजदूरों ने गींज गांव सभा की नारे लगाए ।गींज पहाड़ी गांव में लग रहे क्रेसर पर रोक लगाओ, मजदूरों को गिट्टी खनन की खुली छुट दो,आदिवासियो एवं अन्य गरीबों को खेती वह आवास के पट्टे दो, मनरेगा में 500रू रोज के हिसाब से साल भर काम दो,प्रति यूनिट 15किलो अनाज दो, 300 यूनिट बिजली प्रत्येक परिवार को मुफ्त दो।। सभा में उर्मिला देवी, रानी देवी,श्यामकली, सुनीता देवी , अशर्फी लाल बृजलाल आदिवासी,हीरालाल भोलानाथ राजेश आदिवासी राम फल कुशवाहा, आदि उपस्थित रहे। सभा की अध्यक्षता एआईकेएमएस जिलाध्यक्ष राम कैलाश कुशवाहा,एवं संचालन राजकुमार पथिक ने किया।




### जमीनी विवाद में युवक की हुई पिटाई,अस्पताल में भर्ती

**मेजा रोड।** क्षेत्र के सैबसा गांव में जमीनी विवाद को लेकर दबंगो ने एक युवक की बेरहमी से पिटाई कर दिया। इससे युवक बुरी तरह घायल हो गया। पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है ।मांडा थाना क्षेत्र के सैबसा निवासी दिलीप पाण्डेय ने सोमवार को तहरीर देकर आरोपित किया कि जमीन के विबाद को लेकर पड़ोसी राजकुमार, राकेश कुमार पाल ने हहड्डी भद्दी गालियां देते हुए बेरहमी से पिटाई किया। इससे उन्हें गम्भीर चोटे आई है। घायलावस्था में मांडा सीएचसी इलाज के लिए दाखिल कराया गया,लेकिन हालात नाजुक देख डॉक्टरों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है ।वहीं पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सपा संरक्षक की पत्नी के निधन पर सपा नेता डॉअमर बहादुर सिंह यादव ने दी श्रदाँजलि



**करछना।** समाजवादी पार्टी के संरक्षक पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश मुलायम सिंह यादव की धर्मपत्नी मधु गुप्ता के निधन पर समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ अमर बहादुर सिंह यादव ने लखनऊ में पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की तथा उन्हें श्रद्धांजलि दी उसके पश्चात समाजवादी पार्टी के नेता अमर बहादुर के पैतृक गांव करछना के करेहा गांव में सपा कार्यकताओं ने शोक सभा आयोजित कर माननीय सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव की धर्मपत्नी के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी इस अवसर पर गांव के तथा क्षेत्र के कई सपा के गणमान्य वरिष्ठ लोग उपस्थित रहे।



### निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में सैकड़ो ने कराई जांच

**झूंसी।** आवास विकास कालोनी योजना 3 स्थित जेके क्लैक्सिकल होम्योपैथिक क्लिनिक के तत्वाधान में चमनगंज के लमल्दीपुर स्थित एसबी ब्लूस्टार पब्लिक स्कूल में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित डॉ. हर्ष कुमार सिंह, डॉ. शशिकला मौर्य व डॉ. संजीव परिहार द्वारा स्वस्थ्य शिविर में आये हुए 305 मरीजो के सभी रोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा के साथ परामर्श भी दिया गया।

# सावधान : जंघई जंक्शन पर सक्रिय है जहरखुरान गिरोह

अखंड भारत संदेश

**जंघई।** जंघई जंक्शन पर प्रतिदिन हजारों यात्रियों का देश प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर आवागमन होता है लोग जीवकोपार्जन हेतु महानगरों में भी रहते हैं। शादी विवाह या किसी कार्यक्रम में जब गांव आना होता है तो जहर खुरानी गिरोह उनके पीछे-पीछे लग जाते हैं तीन चार स्टेशन पहले ही उनको बातचीत करके अपने झांसे में लेकर नशीला पदार्थ खिलाकर या नशीली दवाओं को सुंघाकर उनका सामान पैसा गहना लेकर रफूचक्कर हो जाते हैं। यात्रियों को चाहिए कि ट्रेन में हैं तो जहरखुरानों से बचकर रहें जहरखुरान गिरोह ने अपना जाल फैला रखा है यह हर दिन किसी न किसी को अपना शिकार बना रहा है। अलग-अलग हथकंडे अपनाने की वजह से लोगों की सतर्कता भी काम नहीं आ रही है विभिन्न रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को शिकार बनाया है।गिरोह के शातिर सदस्य यात्रियों के स्टेशन पर पहुंचते ही अपनी नजर में चढ़ा लेते हैं इन पर लगातार नजर रखते हैं किसी बहाने से बातचीत शुरू करते हैं। फिर नशीली दवा मिली हुई खाने पीने की चीज देकर उन्हें बेहोशी की हालत में कर देते हैं और सामान लूट ले जाते हैं।इसके अलावा गिरोह के सदस्य नशीले स्प्रे का भी इस्तेमाल करते हैं यात्रा के दौरान रात के समय ऐसा ज्यादा करते हैं। यात्री के बेहोशी की हालत में आते ही सामान लेकर आसानी से निकल जाते हैं।शातिर इन दिनों एक ऐसा तरीका अपना रहे हैं, जिससे सतर्क रह रहे यात्रियों का बचना भी मुश्किल हो रहा है रूमाल में नशीले पदार्थ का एक लिक्विड लगाते हैं यात्री के बगल में बैठकर सफर करते समय चेहरे के सामने रूमाल फटकारते हैं इससे यात्री बेहोश हो जाता है।

### थाना खीरी पुलिस द्वारा शांति भंग के अंदेशा में तीन अभियुक्त का किया गया चालान

**खीरी।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रयागराज शैलेश कुमार पाण्डेय द्वारा समाज में शांति व्यवस्था बनाए रखने व अपराध एवम अपराधियो पर अंकुश लगाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक यमुनापार सौरभ दीक्षित के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक / क्षेत्राधिकारी मेजा अमिता सिंह के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष खीरी अनिल वर्मा के कुशल नेतृत्व में उप निरीक्षक चंद्रेसेखर यादव व उनकी पुलिस टीम द्वारा शांति भंग के अंदेशा में तीन अभियुक्त शिवकुमार सिंह पुत्र बृजभान सिंह , विंध्यवासिनी पत्नी अजय कुमार , विमलेश कुमारी पत्नी फूलचंद्र को धारा 151/107/116 सीआरपीसी के तहत चालान किया गया।

### जालसाज ने बैंक में पैसा जमा करने आए खातेदार का बारह हजार उडा दिया

**मऊआइमा।** बैंक में पैसा जमा करने आए खातेदार का विड्रॉल फार्म भर कर फ्राडिया ने बारह हजार रुपये लेकर चम्पत हो गया। खातेदार ने थाने में अज्ञात में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम छाता निवासी प्रेम चन्द्र शर्मा पुत्र बाबादीन शर्मा मऊआइमा थाने के सामने स्थित पंजाब नेशनल बैंक की शाखा में पैसा जमा करने आया था ।प्रेम चन्द्र शर्मा का कहना है कि एक युवक बैंक में मौजूद था उससे विड्रॉल फार्म भरने के लिए वह कहा। और बारह हजार रुपये दे दिया। फार्म भर कर वह बारह हजार जमा करने के लिए युवक गया फिर चम्पत हो गया । खाता धारक प्रेमचन्द शर्मा ने मऊआइमा थाने में अज्ञात जालसाज के खिलाफ फ्राड का मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# सहसों बाजार की पक्की नाली चोक सड़क पर जल जमाव

अखंड भारत संदेश

**सहसों।** ग्राम पंचायत व संबंधित अधिकारियों की उदासीनता से सड़क के बगल बनी पक्की नाली कूड़े कचरे से भठ चुकी चोक होकर ध्वस्त हो गई है। ग्रामसभा सहसों बाजार का मुख्य मार्ग सहसों बाईपास से लेकर केसरवानी धर्मशाला एवं राम जानकी मंदिर के सामने से गोल चौराहे की तरफ लगभग 100 मीटर तक बनी पक्की नाली पूरी तरह से वर्षों से कूड़े- कचरे से भठकर चोक हो गई है। बारिश होने पर घुटनों तक पानी भर जाता है जिससे क्षेत्रवासियों एवं राहगीरों तथा स्कूली बच्चे को आए दिन चोटिल होकर गिर जाते हैं। जो कि संबंधित विभागीय अधिकारियों, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्राम पंचायत को कई बार ग्राम वासियों द्वारा संज्ञान में लिखित दिया गया। परंतु आज तक लाखों रुपए की लागत से बनी पक्की नाली की सफाई एवं सड़क की मरम्मत आज तक नहीं कराई गई। जिससे प्रतीत होता है कि कोई बड़ी घटना का इंतजार संबंधित विभागीय अधिकारी एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि तथा ग्राम पंचायत सहसों कर रहा है। अधिकारी कर्मचारी हाथ पर हाथ रखे बैठे हुए हैं। ज्ञात हो कि इसी मार्ग पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्थित है जहां पर गर्भवती महिलाओं एवं छोटे बच्चों के टीकाकरण के लिए लगातार लोगों का आना जाना लगा रहता है बनी पक्की नाली चोक होने से सड़क पर गंदा जल जमाव होने से गड्ढा युक्त होने के कारण बहुत ही असुविधा का सामना करना पड़ता है। जानकारी के अनुसार विगत दिनों विकासखंड अधिकारी बहादुरपुर के नाम एक सामूहिक प्रार्थना पत्र एडीओ एम आई को 4 वर्षों से नाली चोक के संबंध में सफाई के लिए दिया गया था परन्तु आज तक नाली चौक के चौक ही रह गई है परन्तु सफाई नहीं हो पाई। जिससे बस्ती का गंदा पानी नालियों में नहीं बह कर सड़कों पर जमा हो रहा है जिससे दो पहिया, चार पहिया तो दूर पैदल राहगीरों का भी चलना दुश्वार हो गया है। जबकि संबंधित समस्या के बारे में पंचायत विभाग के एडीओ पंचायत एवं विकास खंड अधिकारी की भी संज्ञान में है परन्तु संबंधित लोग हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं। इस संबंध में ग्रामवासी कई बार ग्राम प्रधान सहसों से शिकायत की तो ग्राम प्रधान का कहना है कि पंचायत विभाग के अधिकारी कर्मचारी यहां तक कि सफाई कर्मी भी मेरी नहीं सुनते हैं। अब इन सारी समस्याओं से ग्रामवासी एवं राहगीर हलकान हो रहे हैं और भारी आक्रोश भी है। जबकि शासन द्वारा ग्राम पंचायतों को गांव की सुंदरता, साफ सफाई एवं गांव के विकास के लिए समय-समय पर धन स्वीकृत होता रहता है।



## खबर संक्षेप

### हंडिया में जमीन को लेकर दो पक्षों में चले लाठी-डंडे



**प्रयागराज।** हंडिया में जमीन को लेकर दो पक्षों में मारपीट का मामला सामने में आया है। मारपीट में महिलाएं भी घायल हुई हैं। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भेजा है। पीड़ित पक्ष ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मामला बड़ौत चौकी के लाला का पूरा टेला गांव का है। गांव निवासी सूबेदार बिंद पुत्र राम लक्षन बिंद की भूमिधरी जमीन को विपक्षी कब्जा करने की नियत से जुताई कर रहे थे। पीड़ित ने इसका विरोध किया तो गांव के अशोक कुमार, सुरेंद्र कुमार, राजेंद्र कुमार, नान्हू, झब्बू और सत्ते पुत्र बुधीराम ने परिवार को गालियां देना शुरू कर दिया। देखते ही देखते दोनों पक्षो में जमकर लाठियां चटकने लगीं। जिसमें दोनों पक्षों से कई लोग घायल हो गए। थाना प्रभारी ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। गंभीर रूप से घायल महिला को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं पीड़ित ने हंडिया थाने पहुंचकर लिखित तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# पुनप्रार्प्त जन्मोत्सव के उपलक्ष में मंत्री ने किया रुद्राभिषेक व परिवार के साथ किया रक्तदान



रुद्राभिषेक करते मंत्री व महापौर



परिवार के साथ ब्लड डोनेट करते मंत्री

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** योगी सरकार के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी मंगलवार को अपना पुनर्प्राप्त जन्मोत्सव मना रहे हैं। आज के ही दिन उनके ऊपर जानलेवा हमला हुआ था। तभी से वह 12 जुलाई को हमेशा ब्लड डोनेशन कैंप लगा रहे हैं। बहादुरगंज में अपने आवास पर नंदी की पत्नी महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी अपने समर्थकों के साथ रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों में मंत्री के बेटे अभिषेक, अमन और बेटी जाह्नवी भी थीं।मंत्री नंदी बताते है कि 12 जुलाई 2010 को बहादुरगंज के मनोकामना पूर्ति मंदिर के सामने उन पर बम ब?लास?ट हुआ था। वह गंभीर रूप से जख?मी हुए थे। लंबे इलाज के बाद वह स?वस?थ हुए थे। मंत्री नंदी का मानना है कि अगर आज वो यहां तक पहुंचे हैं और जीवित हैं तो इसी मंदिर की वजह से। 12 जुलाई 2010 को उन्हें जीवनदान मिला था। उनका इस मंदिर और शंकर भगवान में गहरी आस्था है। मंत्री ने बताया कि इसके बाद से ही हर साल वो 12 जुलाई को अपना 'पुनर्प्राप्त जन्मदिवस' मनाते हैं। इसी मंदिर पर रुद्राभिषेक भी करते हैं।

## सड़कों पर कचरा पड़े रहने को लेकर डीएम व नगर आयुक्त प्रयागराज तलब

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आज नालो की सफाई में लगे कर्मचारियों को जीवन रक्षक उपकरण आदि मुहैया न कराने तथा नालों की सफाई के बाद सड़क पर पड़े कचरो को हटाने के लिए मशीनों का उपयोग न करने को लेकर जिलाधिकारी प्रयागराज तथा नगर निगम प्रयागराज के नगर आयुक्त को आगामी 25 जुलाई को तलब किया है। प्रदेश सरकार की तरफ से दाखिल हलफनामे को कोर्ट के सामने बताया गया कि पूरे प्रदेश में न यह आदेश चीफ जस्टिस राजेश बिंदल तथा जस्टिस जेजे मुनीर की खंडपीठ ने स्वत संज्ञान लेकर कायम एक जनहित याचिका पर पारित किया। इस याचिका में नियुक्त न्याय मित्र की तरफ से बताया गया अभी भी प्रयागराज में नालों की सफाई के लिए लगे कर्मचारियों को उनकी सुरक्षा के लिए जीवन रक्षक उपकरण नहीं दिए जा रहे हैं। कुछ फोटोग्राफ भी कोर्ट के सामने रखे गए थे। कोर्ट इस जनहित याचिका पर अब 25 जुलाई को सुनवाई करेगी।मालूम हो कि प्रदेश सरकार ने हलफनामा दाखिल कर पिछली तारीख पर कोर्ट को बताया था कि 20 जून तक प्रदेश के सभी नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में सभी नालों की सफाई कर दी जाएगी। इसके साथ ही 24 जून तक सभी 18 मंडलों में इसकी मॉनिटरिंग के लिए टीम गठित कर उसका औचक निरीक्षण किया जाएगा। यह देखा जाएगा कि कहां काम हुआ है और कहां नहीं हुआ है? जहां काम नहीं हुआ होगा उसके लिए जिम्मेदार कर्मचारियों और अफसरों पर कार्रवाई की जाएगी।कोर्ट ने कहा था कि सफाई कर्मचारियों के लिए जो सुरक्षात्मक उपाय करने के लिए निर्देश जारी किए गए हैं, उसका अनुपालन किया गया या नहीं। सरकार इसकी जांच कैसे करेगी, इसके लिए क्या उपाय किए गए हैं। इसके बारे में बताना होगा। कोर्ट ने यह भी पूछा था कि नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में कार्य कर रहे सफाई कर्मचारियों के मानदेय के पुनर्निरीक्षण के लिए क्या-क्या उपाय किए गए हैं और सरकार ने इन्हें शिक्षित करने के लिए क्या कदम उठा रही है? इसके बारे में भी जानकारी देना होगा। कोर्ट ने मामले में नगर निगम प्रयागराज से भी अगली सुनवाई पर लोगों की शिकायतों के निस्तारण के लिए पोर्टल के संबंध में जानकारी दाखिल करने के लिए कहा था।लों की सफाई के लिए प्रदेश सरकार ने एक सर्कुलर जारी कर दिया है। कहां गया कि इस जारी निर्देश के अनुसार 20 जून तक समस्त नालो की सफाई कर दी गई है।

# क्रियायोग आश्रम में आज मनाया जाएगा गुरु पूर्णिमा महोत्सव

**अखंड भारत संदेश**

**झूंसी।** प्रयागराज के गंगा तट पर स्थित सेवारत क्रियायोगा आश्रम में आज गुरु पूर्णिमा महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा इस उपलक्ष में आश्रम में देश व विदेश के साधक पहुंचने लगे हैं,गुरु पूर्णिमा महोत्सव का कार्यक्रम यूट्यूब के माध्यम से लाइव प्रसारण किया जाएगा जो विश्व के अनेक देशों के साधक लाइव प्रसारण के माध्यम से गुरु पूर्णिमा महोत्सव में भाग लेंगे । गुरु पूर्णिमा महोत्सव की पूर्व संध्या पर स्वामी जी ने सभी शिष्यों को रिचार्जिंग क्रिया के सभी बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए समझाया । तथा यह भी बताया कि क्रियायोग से जुड़ने पर सभी प्रकार की समस्याएं हमेशा के लिए दूर हो जाती हैं इसके साथ स्वामी जी ने सभी साधकों को 5 मिनट का अभ्यास कराया।





साधकों को अभ्यास कराते स्वामी श्री योगी सत्यम

## पीसीएस 2021 मुख्य परीक्षा में 1285 अभ्यर्थी सफल

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (पीसीएस) परीक्षा-2021 की मुख्य परीक्षा में 1285 अभ्यर्थियों को सफल घोषित किया है। आयोग ने मंगलवार को पीसीएस मेंस का रिजल्ट जारी कर दिया। हालांकि, मानक से कम अभ्यर्थी ही इंटरव्यू के लिए क्वालीफाई कर सके। रिजल्ट आयोग कार्यालय के सूचना बोर्ड एवं वेबसाइट पर उपलब्ध है।आयोग ने पीसीएस के 678 पदों पर भर्ती के लिए मुख्य परीक्षा इस वर्ष 23 से 27 मार्च तक प्रयागराज, लखनऊ और गाजियाबाद के विभिन्न केंद्रों में आयोजित की थी। परीक्षा में कुल 5957 अभ्यर्थी शामिल हुए थे। 678 में से 55 पदों पर चयन लिखित परीक्षा के परिणाम के आधार पर होगा, जबकि बाकी 623 पदों के लिए इंटरव्यू होगा। मुख्य परीक्षा में 1285 अभ्यर्थियों ने साक्षात्कार के लिए क्वालीफाई किया है। पदों की संख्या के मुकाबले तकरीबन दोगुने अभ्यर्थी ही इंटरव्यू के लिए क्वालीफाई कर सके, जबकि मानक के अनुरूप तीन गुना अभ्यर्थियों को क्वालीफाई करना चाहिए था।आयोग के सचिव जगदीश के अनुसार न्यूनतम अर्हता मानक धारित न करने के कारण नियत अनुपात में अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं हुए। परीक्षा में शामिल अभ्यर्थियों के प्राप्तांक, कट ऑफ अंक आदि सूचनाएं परीक्षा के अंतिम चयन परिणाम के बाद जारी की जाएंगी।उत्तर प्रदेश से बाहर की महिला अभ्यर्थियों का परिणाम प्रदेश सरकार की ओर से उच्च न्यायालय में दाखिल विशेष अपील पर पारित होने वाले निर्णय के अधीन रहेगा। मुख्य परीक्षा के आधार पर सफल अभ्यर्थियों के लिए साक्षात्कार की तिथि बाद में घोषित की जाएगी।

### इसी हफ्ते जारी होगा इंटरव्यू का कार्यक्रम

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग इसी हफ्ते पीसीएस-2021 के इंटरव्यू का कार्यक्रम जारी करने की तैयारी में है। आयोग 14 या 15 जुलाई को साक्षात्कार का कार्यक्रम जारी कर सकता है। सचिव का कहना है कि तीन से चार दिनों में कार्यक्रम जारी कर दिया जाएगा।

# पुलिस की पिटाई से हुई मौत

### 75 साल के बुजुर्ग की मौत के मामला में बहू का आरोप, तहरीर में स्वाभाविक मौत का जिक्र



**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** प्रयागराज के नवाबगंज थाना अंतर्गत ओठगी गांव में रहने वाले एक 75 साल के बुजुर्ग की मौत सोमवार भोर में मौत हो जाती है। बुजुर्ग की मौत के बाद एक तरफ बहू शकुंतला ने पुलिस पर कई थप्पड़ मारने का आरोप के बाद ससुर की मौत की बात कही, जिससे मंगलवार सुबह से ग्रामीणों में पुलिस प्रशासन के खिलाफ आक्रोश पनपने लगा। इस बीच पुलिस को पीड़ित परिजनों की ओर से एक तहरीर दी जाती है, उसमे बुजुर्ग की मौत स्वाभाविक बताया गया है। वहीं पुलिस का कहना है कि बुजुर्ग की मौत पुलिस की पिटाई से नहीं हुई है।

**चोरी के आरोपी को पकड़ने गई थी पुलिस :** मृतक रामदुलार की बहू शकुंतला का कहना है कि उसके बेटे राजेश कुमार की तलाश में शिवकुटी थाने की पुलिस ने सोमवार देररात दबिश दी। कुछ पुलिसकर्मियों ने दरवाजे को खटखटाया और दो पुलिसकर्मी दीवार फांदकर घर में प्रवेश कर गए। इन लोगों ने घर के अंदर सो रहे राजेश को पकड़ लिया। इस पर ससुर राम दुलार ने पुलिस वालों को विरोध किया तो उनको पुलिसवाले ने कई थप्पड़ जड़ दिए। जिस पर वह कहने लगे कि पुलिसवालों ने उनको पीटा ओर वह अब मर जाएंगे। यह कहते हुए वह जमीन पर गिरे और फिर उनकी मौत हो गई।

**राजेश पर है बाइक चोरी का आरोप :** दरअसल शिवकुटी से 15 दिन पहले एक बाइक चोरी का मामला सामने आया था, जिसमे राजेश का नाम भी आया था। इसी के तहत शिवकुटी थाने की पुलिस नवाबगंज थाना अंतर्गत ओठगी गांव गिरफ्तारी के लिए गई थी। पर रामदुलार की मौत के बाद ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए शिवकुटी पुलिस आनन-फानन में राजेश को घर पर लाकर छोड़ दिया था। थाना प्रभारी नवाबगंज राकेश राय का कहना है कि पुलिस की पिटाई से रामदुलार की मौत नहीं हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण और स्पष्ट हो जाएगा।

# डीएम ने की सड़क सुरक्षा के सम्बंध में बैठक

**अखंड भारत संदेश**

### जाम वाले स्थानों को चिन्हित करते हुए वहां पर टैफिक पुलिस की व्यवस्था सुनिश्चित करायें

### स्कूलों में सड़क सुरक्षा से सम्बंधित नियमों के बारे में जनजागरूकता अभियान चलाये जाने के निर्देश, अवैध पार्किंग करने वालो के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश



डीएम की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा के सम्बन्ध में हो रही बैठक

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में मंगलवार को संगम सभागार में सड़क सुरक्षा से सम्बंधित बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने स्कूली वाहनों के फिटनेस से सम्बंधित की गयी कार्रवाई की समीक्षा करते हुए परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि बिना फिटनेस के कोई भी स्कूल वाहन नहीं चलना चाहिए। चेकिंग की कार्रवाई नियमित रूप से सुनिश्चित की जाये और जो भी स्कूली वाहन बिना फिटनेस प्रमाणपत्र के चलते हुए पायें जाये उनका पंजीयन निरस्त करते हुए उनके विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाये। जिलाधिकारी ने प्रशिक्षण से छूटे हुए स्कूली वाहनों के ड्राइवरों का प्रशिक्षण एक सप्ताह के अंदर कराये जाने का निर्देश दिया है साथ ही साथ उन्होंने ड्राइवरों का आई टेस्ट भी अनिवार्य रूप से कराये जाने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने जाम लगने वाले स्थानों को चिन्हित करते हुए वहां टैफिक पुलिस की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने एवं सड़कों पर बेतरतीब खड़ा करने वाले वाहनों के विरूद्ध भी कार्रवाई किए जाने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने स्कूलों के सामने लगने वाले जाम से निपटने के लिए वहां के मैनेजमेंट के साथ वातार्लाप करते हुए जाम न लगने देने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने निर्धारित गति सीमा से अधिक तेज वाहन चलाने वाले वाहन चलाकों के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई किए जाने का निर्देश दिया है। स्कूलों में सड़क सुरक्षा से सम्बंधित नियमों के बारे में जनजागरूकता अभियान चलाये जाने का निर्देश जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को दिया है। उन्होंने मादक पदार्थो सेवन कर एवं सड़कों पर स्टंट करते हुए वाहन चलाने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने ट्रांसपोर्ट माफियाओं को चिन्हित करते हुए उनके विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने पब्लिक एडेज्स सिस्टम के माध्यम से नियमित रूप से सड़क सुरक्षा से सम्बंधित नियमों के बारे में जानकारी प्रसारित करने के लिए पुलिस यातायात विभाग को निर्देशित किया है। ओवर लोडिंग वाहनों के विरूद्ध भी कड़ी कार्रवाई करने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने यातायात विभाग एवं परिवहन विभाग को नियमित रूप से भ्रमण कर अवैध पार्किंग करने वालो के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है साथ ही साथ उन्होंने अवैध पार्किंग स्थलों पर नो पार्किंग का बोर्ड लगाये जाने के लिए भी निर्देशित किया है। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को एक सप्ताह के अंदर ट्रामासेंटरों पर तैनात चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ का प्रशिक्षण कराये जाने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने सड़क के किनारें लगने वाली अवैध होडिंगों को हटाये जाने का निर्देश अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत एवं नगर निगम के अधिकारियों को दिया है। उन्होंने नगर पंचायत एवं एनएच के अधिकारियों को खराब स्ट्रीट लाइटों को ठीक कराते हुए उसका प्रमाणपत्र भी प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नगर मदन कुमार, एस0पी0 टैफिक, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# एक ही रात में पांच स्थानों पर चोरी से क्षेत्र में हड़कंप

**अखंड भारत संदेश**

### सरायइनायत में नही रुक रहा चोरी का सिलसिला

**हनुमानगंज।** सरायइनायत थाना क्षेत्र में चोरों ने आतंक रुकने का नाम नही ले रहा है। इलाके में आये दिन हो रही चोरियों से ग्रामीणों की नींद उड़ी हुई है। पहले हुई चोरी का खुलाशा होने से पहले ही चोर दूसरी घटना को अंजाम दे कर पुलिस को खुली चुनौती दे रहे है और पुलिस कुछ नही कर पा रही है।

बतादे की तेंदुई गांव में सोमवार की रात चोरों ने एक साथ 5 मकानों का ताला तोड़ सामान समेट कर चम्पत हो गए। गांव के मूलचन्द्र बीएसनल से इटायर्ड इंजीनियर हैं। सोमवार को रात मूलचन्द्र खाना खा कर परिवार सहित घर के बरामदे में सो रहे थे। देर रात अज्ञात चोर छत के रास्ते घर में घुसे और कमरे में बनी सीमेंट की आलमारी में रखे दो बैग लेकर फरार हो गए। जिसमे 40 हजार नगदी हजारों के सोने के जेवरात व आवश्यक कागजात रखे थे। इसके बाद चोरों ने घर के बाहर सो रहे गांव के राजू के पैंट की जेब से एक हजार नगदी गांव के ही श्रवण पांडेय के यहां से नगदी तथा बगल के गांव भागीपुर निवासी जीतू के पम्पिंगसेट पर सो रहे लोगों के तीन मोबाइल भी समेट लिए। चोरों ने गांव के एक और घर में भी चोरी का प्रयास किये पर घर वालों के जाग जाने की वजह से सफल नहीं हो पाए। मंगलवार को सुबह गांव में पांच जगह चोरी होने की जानकारी होने पर हड़कम्प मच गया। मूलचन्द्र के घर से करीब पचास मीटर दूर कुएं के पास दोनों खाली बैग व कागजात विखरे पड़े मिले। ग्रामीणों की सूचना पर इलाकाई पुलिस मौके पर पहुंची और तफ्तीश कर लौट आई। समाचार लिखे जाने तक रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई थी।

## थाना हंडिया पुलिस टीम द्वारा शांति भंग के अंदेशा में सात अभियुक्त का किया गया चालान

**हंडिया।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रयागराज सैलेश कुमार पाण्डेय द्वारा समाज में शांति व्यवस्था कायम रखने हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक गंगापार के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी हंडिया के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार दुबे के कुशल नेतृत्व में उप निरीक्षक राधा मोहन द्विवेदी व उनकी पुलिस टीम द्वारा शांति भंग के अंदेशा में सात अभियुक्त मोहम्मद शाहिद पुत्र जौआद हुसैन , मोहम्मद जावेद पुत्र जौवाद हुसैन , जुगनू उर्फ अफजल पुत्र स्व मोहम्मद , मोविन , दिनेश मौर्या पुत्र सत्यनारायण , शांति देवी , पूनम, सुष्मा को धारा 151/ 107/116 सीआरपीसी के तहत चालान किया गया।

## थाना मुट्ठीगंज पुलिस टीम द्वारा एक नफर वारंटी किया गया गिरफ्तार

**प्रयागराज।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रयागराज शैलेश कुमार पाण्डेय द्वारा अपराध एवम अपराधियो पर अंकुश लगाने हेतु एवम समाज में शांति व्यवस्था कायम रखने हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक नगर दिनेश कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में क्षेत्राधिकारी नगर तृतीय के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी मुट्ठीगंज आशीष कुमार चौबे के कुशल नेतृत्व में उप निरीक्षक शिवराम सिंह व उनकी पुलिस टीम द्वारा शांति भंग के अंदेशा में आठ अभियुक्त रजनीश सोधिया पुत्र गिरीश प्रसाद सोधिया , गिरीश सोधिया पुत्र पूछी सोधिया , धर्मेंद्र सोधिया पुत्र राजभान सोधिया , जगदीश सोधिया पुत्र पूछी सोधिया , अजय सोधिया पुत्र जगदीश सोधिया , उर्मिला पत्नी जगदीश , गुड़िया पत्नी सुनील , पूजा पत्नी अनिल, को शांति भंग के अंदेशा में धारा 151/107/116 सीआरपीसी के तहत किया गया चालान।

## थाना मांडा पुलिस द्वारा शांति भंग के अंदेशा में एक अभियुक्त का किया गया चालान

**मांडा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रयागराज शैलेश कुमार पाण्डेय द्वारा समाज में शांति व्यवस्था बनाए रखने व अपराध एवम अपराधियो पर अंकुश लगाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक यमुनापार सौरभ दीक्षित के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक / क्षेत्राधिकारी मेजा अमिता सिंह के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक मांडा अरुण कुमार के कुशल नेतृत्व में उप निरीक्षक दुर्गेश सिंह उनकी पुलिस टीम द्वारा शांति भंग के अंदेशा में एक अभियुक्त मंजूर अहमद पुत्र नसरूल्लाह को धारा 151/107/116 सीआरपीसी के तहत किया गया चालान।

## पुलिस ऑडियो-वीडियो के माध्यम से क्यों नहीं लेती पीड़ित का बयान : हाईकोर्ट

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आपराधिक मामलों में पुलिस की जांच पर सख्त टिप्पणी की है। कोर्ट ने जांच पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब सरकार ने सीआरपीसी की धारा 161 के तहत निष्पक्ष जांच के लिए ऑडियो-वीडियो के जरिए बयान लेने की व्यवस्था बनाई है तो पुलिस अभी तक क्यों लेखबद्ध बयान तक सीमित है? क्या पुलिस अभी तक अपडेट नहीं हुई है या वह कानून में हुए संशोधन को अपनी दैनिक जांच प्रक्रिया में शामिल न कर कानून का पालन नहीं करना चाहती है, जबकि राज्य सरकार ने ऑडियो-वीडियो के जरिए बयान लेने की व्यवस्था 2009 में ही लागू कर दी है।कोर्ट ने कहा कि आपराधिक मामलों की सुनवाई के दौरान दाखिल होने वाली जांच रिपोर्टों को देखकर ऐसा लग रहा है कि पुलिस निष्पक्ष जांच प्रक्रिया को अपनाना ही नहीं चाहती। वह जांच रिपोर्टों को मैनुपलेट (अपनी इच्छानुसार तैयार) करने का इरादा रखती है, जिसकी वजह से पुराने ढर्रे पर ही अभी काम कर रही है।

# सिलेंडर में आग लगने पर डालें गीला बोरा

**अखंड भारत संदेश**



स्वच्छता पखवाड़ा में गैस सिलेंडर के प्रति जागरूक करते लोग

**मेजा रोड।** मेजा में बसा गांव स्थित रामा शिव गैस एजेंसी पर आयोजित स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम में महिलाओं को जागरूक किया गया। हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन के निर्देशन में क्षेत्र की महिलाओं को गैस से सम्बंधित तमाम जानकारी दी गईं। साथ ही स्वच्छता का भी संकल्प लिया गया।मांडा के सैबसा गांव स्थित रामा शिव एचपी गैस एजेंसी पर मंगलवार की दोपहर डायरेक्टर नीरज मिश्रा के नेतृत्व में स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें डायरेक्टर ने महिलाओं को जागरूक करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का घर घर गैस सिलेंडर पहुंचाने का सपना साकार हो रहा है। उन्होंने कहा कि ज्यादातर महिलाएं गैस सिलेंडर पर खानपान सामग्री बना रही हैं। इससे उन्हें धुएं से राहत मिली है।

**घर घर उपलब्ध होगा सिलेंडर**

डायरेक्टर ने महिलाओं को घर घर सिलेंडर उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है। इसके अलावा उन्होंने उज्ज्वला योजना के तहत घर घर निःशुल्क गैस सिलेंडर पहुंचाने का आश्वासन दिया है। वहीं उक्त एजेंसी के प्रबंधक संजीव उपाध्याय ने महिलाओं को गैस सिलेंडर से लगने वाली आग के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि आग की स्थिति में भीगे बोरे और कपड़े का उपयोग कर आग पर काबू पा सकते हैं।

**सिलेंडर का लीकेज जरूर कराएं चेक :** उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ष सिलेंडर से जुड़े पाइप का लीकेज अवश्य चेक कराएं। लीकेज की स्थिति में अविलंब पाइप को बदल दें। वहीं उक्त बैठक में महिलाओं के समक्ष गैस सिलेंडर इस्तेमाल के ट्रायल दिखाए गए। बैठक का संचालन सन्दीप मिश्रा और सहयोग में अभिषेक मिश्रा राहुल यादव रहे। इस बैठक में मालती देवी, सुनीता गौड़, रीता, रेखा, रेनू पाल, रन्नो देवी, विजय कुमार, गणेश प्रसाद, सुशील पाण्डेय, नेब्बूलाल विश्वकर्मा सहित सैकड़ों गृहड़ी महिलाएं उपस्थित रहीं।


## अदालती सूचना

**न्यायालय सिविल जज जूनियर डिवीजन न्यायिक मजिस्ट्रेट कौशांबी**

**वाद संख्या 468 सन 2020**

**मूरत लाल मिश्रा बनाम अनूप सिंह उर्फ गुड्डू**

माननीय न्यायालय में मुकदमा संख्या 468 सन 2020 विचाराधीन है प्रतिवादी गण अदालत में उपस्थित नहीं हो रहे हैं उपरोक्त मुकदमे में माननीय न्यायालय ने प्रतिवादी गण अनूप सिंह उर्फ गुड्डू पुत्र जयनारायण निवासी चांदे राई परगना अथरवन तहसील मंझनपुर जनपद कौशांबी को 22 जुलाई 2022 को समय सुबह 10:00 बजे अदालत में उपस्थित होने का निर्देश दिया है।

**अभिषेक गुप्ता**
**सिविल जज जूनियर डिविजन कौशांबी।**

# सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है अमृत सरोवर: सांसद

## जल संचय करना बहुत जरूरी

**अखंड भारत संदेश**

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर पूरा देश 75वीं वर्षगांठ मना रहा है। देश के प्रधानमंत्री ने देश के सांसदों से अपेक्षा की कि सभी सांसद आजादी के 75 वर्ष पर अपने-अपने संसदीय क्षेत्र में कम से कम 75 अमृत सरोवर का निर्माण करें।

उक्त बातें कौशाम्बी सांसद, भाजपा के राष्ट्रीय सचिव, संसदीय आचार समिति के सभापति एवं त्रिपुरा राज्य के प्रभारी विनोद सोनकर ने बाबागंज के ऐन्धा व कुन्डा ब्लाक के सरियांवा गांव में सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अमृत सरोवर के शिलान्यास करते हुए कही। वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधि विधान से पूजा करने के बाद स्वयं सांसद विनोद सोनकर ने मनरेगा के श्रमिकों के साथ श्रम दान करते हुए मिट्टी फावड़े से खोदकर बाहर स्वयं फेका। आगे सांसद ने कहा कि अमृत सरोवर के निर्माण के लिए समाज के सभी वर्ग के लोगों को आगे आकर श्रम दान करना चाहिए। जब हम लोग इस दुनिया में नहीं होंगे तो हमारी आने वाली पीढ़ियां इस बात की चर्चा करेगी कि हमारे पूर्वजों ने अमृत सरोवर के निर्माण कार्य मे सहयोग किया। कल्पना करें जब देश के सभी राज्यों में अमृत सरोवर बन कर तैयार होगा तो जहां एक ओर हम जल का संचय करेंगे वही जल संकट से हमे मुक्ति मिलेगी। साथ ही आने वाली पीढ़ी जल की समस्या से मुक्त हो जायेगी। जब देश आजादी की लड़ाई लड़ना था तो उस समय हम होते तो हम भी अपना योगदान देते लेकिन हमारे पूर्वजों ने बड़े लंबे संघर्ष के बाद देश को आजाद कराया है। कार्यक्रम में भाजपा नेता प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शिव प्रकाश मिश्र सेनानी, अभय प्रताप सिंह पप्पन, जिला उपाध्यक्ष राजन मिश्रा, सांसद मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र पाण्डेय, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष मोहम्मद सोहराब, पिछला मोर्चा के जिला अध्यक्ष उमाशंकर पटेल, मंडल अध्यक्ष राजेश साहू,राकेश मोदनवाल, सरोज त्रिपाठी, एसपी सोनकर, महेश सिंह फौजी, मुनेश मिश्रा, उमा लाल तिवारी, योगेश उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।


अमृत सरोवर शिलान्यास कार्यक्रम में मौजूद सांसद विनोद सोनकर।

# ब्लाक मुख्यालय कालाकांकर में पसरा सन्नाटा

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** ब्लाक मुख्यालय में इन दिनों खण्ड विकास अधिकारी से लेकर ग्राम विकास अधिकारियों का स्थानांतरण हो जाने से ब्लाक परिसर में ग्राम प्रधानों की चहल कदमी गायब है।

मंगलवार की सुबह स्थान्तरण हुए ग्राम विकास अधिकारियों के कार्यालय में ताला बंद रहा और ग्राम प्रधानों की चहल पहल गायब रही। मालूम हो कि विकास कार्यो में कमीशन बाजी को लेकर ग्राम प्रधानों बीडीओ कालाकांकर के खिलाफ मोर्चा खोल दिया जिसकी ऊपर तक शिकायत पहुँच गई जिसमे एक तरफ से 3 वर्ष से जमे पड़े एक ही ब्लाक में ग्राम विकास अधिकारियों से लेकर बीडीओ व अन्य कर्मचारियों का आस पास के ब्लाकों में आनन फानन में स्थान्तरण कर दिया गया। अचानक हुए स्थानातरण से ब्लाक के कर्मचारियो में हड़कम्प मच गया कोई खुशी तो कोई गम में डूब गया अभी तक रिक्त पड़ी कुर्सियो पर कुछ ही ग्राम विकास अधिकारी ने कार्यभार ग्रहण किया है बाकी अभी तक नही कार्यभार ग्रहण किया है अचानक स्थानातरण हुए ग्राम विकास अधिकारियों के चले जाने से गांव का विकास कार्य ठप पड़ गया है जब तक दूसरा अधिकारी कार्यभार ग्रहण नही करेगा उसका हस्ताक्षर फीड नही होगा तब तक विकास कार्य शुरू नही हो पायेगा।

## सौरभ मौर्य का नवोदय में हुआ चयन

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकांकर के प्राथमिक विद्यालय सोनामऊ के कक्षा 5 का छात्र सौरभ मौर्य पुत्र दिनेश मौर्य का चयन नवोदय विद्यालय में होने सें शिक्षको व परिवार के सदस्यों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। प्राइमरी स्कूल के शिक्षक डॉ संजय शुक्ला ने बताया कि सबसे बड़ी इस बात की खुशी हो रही है कि कालाकांकर ब्लाक का सिर्फ यही एक लड़के का नवोदय विद्यालय में चयन हुआ है, जिसने पूरे कालाकांकर ब्लाक का नाम रोशन किया।

# युवक की मौत पर पत्नी ने थाने में दी नामजद तहरीर

## तीन दिन पहले संदिग्ध परिस्थिति में हुई थी मौत

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** शराब का अधिक सेवन करने वाले एक युवक का संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सुबह जब उसकी मां उसे जगाने के लिए चारपाई पर गई तो वह मरा हुआ मिला। इसके बाद उसकी मां चीखने चिल्लाने लगी, तब तक ग्रामीण इकट्ठा हो गए और पुलिस को सूचना दिया।

पुलिस मौके पर पहुंची और युवक का शव कब्जे में लेकर पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पट्टी तहसील क्षेत्र के आसपुर देवसरा थाना अंतर्गत धौराहरा गांव का रहने वाला श्याम शंकर उर्फ बबलू पांडेय (44) पुत्र राम प्रसाद पांडे नशे का आदी था। शादी के बाद से ही उसकी पत्नी उसकी शराब पीने की आदत से परेशान होकर उसे मुंबई लेकर चली गई। जहां पर नशा मुक्ति केंद्र पर उसका इलाज चलने लगा, लेकिन चोरी छुपे बबलू नशा करता था। एक महीने पहले अपनी पत्नी और बच्चों को छोड़कर वह घर चला आया। घर पर उसकी मां अकेले रहती थी। रोज की तरह शनिवार की रात को खाना खाने के बाद बबलू अपने कमरे में सोने के लिए चला गया। रविवार की सुबह 9 बजे तक जब वह कमरे से बाहर नहीं निकला तो उसकी मां उसे जगाने के लिए उसके कमरे में गई। उसने चादर हटाई तो देखा की बबलू की सांसे चल नहीं रही थी। इस पर वह चीखने चिल्लाने लगी। अब तक ग्रामीण इकट्ठा हो गए और पुलिस को सूचना दिए। मौत के दो दिन बाद मृतक की पत्नी सरोज पांडे सोमवार की देर शाम अपने घर धौराहरा पहुंची और मंगलवार की दोपहर आसपुर देवसरा थाने में पहुंचकर अपने पड़ोसी के खिलाफ साथियों के साथ मिलकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए थाने में शिकायती पत्र दिया है। पुलिस शिकायती पत्र लेने के बाद मामले की जांच में जुटी हुई है।


युवक की मौत पर तहरीर देने पहुंची पत्नी सरोज पाण्डेय।

## छात्रों ने पौधरोपण कर हरियाली का संकल्प लिया

**प्रतापगढ़।** बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी के फ्री स्टडी सेंटर भंगवा में छात्रों ने पौधरोपण कर हरियाली बचाने का संकल्प लिया। साथ में अभिभावकों और ग्रामीणों ने उन्हें पर्यावरण का महत्व समझाया। स्टडी सेंटर पर पेड़ों की सुरक्षा पर आयोजित संगोष्ठी में बोलते हुए अभिभावक चन्दन और मोहन ने छात्रों को पेड़ लगाकर पर्यावरण को बचाने का संकल्प दिलाया। टीचर शनि सरोज ने पेड़ों का आधुनिक जीवन में क्या महत्व है। इस पर प्रकाश डाला। इस मौके पर शुभम, नीतेश, हिमांशु, लौकुष और निखिल ने फल,छाया और औषधि प्रदान करने वाले बीस पौधे लगाए गए। संचालन छात्र राहुल ने किया।

# लखनऊ के ओला कैब ड्राइवर की हत्या कर लूट ले गए थे कार

## लुटेरों की तलाश में जुटी पुलिस

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** कोतवाली कुंडा के मनगढ़ चैकी के निकट यमुना महाविद्यालय के पास सोमवार की सुबह रक्त रंजिश शव मिलने पर हड़कम्प मच गया था मौके पर पहुची कोतवाली पुलिस ने मोबाइल आधारकार्ड से अधेड़ की पहचान प्रेमचंद यादव गोमती नगर लखनऊ के रूप में किया। सूचना मिलने पर परिजन लोगों की मौजूदगी में शव की लिखा पढ़ी कर शव को पीएम के लिए भेजा गया।

बताया जाता है कि मृतक प्रेमचन्द यादव ओला कैब ड्राइवर लखनऊ के विनीत खंड-2 गोमती नगर का रहने वाला है जो अपनी बैगन आर कार को ओला कैब में लगा रखी थी रविवार की रात लगभग 8 बजे अपनी कार लेकर लखनऊ से निकला था इस दौरान प्रेमचन्द की मोबाइल से उसके पिता विश्वनाथ यादव से बात भी हुई थी इसके बाद परिजनों के लोगो से संपर्क नही हो सका सोमवार की सुबह प्रेमचन्द का रक्त रंजिश शव मनगढ़ चैकी के निकट मिला मौके पर पहुचे परिजनों ने बताया कि प्रेमचन्द अपने पास दो मोबाइल रखता था जिसको एंड्रायड फोन व कार लूट ले गये। अपर पुलिस अधीक्षक के मुताबिक घटना स्थल के पास स्थित पेट्रोल पम्प पर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज की जांच पड़ताल में रात लगभग 3 बजे प्रेमचन्द की कार की लोकेशन मनगढ़ मोड़ से गांव की ओर जाती दिखाई दी और लगभग साढ़े तीन बजे बाहर आती दिखाई दी जिससे अंदाजा लग रहा है। हत्यारों ने प्रेमचन्द की हत्या कर उसकी कार को लूट ले गए। अपर पुलिस अधीक्षक रोहित मिश्रा घटना क्रम पर पूरी नजर रखे हुए है और जल्द ही लुटेरों को पकडने के लिए प्रयास में लगे हुए हैं।


कैब ड्राइवर की मौत पर रोते-बिखलते परिजन।

# कम्पनी की चार पहिया गाड़ी लेने वाले भी हो रहे परेशान

## गारंटी पीरियड में भी सर्विस स्टेशनों पर नहीं मिलती राहत

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** बडे.नाम वाली कम्पनी से भी कार खरीदने वाले लोग गारंटी पीरियड में भी कार में आई गड़बड़ी को ठीक कराने के लिये सर्विस स्टेशन सहित अन्य स्टेशनों पर दर-दर भटकना पड़ता है। कभी-कभी तो कार मालिकों को इतना परेशान किया जाता है कि उनका दो साल का गारंटी पीरियड भी खत्म हो जाता है और उन्हें राहत नहीं मिलती।

ऐसा ही एक मामला सदर बाजार निवासी सिद्धार्थ सिंह के साथ हुआ। उन्होंने टाटा टियागो कार प्रतापगढ़ के जोगापुर स्थित एक कार एजेंसी से खरीदी थी लेकिन उनकी कार का एवरेज बहुत कम होने के कारण वह कई बार एजेंसी पर गये। वहां से उन्हें प्रयागराज भेजा गया और फिर फैजाबाद तक का चक्कर लगाना पड़ा लेकिन कहीं पर कोई राहत नहीं मिली। सिद्धार्थ सिंह बताते हैं कि वह लगभग एक दर्जन बार सर्विस स्टेशन और उनके कहने पर प्रयागराज और गोण्डा के शोरुम व फैजाबाद तक की दौड़ लगाई लेकिन कहीं से कोई राहत नहीं मिली। अब वह उपभोक्ता फोरम में जाने की तैयारी कर रहे हैं।

# पालकी में साई बाबा के दर्शन पाकर भक्त निहाल, गूंजे जयकारे

## महिलाओं की भी रही सहभागिता, झांकियों ने कौमी एकता का दिया संदेश

### शोभायात्रा के साथ तीन दिवसीय श्री साई नाथ महोत्सव का शुभारंभ

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** फूलों से सजी पालकी में शिर्डी के साई बाबा नगर भ्रमण को निकले तो उनके दर्शन को भक्तों के हृदय में हिलोर सी उठने लगी। उनकी एक झलक पाने पर शीश झुकाकर प्रणम करते हुए लोगों ने जयकारे लगाए। आस्था व भक्ति की धारा के बीच पालकी शोभायात्रा से गुरु पूणिमा पर होने वाले तीन दिवसीय श्री साईनाथ महोत्सव का मंगलवार को शुभारंभ हो गया।

बलीपुर साई मंदिर से शाम करीब चार बजे निकली इस शोभायात्रा में प्रशासन की अनुमति के अनुपालन में डीजे बैंड, पारंपरिक बैंड, ढोल-ताशा बजने लगे। झांकियों पर कलाकार बाबा की लीलाओं का जीवंत प्रदर्शन करने लगे तो लोग अपलक निहारते रहे। गर्मी, उमस व भूख-प्यास को भूलकर श्रद्धालु बढ़ते जा रहे थे। उनकी आस्था को देख लोगों को शिर्डी में होने जैसी अनुभूति हुई। बीच में साई का रथ चल रहा था। पालकी को भक्त कांधे-कांधे ढोकर अपने भाग्योदय कर प्रार्थना कर रहे थे। मार्ग में कई जगह लोगों ने भक्तों की सेवा की। शर्बत, हलुआ, चना का प्रसाद बंटवाया। बहुत से लोग इस महान पल व दृश्य के साथ सेल्फी लेने को आतुर दिखे। अंबेडकर चैराहा से कचहरी रोड होते हुए चैक, बाबागंज भंगवा चुंगी होते हुए पालकी यात्रा मंदिर पर पहुंची तो लोगों के चेहरे पर थकान नहीं, आस्था की चमक थी। इस अवसर पर संयोजक साई नारायण संस्थान अध्यक्ष शैलेंद्र नाथ ने कहा कि साई बाबा ने देश-दुनिया को एकता, शांति, सेवा, क्षमा व भक्ति का संदेश दिया है। वह भक्तों की सदा मदद करते हैं। उनके जीवन को खुशहाल करते हैं। कार्यक्रम में पूर्व विधायक हरिप्रताप सिंह, रोशन लाल ऊमरवैश्य, हरि प्रसाद खंडेलवाल, संजय खंडेलवाल, दिनेश सिंह दिन्नू, शिक्षक विनोद सिंह, अमित सिंह मनु, संतोष तिवारी, डीके पांडेय, सीएम त्रिपाठी, देवब्रत मिश्रा उत्कर्ष मिश्रा, शिवेंद्र नाथ, अवधेश ओझा शिवम खंडेलवाल, शनि व्रत मिश्रा, देवेश सिंह समेत कार्यकर्ता मौजूद रहे। सबके प्रति आभार संरक्षक शांति मिश्रा ने व्यक्त किया। पुलिस, प्रशासन के सहयोग से शोभायात्रा सुंदर ढंग से संपन्न हुई। अब बुधवार को गुरुपूर्णिमा पर दोपहर में मंदिर में पूजन होगा। बाबा की विविध आरती होगी। शाम को साई जगराता होगा।


बलीपुर से निकली सांई शोभा यात्रा में शामिल श्रद्धालु।

# बाइक सवार अधेड़ को कार सवार ने मारी टक्कर, जख्मी

## जिला मेडिकल कॉलेज रेफर

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** बाइक से सामान खरीदने के लिए पट्टी बाजार आए अधेड़ को एक कार सवार ने जोरदार टक्कर मार दिया जिससे वह सड़क के किनारे गिर गया और उसे गंभीर चोट आई। एक्सीडेंट के समय मौजूद लोगों ने एंबुलेंस की सहायता से युवक को पट्टी नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले आए, जहां पर डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज करने के बाद उसकी हालत गंभीर देखते हुए उसे जिले मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया।

पट्टी तहसील क्षेत्र के कंधई थाना अंतर्गत वारी खुर्द गांव का रहने वाला श्याम बिहारी पुत्र राम शिरोमणि मंगलवार की दोपहर पट्टी बाजार बाइक से आया हुआ था। वह कुछ सामान लेकर अपने घर की तरफ जा रहा था तभी पट्टी ढकवा मोड़ तिराहे के पास एक कार सवार ने अनियंत्रित होकर उसे टक्कर मार दिया टक्कर लगने के कारण श्याम बिहारी सड़क के किनारे गड्ढे में जा गिरा और उसे गंभीर चोट आई। टक्कर की आवाज सुनकर बाजार वासी तथा आसपास के लोग इकट्ठे हो गए और अधेड़ को पट्टी नगर स्थित सेठ पन्नालाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एंबुलेंस की सहायता से ले गए जहां पर डॉक्टरों ने उसका प्राथमिक इलाज किया लेकिन उसे काफी चोटें आई हुई थी जिसको देखते हुए डॉक्टरों ने उसे जिला मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया।

# चोरी की मोटर साइकिल के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** थाना अंतू के उ0नि0 अंकित सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान थाना क्षेत्र के खैरागौरबारी देसी शराब के ठेके के पास से एक व्यक्ति सावन मौर्या पुत्र संतराम मौर्या निवासी घूरवारा, गड़ेरियन का पुरवा थाना डलमऊ, जनपद रायबरेली को बिना नम्बर प्लेट की चोरी की एक अदद पल्सर मोटर साइकिल, के साथ गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में थाना अंतू पर मु0अ0सं0 384/2022 धारा 411 भादवि का अभियोग पंजीकृत किया गया।

मोटर साइकिल के संबंध में पूछताछ में अभियुक्त द्वारा बताया गया कि ये मोटर साइकिल मैंने अपने गांव के ही एक व्यक्ति के घर के सामने से चोरी की थी जिसे आज अपने रिश्तेदार के यहां ले जा रहा था। इस संबंध में थाना डलमऊ जनपद रायबरेली में मु0अ0सं0 280/2022 धारा 379 भादंवि का अभियोग पंजीकृत है। उधर थाना कोहड़ौर के उ0नि0 संदीप सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त/चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना स्थानीय के मु0अ0सं0 155/2022 धारा 307, 308, 323, 325, 376डी, 452 भादवि से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त अब्दुल सलाम उर्फ उर्फ मो0 सलाम पुत्र मो0 सलमान निवासी ग्राम खजुरी थाना कोतवाली देहात, जनपद सुल्तानपुर को थाना क्षेत्र कोहड़ौर के मदाफरपुर मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया। उधर थाना कंधई के उ0नि0 रमेश सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त/चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना स्थानीय के मु0अ0सं0 292/2022 धारा 363, 366, 506, 376, भादवि, धारा 3/4 पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त मो0 सहबाज खान पुत्र आबुल हसन निवासी गहरीचक थाना कंधई, जनपद प्रतापगढ़ को थाना क्षेत्र कंधई के करमाही मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियोग से संबंधित अपहृता को भी बरामद किया गया।

## दुष्कर्म के अभियोग में दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

# सांसद इमरान प्रतापगढ़ी का कांग्रेसियों ने किया स्वागत

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नवनिर्वाचित महाराष्ट्र के राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी के प्रथम जनपद आगमन पर उनके स्वागत में पूर्व जिला अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी बृजेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में स्वागत किया गया। मुख्य रूप से उक्त अवसर पर बृजेंद्र मिश्रा ने कहा जो जनपद के विकास में अधूरे कार्य पड़े हुए हैं, उसे इमरान भाई पूरा करेंगे। उनके साथ जूनियर बार के पूर्व अध्यक्ष पंडित रोहित शुक्ला ने कहा कि आज जो जनपद प्रतापगढ़ का चारों तरफ विकास रूका हुआ है, तीव्र गति के साथ चलेगा। इमरान प्रतापगढ़ी के चुने जाने से प्रतापगढ़ जनपद का मान बढ़ा। उक्त अवसर पर निःशुल्क विधिक सेवा के अध्यक्ष संतोष त्रिपाठी, प्रमोद मिश्रा, श्याम शंकर त्रिपाठी क्रांतिकारी, संतोष शर्मा, मनोज पांडे, वरिष्ठ अधिवक्ता रमेश शर्मा एवं सैकड़ों लोगों ने भारी उत्साह के साथ स्वागत किया।


सांसद इमरान प्रतापगढ़ी का स्वागत करते कांग्रेसी।

## दिव्यांगजन यूडीआईडी कार्ड प्रमाण पत्र जारी वर्ष के आधार पर तिथिवार निर्गत कराएं

**प्रतापगढ़।** मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 गिरेन्द्र मोहन शुक्ल ने जनपद के समस्त दिव्यांगजनों को सूचित किया है कि यू0डी0आई0डी0 पोर्टल पर जिनका आवेदन करने के पश्चात से अब तक यूडीआईडी प्रमाण पत्र निर्गत किया जाना अवशेष है वे दिव्यांगजन क्रमशः प्रमाण पत्र निर्गत किये जाने के वर्ष सन् 1980 से 1955 तक 13 जुलाई को (बुधवार), सन् 1996 से 2005 तक, 14 जुलाई (वृहस्पतिवार) को, सन् 2006 से 2015 तक 15 जुलाई (शुक्रवार) को एवं सन् 2016 से 2022 तक 16 जुलाई (शनिवार) को मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में उपस्थित हों, जिससे उनकी दिव्यांगता का आंकलन करते हुये गुण-दोष के आधार पर यूडीआईडी कार्ड निर्गत/निरस्त किया जा सके। उन्होंने कहा है कि यह अन्तिम अवसर है जिसके पश्चात निरस्त प्रमाण पत्रों पर फिर से विचार नही किया जायेगा।

# अव्यवस्थाओं के बीच चल रहा है ट्रामा सेंटर

## विद्युत आपूर्ति ठप होते ही छा जाता है अंधेरा, मोबाइल की रोशनी के सहारे तीमारदार

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय ट्रामा सेंटर अव्यवस्थाओं के बीच संचालित हो रहा है। विद्युत आपूर्ति ठप होते ही अंधेरा छा जाता है। दूर-दराज से मरीजों के साथ आए तीमारदार को मोबाइल की रोशनी का सहारा लेना पड़ता है।वहीं जिमेदार जनरेटर चलाना मुनासिब नहीं समझते हैं।

क्षेत्र को बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए शासन ने ट्रामा सेंटर की व्यवस्था की। यहां तैनात जिम्मेदार लोग सरकार की मंशा पर पानी फेर रहे है। दूर-दराज से आए मरीजों के साथ ही तीमारदार को भी परेशानी झेलनी पड़ती है। सूत्रों कि माने तो यहां स्वास्थ्य की बात तो दूर की है सही से विजली का प्रकाश भी नहीं मिल पाता है।

ऐसी दशा में प्रकाश की व्यवस्था के लिए मोबाइल या मोमबत्ती का सहारा लेना पड़ता है। लोगों की माने तो विघुत आपूर्ति न रहने पर एक्सरे मशीन का भी संचालन नहीं किया जाता है। मरीज कितना भी परेशान हो लेकिन जनरेटर को नहीं चलाया जाता है। परेशान लोग उच्चाधिकारियों से शिकायत करते हैं फिर भी कोई सुधार नहीं हो रहा है। इस संबध में सीएचसी अधीक्षक ने बताया कि जब इन्वर्टर डाउन हो जाता है तब जनरेटर चलाया जाता है।

### एसडीएम के बार-बार निरीक्षण पर भी नही हुआ सुधार

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय सीएचसी व ट्रामा सेंटर में आए मरीजो को बेहतर इलाज के लिए तत्कालीन एसडीएम अरूण सिहं काफी संजीदा दिख रहे थे। वह कई बार निरीक्षण भी किया और लापरवाही के प्रति असंतुष्ट एसडीएम ने कार्रवाही के लिए भी लिखा लेकिन फिर भी कोई परिवर्तन देखने को नहीं मिल रहा है।

## वृद्धावस्था पेंशनर पेंशन योजना का लाभ लेने हेतु आधार प्रमाणीकरण कराएं : डीएम

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने बताया है कि राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना शासन की शीर्ष प्राथमिकता वाली योजनाओं में शामिल है। योजनान्तर्गत पेंशन प्राप्त कर रहे पेंशनरों द्वारा वेबसाइट पर लॉगिन करते हुये जन सुविधा केन्द्रों, साइबर कैफे, निजी इण्टरनेट केन्द्र अथवा विभागीय वेबसाइट पर स्वयं कम्प्यूटर या मोबाइल के माध्यम से आधार प्रमाणीकरण किया जा सकता हैं। राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशनरों को आधार सीडिंग/आधार ऑथोन्टीकेशन अनिवार्य कर दिया गया है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में आधार बेस भुगतान किया जाना है। वृद्धावस्था पेंशन प्राप्त कर रहे लाभार्थी स्वयं अपना आधार प्रमाणीकरण यथाशीघ्र करायें, किसी भी प्रकार की समस्या आने पर तत्काल कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी प्रतापगढ़ विकास भवन में सम्पर्क करें, आधार प्रमाणीकरण नहीं होने की स्थिति में योजना का लाभ दिया जाना सम्भव नही होगा। उन्होने बताया है कि जनपद में कुल वृद्धावस्था पेंशन प्राप्त कर रहे 123015 में कुल 58582 पेंशनरों द्वारा अब तक आधार प्रमाणीकरण कराया गया है तथा 64433 पेंशनरों द्वारा आधार प्रमाणीकरण नही कराया गया है, जो अभी छूटे हुये हैं।

**खबर संक्षेप**

### छेड़खानी का विरोध करने पर मां बेटी को पीटा

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के सिरियावा कला गांव में सोमवार की शाम लगभग 7:30 बजे एक नाबालिग बालिका घर पर अकेले मौजूद थी उसकी मां अप्पे वाहन चलाकर परिवार का जीविकोपार्जन करती है अकेले बालिका को देखकर पड़ोसी युवक मंसूर घर में घुस आया और बालिका से छेड़खानी करने लगा बालिका ने हो-हल्ला मचाया तब युवक घर से भाग गया तब बालिका की इज्जत बच सकी शाम को जब उसकी मां घर वापस लौटी तो बालिका ने पूरी बात बताई बालिका की मां जब अपने वाहन लेकर शाम को वापस लौटी तो उसे देख कर छेड़खानी करने वाला युवक मंसूर अपने चार अन्य साथियों बबलू पुत्र नन्हे खुशनुमा पत्नी बबलू साहबजादे पुत्र हियात फिरोज बेगम पुत्र साहबजादे के साथ बालिका के घर पहुंच गया और मां बेटी को गाली गलौज करते हुए लात घूसों से बेरहमी से पीटा है जिससे मां बेटी दोनों को चोटें आई हैं मामले की शिकायत पीड़ित महिला ने चरवा थाना पुलिस ने किया है।

# सैनी कोतवाली पुलिस के खिलाफ एसपी कार्यालय में जमकर गरजे ग्रामीण

**पांच लोगों के गंभीर घायल होने पर एनसीआर करने पर कोतवाल के खिलाफ आक्रोशित लोगों ने किया एसपी कार्यालय में प्रदर्शन**

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** प्राण घातक हमले के मामले में आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने के बजाय पुलिस ने एनसीआर दर्ज कर लिया जिससे पीड़ित परिवार और ग्रामीण आक्रोशित हो गए इस हमले में 5 लोगों को चोटें आई हैं जनपद मुख्यालय मंझनपुर स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे ग्रामीण महिला पुरुष ने सैनी कोतवाल पर गंभीर आरोप लगाते हुए जमकर प्रदर्शन किया और पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराए जाने और उनकी गिरफ्तारी कराए जाने की मांग की है। जानकारी के मुताबिक सैनी कोतवाली क्षेत्र के गनपा गांव के मजरा चकिया में 9 जुलाई को रमेश मौर्य पर आधा दर्जन से अधिक दबंगों ने लाठी-डंडे कुल्हाड़ी से बेरहमी से प्राणघातक हमला कर दिया था बीच-बचाव करने पहुंचे रामअवतार शशि कौशल कमला देवी को भी दौड़ा-दौड़ा कर पीटा गया था आरोप है कि कुल्हाड़ी के हमले से रमेश और रामअवतार को गंभीर चोटें आई हैं घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया लेकिन राम अवतार की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने घायल को इलाहाबाद रेफर कर दिया गंभीर मामले में सैनी कोतवाली पुलिस ने हमलावरों का बचाव करते हुए मामले में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी करने के बजाय एनसीआर दर्ज कर लिया है जिससे आरोपियों की गिरफ्तारी भी नहीं हो सकी सैनी पुलिस के पक्षपातपूर्ण कार्यवाही से नाराज गांव के तमाम महिला पुरुष मंगलवार की दोपहर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और जमकर प्रदर्शन किया पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर मुकदमा दर्ज किए जाने आरोपियों की गिरफ्तारी कराए जाने की मांग की है प्रदर्शन करने वालों में कमला देवी राम सिंह शत्रुघन कुमार रामस्वरूप विजय कुमार कन्हैया लाल मेवालाल शिव सिंह राजेंद्र कुमार शैलेंद्र कुमार शिव कुमार कमलेश मौर्य पंचम लाल रिंकू कुमार जितेंद्र कुमार सोनेलाल शिव प्रकाश सत्य प्रकाश दिलीप कुमार सहित तमाम लोग मौजूद रहे अब सवाल उठता है कि गंभीर अपराध में भी एनसीआर दर्ज करने वाले सैनी कोतवाल के कारनामे को आला अधिकारी कब संज्ञान लेंगे या फिर गंभीर अपराध में भी थाने से पीड़ितों को न्याय नहीं मिलेगा और आए दिन अधिकारियों की चौखट पर पीड़ितों को फरियाद करनी पड़ेगी।



शिकायत लेकर पहुंचे ग्रामीण

## न्यूज झरोखा

### तेज रफ्तार बाइक सवार ने साइकिल सवार को मारी टक्कर हालत नाजुक



**चायल कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के चायल गुनवा के बाग के पास में सोमवार की रात 9 बजे एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने साइकिल सवार को जोरदार टक्कर मार दिया है जिससे साइकिल सवार सड़क पर गिरकर तड़पने लगा है हादसे में साइकिल सवार की हालत गंभीर है। घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटनाक्रम के मुताबिक पुरामुफ्ती थाना क्षेत्र के हिमांशु पुत्र शिवदास निवासी बिहिका पुरामुफ्ती साइकिल से वापस घर लौट रहा था लेकिन रास्ते में बाइक सवार ने है हिमांशु को जोरदार टक्कर मार दी है जिससे हिमांशु लहूलुहान हो गया है मामले की सूचना मिलते ही चायल चौकी इंचार्ज अपने हमराहियों के साथ मौके पर पहुंच कर घायल को इलाज के लिए चायल पीएचसी ले गए जहां डॉक्टरों ने हालत नाजुक होने पर मंझनपुर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है बाइक चालक टक्कर मार कर भाग गया। जिसकी तलाश पुलिस कर रही है।

### सीओ इंस्पेक्टर ने किया पैदल गश्त



**कौशाम्बी।** सीओ ने इंस्पेक्टर और पुलिस टीम के साथ पैदल गस्त किया और इस दौरान वाहनों की सघन चेकिंग किया गया गलत पाए जाने पर तमाम लोगों का चालान भी किया गया सोमवार की शाम क्षेत्राधिकारी मंझनपुर प्रभारी निरीक्षक मंझनपुर अतिरिक्त निरीक्षक मंझनपुर एसएसआई मंझनपुर एवं चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक गण तथा थाना मंझनपुर के पुलिस बल द्वारा कस्बा समदा में फुट पेट्रोलिंग की गई पैदल गश्त के दौरान पुलिस टीम ने सघन चेकिंग अभियान चलाया और तमाम वाहनों को रोककर जांच पड़ताल की बिना नंबर प्लेट बिना हेलमेट तीन सवारी दोपहिया वाहनों की चेकिंग एवं चालान पुलिस टीम द्वारा किया गया एवं सड़क किनारे अतिक्रमण करने वालों को हिदायत एवं 34 लोगो का पुलिस एक्ट में पुलिस टीम द्वारा चालान किया गया।

### यूपी एमएस आरए की बैठक हुई सम्पन्न




**कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश मेडिकल्स सेल्स रेप्रेजेन्सेटिव एसोसियन के तत्वावधान में यूपी एमएस आरए कौशाम्बी की बैठक सम्पन्न हुई बैठक में उत्तर प्रदेश मेडिकल सेल्स रेप्रेजेन्टेटिव के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आशुतोष त्रिपाठी व उपाध्यक्ष समीर भट्टाचार्य उपस्थित रहे जिसमे मेडिकल सेल्स रिप्रेजेन्टेटिव से सम्बन्धित बातों को रखा गया व साल भर होने वाले प्रोग्रामों के विषय मे बताया गया कौशाम्बी यूनिट के चुनाव में अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी रज्जन अग्निहोत्री सचिव मयंक अग्रहरी कोषाध्यक्ष विवेक सिंह को चुना गया मीटिंग मे विवेक सिंह राकेश तिवारी राहुल गुप्ता संदीप त्रिपाठी आदि तमाम लोग उपस्थित रहे।

# जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के सम्बन्ध में एडीएम ने की बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** अपर जिलाधिकारी जयचन्द्र पाण्डेय द्वारा सम्राट उदयन सभागार में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के सम्बन्ध में बैठक की बैठक में क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह ने बताया कि जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद का उद्देश्य जनपद के विभिन्न आकर्षणो यथा-पौराणिक, पुरातात्विक, ऐतिहासिक तथा सांस्कृतिक धरोहरों का संरक्षण तथा संवर्धन करना। विभिन्न पर्यटन एवं सांस्कृतिक स्थलों को प्रमुख स्थलों से जुडें व्यक्तियों, कलाकारों एवं स्थानीय समुदाय के आर्थिक विकास प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रोजगार के साधनों का सृजन करना। सांस्कृतिक धरोहरों एवं परम्पराओं को अक्षुण्ण बनाए रखना। जनपद के विभिन्न विशेषज्ञों को पर्यटन विकास कार्यक्रमों सांस्कृतिक गतिविधियों से जोडना जागरूक करना एवं प्रचार व प्रोत्साहन करना तथा पर्यटन एवं सांस्कृतिक विकास में होने वाले गतिरोध समस्या का चिन्हीकरण करते हुए उनका समाधान कराना। जनपद में पर्यटन एवं सांस्कृतिक विकास हेतु वातावरण तैयार करना तथा पर्यटन एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में दिशा-निर्देश प्रदान करना। शासन से समय-समय पर प्राप्त दिशा-निर्देशों, शासनादेशों का क्रियान्वयन एवं अनुपालन कराना। पर्यटन संम्भावनाओं से परिपूर्ण स्थलों के पर्यटन विकास तथा मूर्त एवं अमूर्त कलाओं के विकास हेतु कार्य योजना तैयार करना। पर्यटन सांस्कृतिक विकास हेतु प्रचलित नीतियों को लागू करना तथा इसकों बेहतर बनाये जाने हेतु परिपक्व सुझाव प्राप्त कर अमल में लाना। अन्य प्रदेशों व जिलों में पर्यटन एवं सांस्कृतिक विकास से जुडें कार्यो एवं आयोजनों पर चर्चा करना एवं तदनुसार जनपद स्तर पर क्रियान्वयन हेतु प्रयास करना आदि कार्य किया जाना है। एडीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को आपसी समन्वय बनाकर आवश्यक कार्यवाही करने के दिर्देश दिये।

## इलाहाबाद बैंक शाखा से जमा अपनी रकम निकालने में ग्राहकों को होती है दिक्कत

**बैंक प्रबंधक के कारनामे से त्रस्त खाताधारकों ने प्रबंधक को हटाने की शुरू की मांग**

**भरवारी कौशाम्बी।** नगर पालिका परिसद के नया बाजार स्थित इलाहाबाद बैंक की शाखा के शाखा प्रबंधक की तानाशाह रवैय्ये के चलते ग्राहकों में असन्तोष ब्याप्त है वही लोगो का कहना है कि जब भी कस्टमर अपना रुपया बैंक से निकालने जाता है तो पहले उसे इस काउंटर से उस काउंटर तक दौड़ा दिया जाता है जिसके बाद थक हार कर जब ग्राहक मैनेजर के पास जाता है तो वहाँ यह कहकर लौटा दिया जाता है कि आपको पूरी रकम नही मिलेगी अब यहा यह बताना आवशयस्क है कि जब ग्राहक अपना पैसा निकालने के लिए अपना चेक देने के बाद भी उसको अपना रुपया नही दिया जाता है तो ऐसे में चेक क्यो दिया जाता है ' ऐसा ही एक मामला गौरा रोड निवासी राहुल केशरवनी की पत्नी का है। हुआ यह कि राहुल केशरवानी और उसकी पत्नी का इलाहाबाद बैंक शाखा भरवारी में खाता है जो कि अपनी पत्नी के संग इलाहाबाद बैंक चेक द्वारा एक लाख रुपये निकालने गये उस पर पहले तो इधर उधर दौड़ाया फिर मैनेजर द्वारा यह कहकर वापस कर दिया कि आप सिर्फ पचीस हजार रुपये ही निकाल सकेंगे अब सवाल उठता है कि अपना चेक अपना रुपये आप नही निकाल सकते तो चेक क्यो एलाट किया जाता है जिसके चलते ग्राहकों में प्रबंधक के प्रति जबरदस्त आक्रोश ब्याप्त है लोगो ने तत्काल शाखा प्रबंधक को यहा से हटाने की मांग करते हुए दंडात्मक कार्यवाही करने की मांग की वही काफी ग्राहकों ने अपना खाता बन्द कराने का निर्णय लिया।

# पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा दो दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित

**भरवारी कौशाम्बी।** पं.गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कृष्ण नगर सतना में दो दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है।इस शिविर की तैयारी की बैठक भरवारी कस्बे में विवेक श्रीवास्तव के आवास पर सम्पन्न हुई।जिसमें न्यास के पदाधिकारियों व कार्यकताओं के मध्य कार्यभार सौंपे गए। न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने कहा कि यह न्यास का अठारहवाँ स्वास्थ्य शिविर आगामी 06 एवं 07 अगस्त को प्रातः 9 से 4 बजे तक सतना में मेदांता हॉस्पिटल गुरुग्राम के प्रसिद्ध चिकित्सकों की टीम द्वारा किया जाएगा ज़िले के मरीजों की मुफ्त चिकित्सकीय जांच करेगी व उनको उपचार देगी। दो दिवसीय शिविर में कार्डियो लॉजी, न्यूरोलॉजी, ऑर्थोपेडिक्स, ऑकोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, गेस्ट्रोलॉजी एवं रेस्परोट्री के मशहूर विश्व प्रसिद्ध चिकित्सक उपलब्ध रहेंगे। इस शिविर में विशेष मेडिकल सुविधाओं से युक्त एक बड़ी बस में ही चलित चिकित्सालय व लैब बनायी गई है। जिसमें ही ब्लड प्रेशर, सुगर, ईसीजी, मैमोग्राफी , एक्स रे, पीएफटी एवं एचबीए 1 सी जैसी कई जॉंचें पूर्णतः निःशुल्क की जाएंगी। शिविर में आने वाले मरीजों की संख्या नियंत्रित करने हेतु वेबसाइट पर पंजीयन करना आवश्यक है। यह भी बताया गया है कि दो दिनों में उपचार के लिये एक हजार मरीजों का ही पंजीयन होगा। अतः सीमित संख्या में ही यह पंजीयन खुले रहेंगे एवं ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन नहीं होंगे। पहले आयें व पहले पायें आधार पर यह रजिस्ट्रेशन सेवा न्यास की वेबसाइटः पर मात्र एक सौ रुपए शुल्क देकर किया जा सकता है। पंजीयन हो जाने पर एक रसीद मिलेगी, जिसको लेकर मरीजों को उनको दिये गये निर्धारित समय पर ही लेकर शिविर स्थल पर आना है ।डॉ. मिश्र ने कहा कि पूर्व में गत वर्ष भी सितंबर 2021 में इसी प्रकार का शिविर लगाया जा चुका है। कोविड काल में न्यास द्वारा चिकित्सा विशेषज्ञों की वेबिनारों के आयोजन में लाखों लोग लाभान्वित हुये हैं।सभी जरूरत मंद लोगों को चिकित्सा लाभ देना ही हमारे न्यास का मुख्य उद्देश्य हैं। इस बैठक में कृष्णा पांडे श्रीमती मनीषा सिंह, अजय मिश्रा, नितिन मिश्र, एस सी राय, कमलेश्वर अग्रवाल, अर्जुन तिवारी, बलराम गुप्ता, जे.पी. गुप्ता, लवकुश सिंह बघेल, सीलम सैनी, राजेश त्रिपाठी नीलू, महेन्द्र तिवारी रवि द्विवेदी, बालेंदु गौतम, अजय पाण्डेय रहे।इस कार्यक्रम के संयोजक अर्जुन तिवारी को ज़िम्मेदारी दी गई।संपूर्ण व्यवस्थाओं का वितरण कर शीघ्र ही टीम गठित की जायेगी।

**06- 07 अगस्त को सतना में मेदांता अस्पताल के चौदह विशेषज्ञ डॉक्टरों सहित आठ प्रकार की जॉंचें होंगी निः शुल्क**

# परिवार नियोजन का अपनाओ उपाय लिखो तरक्की का नया अध्याय

## जिलाधिकारी ने परिवार नियोजन नियंत्रण पखवाड़ा का फीता काटकर किया शुभारंभ




परिवार नियोजन के शगुन किट का वितरण करते डीएम सीएमओ



परिवार नियोजन के कार्यक्रम में उपस्थित महिलाएं

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** विश्व जनसँख्या दिवस 11 जुलाई सोमवार को परिवार नियोजन परामर्श दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर जिला अस्पताल समेत सभी प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, स्वास्थ्य उप केन्द्रों और हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर परिवार को सीमित रखने और दो बच्चों के जन्म में पर्याप्त अंतर रखने के बारे में दम्पति को जागरूक किया गया। इसके अलावा जनजागरूकता रैली निकालकर समुदाय को छोटे परिवार के बड़े फायदे के बारे में सन्देश दिया गया। केन्द्रों पर स्टाल लगाकर भी लोगों को परिवार नियोजन के साधनों के बारे में जानकारी दी गयी और इन्हें अपनाने के बारे में प्रेरित किया गया।

जनजागरूकता रैली को संयुक्त जिला चिकित्सालय कौशाम्बी से जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया कार्यक्रम के दौरान उन्होंने नव-विवाहित जोड़े को परिवार नियोजन के लिए शगुन किट का वितरित किया साथ ही जन जागरूकता के लिए रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया रैली संयुक्त जिला चिकित्सालय से प्रारंभ होकर मंझनपुर पीएचसी पर समाप्त की गई इसी के साथ जिलाधिकारी ने प्रचार प्रसार वाहन को भी रवाना किया इसी के साथ जिलाधिकारी ने परिवार स्वास्थ्य कल्याण विभाग की बुकलेट जनसंख्या नीति उत्तर प्रदेश 2021-30 का अनावरण किया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुष्पेंद्र कुमार ने कहा कि परिवार की खुशहाली, शिक्षा, स्वास्थ्य और तरक्की तभी संभव है, जब परिवार सीमित होगा। विकास के उपलब्ध संसाधनों का समुचित वितरण और बढ़ती जनसँख्या दर के बीच संतुलन कायम करने के उद्देश्य से आज सबसे अधिक जरूरत जनसँख्या स्थिरीकरण की है। परिवार को सीमित रखने के लिए स्वास्थ्य विभाग के पास बास्केट ऑफ च्वाइस का विकल्प मौजूद है, जिसमें स्थायी और अस्थायी साधनों को शामिल किया गया है। इन अस्थायी साधनों में से अपनी पसंद का साधन चुनकर शादी के दो साल बाद ही बच्चे के जन्म की योजना बना सकते हैं। दो बच्चों के जन्म में कम से कम तीन साल का अंतर भी रख सकते हैं। दो बच्चों के जन्म में पर्याप्त अंतर रखना मां और बच्चे दोनों की बेहतर सेहत के लिए बहुत जरूरी है। जब परिवार पूरा हो जाए तो स्थायी साधन के रूप में नसबंदी का विकल्प चुन सकते हैं।

इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी व परिवार नियोजन कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. एच .पी मणि ने कहा कि समुदाय में परिवार नियोजन के प्रति जागरूकता लाने के लिए फ्रंट लाइन कार्यकताओं के माध्यम से दो चरणों में परिवार नियोजन पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसके पहले चरण में 27 जून से 10 जुलाई तक दम्पति सम्पर्क पखवाड़ा मनाया गया, जिसके तहत लक्षित दम्पति को चिन्हित कर परिवार नियोजन साधनों को अपनाने के प्रति प्रेरित किया गया। अगला चरण जनसँख्या स्थिरता पखवाड़ा का आज से शुरू हो रहा है जो 30 जुलाई तक चलेगा । इसके तहत लक्षित दम्पति को सेवा प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि परिवार नियोजन के बारे में किशोर-किशोरियों को भी जागरूक करने की जरूरत है ताकि भविष्य में वह सही समय पर सही कदम उठाने के बारे में पूरी जानकारी हासिल कर सकें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि परिवार नियोजन कार्यक्रमों में पुरुषों की सहभागिता को बढ़ाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग ने एक नई पहल शुरू की है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के साथ-साथ पुरुषों को भी जिम्मेदारी समझनी चाहिए छोटा परिवार सुखी परिवार की अवधारणा बिना पुरुष के अधूरी है। परिवार नियोजन एवं सामग्री प्रबंधक देव प्रकाश यादव ने बताया कि जनपद के हर ब्लाक में जनसंख्या नियंत्रण पखवाड़े के अंतर्गत रैली निकाल कर लोगो को जागरूक किया गया उन्होंने बताया कि इस मौके पर पीएचसी मंझनपुर व सीएचसी सरसवां में महिला व पुरुष नसबंदी शिविर का भी आयोजन किया गया है।

इस अवसर पर लाभार्थी मालती देवी ने कहा कि अम्बावा पूरब हेल्थ एंड वेलनेस केंद्र पर आयोजित कार्यक्रम में पति के साथ पहुंचकर परिवार नियोजन के साधनों के बारे में जानकारी हासिल की इसके लिए हमने गर्भनिरोधक अंतरा के विकल्प को चुना है।कार्यक्रम में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकरी डॉ. एस.एन यादव, सीएमएस डॉ दीपक सेठ, डीसीपीएम संजय, प्रभाकर दुबे, बी.सी.पी.एम घनश्याम जिला स्वास्थ्य टीम के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### कौशांबी न्यूज रिपोर्टर क्लब की बैठक संपन्न

**कौशांबी।** जनपद मुख्यालय मंझनपुर के विकास भवन स्थित सरस हाल में कौशांबी न्यूज रिपोर्टर क्लब के पत्रकारों की बैठक संपन्न हुई बैठक में पत्रकारों ने संगठन की मजबूती पर चर्चा किया और कहा कि इस संगठन में जनपद मुख्यालय के पत्रकारों के साथ साथ ग्रामीण पत्रकारों को भी सदस्य बनाया जाएगा जिसका सर्व सम्मति से समर्थन किया गया है बैठक के दौरान उपस्थित पत्रकारों ने पत्रकारों पर हो रहे जुल्म ज्यादती अत्याचार फर्जी मुकदमा पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि अभिव्यक्ति की आजादी पर कुठाराघात करने से लोकतंत्र कमजोर होगा बैठक में पत्रकारों ने कहा कि सत्य खबर के प्रकाशन पर किसी का दबाव बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और भ्रष्ट अधिकारियों के कारनामों को बेनकाब किया जाएगा पत्रकारों की खबरों पर रोक लगाने के उद्देश्य से पत्रकारों पर फर्जी मुकदमा दर्ज करने वाले अधिकारी नेता बैठक में निशाने पर रहे पत्रकारों ने कहा कि कलम दबाने वाले अधिकारियों को बख्शा नहीं जाएगा और समय आने पर उन्हें मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा बैठक के दौरान वरिष्ठ पत्रकार रामबदन भार्गव मोअज्जम खान सुशील केसरवानी पवन दुबे सुशील मिश्रा राकेश केसरी अजय कुमार पवन कुमार मिश्रा कृष्ण मणि मिश्रा सहित तमाम पत्रकार मौजूद रहे।

# न्याय करने वाले थानेदार के पक्षपात से गरीबों में आक्रोश

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** करारी थाना क्षेत्र में गरीब कमजोर मजलूम लोग थानेदार के अन्याय से पीड़ित हैं न्याय की कुर्सी पर बैठे करारी थानेदार गरीब कमजोर के साथ खुलेआम अन्याय कर रहे हैं पुलिस अधिकारियों ने चौराहे पर ठेलिया लगाकर व्यापार करने वाले गरीबो के व्यापार करने पर रोक लगाई है आखिर योगीराज में गरीब कमजोर लोगों पर इतना अत्याचार क्यों हो रहा है चौराहे से गरीब कमजोर लोगों की ठेलिया हटाए जाने के मामले में करारी थानेदार के पक्षपात से गरीब परेशान हैं कुछ लोगों की ठेलिया चौराहे से हटा दी गई है और जब वह थानेदार के पास जाते हैं गाली गलौज कर भगा दिया जाता है और कुछ लोगों की ठेलिया थानेदार और पुलिसकर्मियों के रहमों करम पर अधिकारियों के निर्देश के विपरीत करारी चौराहे पर लग रही है अब सवाल उठता है कि गरीबों के रोजगार पर थानेदार इतना पक्षपात क्यों कर रहे हैं जिससे गरीबों के सामने रोटी की दिक्कत उत्पन्न हो जाए इस संबंध में थानेदार का कहना है कि ठेलिया नही लग रही है जब चौराहे की स्थिति देखी गयी तो चौराहे पर ठेलिया लगी दिखाई पड़ रही है ठेलिया लगाए जाने के मामले में आखिर थानेदार इतना झूठ क्यों बोलते हैं जब यह छोटे-छोटे मामले में इतना झूठ बोलते हैं तो बड़े मामलों में वह किस हद तक झूठ बोलते होंगे आखिर गरीबों को परेशान करने और झूठ बोलने वाले थानेदार को आला अधिकारियों ने थानेदारी कैसे दे दी है यह बड़ा सवाल उठ रहा है।

**बात बात पर झूठ बोलने वाले करारी थानेदार को कैसे मिली थानेदारी**



करारी चौराहे पर लगी दुकानें

# 50 दिन बीते नहीं खाली हो सके 11 पंचायत भवन

**अखंड भारत संदेश**

**पश्चिम शरीरा कौशाम्बी।** सरकारी संपत्तियों में कब्जा किए जाने के मामले में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है तालाब की जमीन मरघट ऊसर बंजर नवीन परती कब्रिस्तान शत्रु संपत्तियों की जमीनों में कब्जे के मामले तो आम बात हो गई है लेकिन अब सरकार के बने हुए भवन पर कब्जे शुरू हो गए हैं सरकारी जमीन को खाली कराने में राजस्व महकमा पूरी तरह से लापरवाह बना हुआ है उसी तरह से अब सरकारी भवन के कब्जे के मामले में अधिकारी गंभीर नहीं है सरकार के नुकसान को लेकर अधिकारियों की इस लापरवाही तमाम कहानी बयां कर रही है लेकिन उसके बाद भी अधिकारी सरकारी संपत्तियों की सुरक्षा को लेकर गंभीर नहीं दिखाई पड़ रहे हैं जिले में पंचायत भवन सामुदायिक भवन और सामुदायिक शौचालय में भी कब्जे हो चुके हैं केवल पत्रावलियों में आदेश जारी कर खाली कराए जाने का अधिकारियों द्वारा ढकोसला हो रहा है जिससे कब्जा धारकों के हौसले बुलंद हैं।

सरसावा विकासखंड क्षेत्र के धवाडा गांव में बने पंचायत भवन में कई वर्षों पूर्व कब्जा करने के बाद टेन्ट हाउस खोल लिया गया है पंचायत भवन को खाली कराने के लिए औपचारिकता ही निभाई जा रही हैं जिससे पंचायत भवन नहीं खाली हो सका है 23 मई को जिला पंचायत राज अधिकारी ने तीनों उप जिला अधिकारी को पत्र लिखकर जिले के पंचायत भवन सामुदायिक भवन सामुदायिक शौचालय सहित कुल 11 सरकारी संपत्तियों को खाली कराने के लिए पत्र जारी किया था इस पत्र को जारी हुए 50 दिन बीत चुके हैं लेकिन 11 सरकारी संपत्तियां जिले के 3 एसडीएम नहीं खाली करा सके हैं जिससे अधिकारियों की कार्यक्रम के निष्ठा का अंदाजा लगाया जा सकता है।

कौशांबी विकासखंड क्षेत्र के राक्सवारा स्थित सामुदायिक भवन में भी दुर्गा प्रसाद मौर्य ने कब्जा कर लिया है इस सामुदायिक भवन को खाली कराने में भी अधिकारियों के पसीने छूट रहे हैं कौशांबी विकासखंड क्षेत्र के जुगराजपुर और गौहानी के पंचायत भवन में भी शिव शंकर और ईश्वर दीन शुक्ला ने कब्जा कर लिया है लेकिन यह दोनों पंचायत भवन भी कब्जा हो जाने के बाद नहीं खाली हो सका है जब सरकारी संपत्तियों पर कब्जे के मामले में अधिकारी इतने लापरवाह है तो आम जनता की जमीनों में विवाद के निस्तारण में अधिकारी कितने गंभीर होंगे इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। मूरतगंज विकासखंड क्षेत्र के बलकरनपुर के पंचायत भवन में भगवती प्रसाद ने कब्जा कर रखा है लेकिन इसको भी खाली कराने में प्रशासन के हाथ-पांव फूल रहे हैं नेवादा विकासखंड क्षेत्र के चकपिन्हा गांव के पंचायत भवन में सीताराम घारूपुर के पंचायत भवन में राजेंद्र प्रसाद रसूलपुर टप्पा के पंचायत भवन में मानसिंह और सेवढा के पंचायत भवन में यूनानी चिकित्सालय का कब्जा है गोविंदपुर के पंचायत भवन में भी अवैध कब्जा है इतना ही नहीं बरियावा के सामुदायिक शौचालय में पूर्व प्रधान ने कब्जा कर लिया है जांच में इस बात का खुलासा हो चुका है डीपीआरओ ने तीनो एसडीएम को पत्र लिखकर खाली कराने के लिए कहा है लेकिन उसके बाद भी अवैध कब्जे के शिकार पंचायत भवन सामुदायिक भवन और सामुदायिक शौचालय खाली नहीं हो सके है।

**डीपीआरओ ने पंचायत भवन खाली कराने के लिए तीनों एसडीएम को 23 मई को लिखा था पत्र**

**पंचायत भवन सामुदायिक शौचालय और सामुदायिक भवन में अवैध कब्जे के मामले में कहीं अधिकारियों की भूमिका सवालों में तो नहीं**

संपादकीय

## संघ की विश्व गुरु साधना

**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ के संस्थापक केशव बलिराम हेडगेवार युग द्रष्टा थे। वह महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। ब्रिटिश सरकार के कारावास से एक वर्ष बाद उनको रिहा किया गया था। इस अवसर पर उनके अभिनन्दन में समारोह का आयोजन किया गया था। इसमें मोती लाल नेहरू और सी राजगोपाल चारी भी सहभागी हुए थे। स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय रहते हुए वह दो प्रश्नों पर मंथन करते थे। एक यह कि विश्व गुरु भारत को परतंत्रता क्यों झेलनी पड़ी। दूसरा यह कि स्वतंत्रता के बाद भारत को किस प्रकार अजेय बनाया जाए। इसके लिए वह हिन्दुओं को संगठित करना चाहते थे। यही वह सभ्यता संस्कृति है जिसमें सम्पूर्ण मानवता के कल्याण का भाव है। इस विचार के अनुरूप उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की थी। भारत जब विश्व गुरु था तब उसका ध्वज भगवा हुआ करता था। संघ ने इसी ध्वज को अपना गुरु माना। वर्ष में एक दिन इस ध्वज के समक्ष समर्पण भाव से पूजन किया जाता है। इसी से वर्षभर संघ के राष्ट्रव्यापी कार्य संचालित होते हैं। सूर्योदय अंधकार को दूर करता है। अरुणोदय उत्साह का सन्देश देता है। अग्नि शिखाएं भी भगवा रंग की होती हैं। यह यज्ञ का प्रतीक है। इसमें शुद्धता त्याग, समर्पण,बलिदान, शक्ति और भक्ति का भाव होता है। सूर्य और अग्नि की भांति भगवा रंग अज्ञानता का अंधकार को दूर करता है। ऊर्जा का संचार होता है। केशव राव बलिराम हेडगेवार ने राष्ट्र सेवा के लिए निजी सुख सुविधाओं का त्याग कर दिया था। आंदोलनों में भाग लेते समय उन्हें भारत माता की त्रासदी विचलित करती थी। वह सोचते थे कि भारत कभी विश्व गुरु था। भारतीय संस्कृति की ध्वज पताका विश्व में प्रतिष्ठित थी। मानव सभ्यता का विकास सबसे पहले यहीं हुआ। यहां के वन तक वैज्ञानिक अनुसंधान के केंद्र थे। चक्रवर्ती सम्राटों की यहां सुदीर्घ श्रृंखला थी। भारत ने अपनी संस्कृति का विस्तार तलवार की नोक पर कभी नहीं किया। सदैव मानव कल्याण का विचार दिया। वसुधा को कुटुंब माना। उदार चरित्र की अवधारणा दी। डॉ. हेडगेवार चिंतन करते थे कि इतना महान देश विदेशी दासता में कैसे जकड़ गया। इसके पीछे उन्हें दो कारण नजर आए। एक यह कि भारत के लोग अपनी सर्वश्रेष्ठ विरासत पर स्वाभिमान करना भूल चुके थे। इसका प्रभाव उनके आचरण पर पड़ा। दूसरा कारण यह था कि हमारे भीतर भेदभाव आ गया। इससे हमारी संगठित शक्ति कमजोर हुई। इसका विदेशी शक्तियों ने लाभ उठाया। डॉ. हेडगेवार भारत को पुनः परम वैभव के पद पर आसीन देखना चाहते थे। वह हिन्दू समाज को भेदभाव से ऊपर लाकर संगठित करना चाहते थे। स्वतंत्रता संग्राम अपनी जगह था। वह देश को अंग्रेजों के चंगुल से मुक्त करना चाहते थे। इसीलिये वह कांग्रेस के आंदोलनों में सक्रिय रूप से भाग लेते थे। कांग्रेस के नागपुर सम्मेलन की पूरी व्यवस्था उन्होंने की थी। वह कांग्रेस के खिलाफत आंदोलन से असहमत थे। इसका नाम भी भ्रामक था। ऐसा अहसास कराया गया कि यह अंग्रेजों के खिलाफ है।

## करोना कभी नष्ट ना होने वाला संक्रमण

**करोना** कभी न नष्ट होने वाला वाला ऐसा जानलेवा संक्रमण है जिसके महीनों तथा वर्ष के अंतराल में लौट लौट कर मानव शरीर में आने की संभावना सदैव बनी रहती है । विश्व स्वास्थ्य संगठन के वैज्ञानिकों ने पुष्टि की है कि करोना संक्रमण के वैरीअंट को समूचा खत्म नहीं किया जा सकता उसकी केवल प्रीवेंटिव मेडिसिन या वैक्सीन ही ली जा सकती है। करोना से दूर रहने के लिए केवल और केवल सावधानी और चिकित्सा विशेषज्ञ द्वारा दी गई गाइडलाइंस का ही पालन करना होगा, अन्यथा करोना जानलेवा तो है ही। क्या आपको नहीं लगता एक दूसरे के संक्रमण से फैलने वाला भयानक करोना सिर्फ प्राकृतिक विपदा एवं प्राकृतिक असंतुलन का नतीजा है, बल्कि कुछ मांस भक्षी लोगों मानसिक असंतुलन का भी भयानक परिणति है। प्रकृति ने हमें पहले से ही सचेत करके रखा था, पहले सुनामी, बाढ़, सूखा और भूस्खलन के परिणामों से हमें आगाह किया था और न जाने इन भयानक विपदाओं से कितने लोग काल के गाल में समा चुके हैं। हर वर्ष सुनामी,भूस्खलन,बाढ़ से मरने वालों की संख्या हजारों में होती रही है, पर कुछ देशों के नागरिकों के मानसिक संतुलन का क्या कहें, जिन्हें सब्जी,भाजी,दूध,फल, सूखे मेवे को छोड़कर कुत्ता, बिल्ली,सांप, चमगादड़, सूअर खाने की न जाने क्यों इच्छा बलवती हुई है,और उन्होंने इसका रोजमर्रा की जिंदगी में सेवन करना शुरू कर दिया,चीन सहित विश्व में कई ऐसे देश है जो हर जंतु के मांस का खाने में रोज इस्तेमाल कर नई-नई बीमारियों को जन्म दे रहे हैं। चीन के द्वारा चमगादड़, सांप, केकड़े और ना जाने कितने जीव जंतुओं का मांस अपने आहार के रूप में इस्तेमाल करते हैं, और इसी की परिणति हुई है कि चमगादड़ में नाना प्रकार के प्रयोग कर करोना वायरस जैसे भयानक संक्रमण वाली बीमारी की उत्पत्ति कर दी और यही करोना वायरस ने पूरे विश्व में मौत का तांडव मचा कर लाखों लोगों की मृत्यु का कारण भी बना है। यह मानवीय मानसिक आसंतुलन तथा दिवालियापन का एक भयानक परिणाम है। जिसकी एकदम सही और सटीक इलाज खोजने में चिकित्सकों को वैज्ञानिकों को सिर से पैर तक पसीना छूट गया है। फिर भी इस कोविड-19 के वायरस का 100% इलाज नहीं खोज पाए हैं। पृथ्वी में बहुत सारी सकारात्मक चीजें हैं जल, वायु, मृदा तत्व, पेड़, झरने,समुद्र, तालाब,नदियां इन सब का सकारात्मक इस्तेमाल कर मानव धरती को समृद्ध तथा मालामाल करता आया है, एवं अपने जीवन यापन हेतु सुचारू रूप से सब्जियां, फल,आयुर्वेदिक दवाएं और न जाने कितने मृदा तत्व जिनमें हीरे,मोती, जवाहर, लोहा,पीतल, तांबा,सोना,चांदी आदि निकालकर जीवन को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु सफल हुआ है। पर कुछ लोगों ने दिमागी असंतुलन के चलते मूक जानवरों का वध करके उसे भोजन की वस्तु बनाकर प्राकृतिक असंतुलन बढ़ाने का जोखिम उठाया, इसी तरह पेड़, जल, मिट्टी, वायु का संरक्षण न करके उसने अप्राकृतिक वस्तुओं का इस्तेमाल करके विश्व का तापमान बढ़ाकर मानव जाति के लिए अनेक खतरे एवं मुसीबतें पैदा कर ली है।

# भवसागर पार कराने वाले गुरु ईश्वर-तुल्य हैं

ललित गर्ग

**भारतीय** संस्कृति में गुरु पूर्णिमा का विशेष महत्व है, यह अध्यात्म-जगत विशेषतः सनातन धर्म का महत्वपूर्ण उत्सव है, इसे अध्यात्म जगत की बड़ी घटना के रूप में जाना जाता है। आषाढ़ शुक्ल पूर्णिमा को गुरु पूर्णिमा कहा जाता है, हिन्दू धर्म की मान्यता के अनुसार इस दिन महर्षि वेदव्यास का जन्म हुआ था, इसलिये इसे व्यास पूर्णिमा भी कहते है। इस दिन से ऋतु परिवर्तन भी होता है। इसदिन शिष्य अपने गुरु की पूजा करते हैं और अपने गुरु को यथाशक्ति दक्षिणा, पुष्प, वस्त्र, उपहार आदि भेंट करते हैं। ज्योतिषी कहते हैं कि इस दिन गुरु के आशीर्वाद से धन-सम्पत्ति, सुख-शांति, वैभव एवं समस्त इच्छाओं की पूर्ति का वरदान पाया जा सकता है। इस वर्ष गुरु पूर्णिमा खास इसलिये है कि रुचक, भद्र, हंस एवं शश नाम के चार विशेष योग बन रहे हैं। गुरु-पूर्णिमा गुरु-पूजन का पर्व है। सन्मार्ग एवं सत-मार्ग पर ले जाने वाले महापुरुषों के पूजन का पर्व, जिन्होंने अपने त्याग, तपस्या, ज्ञान एवं साधना से न केवल व्यक्ति को बल्कि समाज, देश और दुनिया को भवसागर से पार उतारने की राह प्रदान की है। पर्वों, त्यौहारों और संस्कारों की भारतभूमि में गुरु का स्थान सर्वोपरि माना गया है। पश्चिमी देशों में गुरु का कोई महत्व नहीं है, वहां विज्ञान और विज्ञापन का महत्व है परन्तु भारत में सदियों से गुरु का महत्व रहा है। यहां की माटी एवं जनजीवन में गुरु को ईश्वरतुल्य माना गया है, क्योंकि गुरु न हो तो ईश्वर तक पहुंचने का मार्ग कौन दिखायेगा? गुरु ही शिष्य का मार्गदर्शन करते हैं और वे ही जीवन को ऊर्जामय बनाते हैं। भौतिकवादी युग में गुरु के प्रति आस्था में न्यूनता आई है, जिसके परिणाम स्वरूप जीवन में अशांति, असुरक्षा और मानवीय गुणों का अभाव हो रहा है। गुरु पूर्णिमा के मौके पर वे लोग परेशान होते हैं जिनके कोई गुरु नहीं हैं कि वे किसकी पूजा करके आशीर्वाद प्राप्त करें। ऐसे लोगों की चिंता का समाधान तुलसीदासजी ने हनुमान चालीसा किया है कि ...जै जै जै हनुमान गोसाई, कृपा करहु गुरुदेव की नाई। उन्होंने कहा है कि अगर किसी का गुरु नहीं है तो वह हनुमानजी को अपना गुरु बना सकता है। श्री गुरु चरण के स्मरण मात्र से ही आत्मज्योति का विकास हो जाता है। भारतीय संस्कृति में गुरु पद को सर्वोपरि माना गया है. जीव को ईश्वर की अनुभूति और साक्षात्कार कराने वाली मान प्रतिमा गुरु ही हैं। इस कारण गुरु का साक्षात त्रिदेव तुल्य स्वीकार किया है-



गुरुर्ब्रह्मा, गुरुर्विष्णु, गुरुर्देवो महेश्वरः
गुरुःसाक्षात परम ब्रह्म तस्मै श्री गुरुवे नमः।।

हमारी प्राचीन गुरुकुल परम्परा एवं गुरुकुल संस्कृति ने महर्षि, तपस्वी, राष्ट्रभक्त, चक्रवर्ती सम्राट और जगद्गुरु तक के सुयोग्य महापुरुष उपलब्ध कराए हैं। मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम ने भी गुरु महिमा को सर्वोपरि माना है। जनकपुरी में ऋषि विश्वामित्र की सेवा इसका प्रमाण है। भारतीय संस्कृति में गुरु आश्रय रहित व्यक्ति को अत्यंत हेय माना गया है। वर्तमान समय में भौतिकवादी जन समुदाय में गुरु के प्रति आस्था का प्रायः अभाव सा होता जा रहा है। विशेष कर युवा वर्ग, जिसके परिणामस्वरूप जीवन में अशांति, असुरक्षा एवं तनाव व्याप्त है और मानवीय गुणों का अभाव हो रहा है। हमारे देश के ऋषि-महर्षि, तीर्थंकर और महात्मा गौतम बुद्ध, महावीर जैसी दिव्य विभूतियों ने गुरु पद से अपने उपदेशों से उदार भावना स्थापित की। गुरु की सन्निधि, प्रवचन, आशीर्वाद और अनुग्रह जिसे भी भाग्य से मिल जाए उसका तो जीवन कृतार्थता से भर उठता है। क्योंकि गुरु बिना न आत्म-दर्शन होता और न परमात्म-दर्शन। गुरु भवसागर पार पाने में नाविक का दायित्व निभाते हैं। वे हितचिंतक, मार्गदर्शक, विकास प्रेरक एवं विघ्नविनाशक होते हैं। उनका जीवन शिष्य के लिये आदर्श बनता है। उनकी सीख जीवन का उद्देश्य बनती है। अनुभवी आचार्यों ने भी गुरु की महत्ता का प्रतिपादन करते हुए लिखा है- गुरु यानी वह अर्हता जो अंधकार में दीप, समुद्र में द्वीप, मरुस्थल में वृक्ष और हिमखण्डों के बीच अग्नि की उपमा को सार्थकता प्रदान कर सके।

यह त्योहार गुरु-शिष्य के आत्मीय संबंधों को सचेतन व्याख्या देता है। काव्यात्मक भाषा में कहा गया है- गुरु पूर्णिमा के चांद जैसा और शिष्य आषाढ़ी बादल जैसा। गुरु के पास चांद की तरह जीए गये अनुभवों का अक्षय कोष होता है। इसीलिये इस दिन गुरु की पूजा की जाती है इसलिए इसे गुरु पूजा दिवस भी कहा जाता है। प्राचीन काल में विद्यार्थियों से शुल्क नहीं वसूला जाता था अतः वे साल में एक दिन गुरु की पूजा करके अपने सामर्थ्य के अनुसार उन्हें दक्षिणा देते थे। महाभारत काल से पहले यह प्रथा प्रचलित थी लेकिन धीरे-धीरे गुरु-शिष्य संबंधों में बदलाव आ गया। आचार्य देवोभवः का स्पष्ट अनुदेश भारत की पुनीत परंपरा है और वेद आदि ग्रंथों का अनुपम आदेश है। ऐसी मान्यता है कि

> परमात्मा की ओर संकेत करने वाले गुरु ही होते है। गुरु एक तरह का बांध है जो परमात्मा और संसार के बीच और शिष्य और भगवान के बीच सेतु का काम करते हैं। इन गुरुओं की छत्रछाया में से निकलने वाले कपिल, कणाद, गौतम, पाणिनी आदि अपने विद्या वैभव के लिए आज भी संसार में प्रसिद्ध है। गुरुओं के शांत पवित्र आश्रम में बैठकर अध्ययन करने वाले शिष्यों की बुद्धि भी तद्नुकूल उज्ज्वल और उदात्त हुआ करती थी

हरिशयनी एकादशी के बाद सभी देवी-देवता चार मास के लिए सो जाते है। इसलिए हरिशयनी एकादशी के बाद पथ प्रदर्शक गुरु की शरण में जाना आवश्यक हो जाता है। परमात्मा की ओर संकेत करने वाले गुरु ही होते है। गुरु एक तरह का बांध है जो परमात्मा और संसार के बीच और शिष्य और भगवान के बीच सेतु का काम करते हैं। इन गुरुओं की छत्रछाया में से निकलने वाले कपिल, कणाद, गौतम, पाणिनी आदि अपने विद्या वैभव के लिए आज भी संसार में प्रसिद्ध है। गुरुओं के शांत पवित्र आश्रम में बैठकर अध्ययन करने वाले शिष्यों की बुद्धि भी तद्नुकूल उज्ज्वल और उदात्त हुआ करती थी।

योग दर्शन नामक पुस्तक में भगवान श्रीकृष्ण को जगतगुरु कहा गया है क्योंकि महाभारत के युद्ध के दौरान उन्होंने अर्जुन को कर्मयोग का उपदेश दिया था। माता-पिता केवल हमारे शरीर की उत्पत्ति के कारण है लेकिन हमारे जीवन को सुसंस्कृत करके उसे सर्वांग सुंदर बनाने का कार्य गुरु या आचार्य का ही है। पहले गुरु उसे कहते थे जो विद्यार्थी को विद्या और अविद्या अर्थात आत्मज्ञान और सांसारिक ज्ञान दोनों का बोध कराते थे लेकिन बाद में आत्मज्ञान के लिए गुरु और सांसारिक ज्ञान के लिए आचार्य-ये दो पद अलग-अलग हो गए। भारत के महान-दार्शनिक ओशो ने जब यह कहा कि हमारी शिक्षण संस्थाएं अविद्या का प्रचार कर रही हैं तो लोगों ने आपत्ति की लेकिन वे बात सही कह रहे थे। आज हमारे विद्यालयों में ज्ञान का नहीं बल्कि सूचनाओं का हस्तांतरण हो रहा है। विद्यार्थियों का ज्ञान से अब कोई वास्ता नहीं रहा इसलिए आज हमारे पास डॉक्टर, इंजीनियर, वकील, न्यायाधीश, वैज्ञानिक और वास्तुकारों की तो एक बड़ी भीड़ जमा है लेकिन ज्ञान के अभाव में चरित्र और चरित्र के बिना सुंदर समाज की कल्पना दिवास्वप्न बन कर रह गई है।

आज नकली, धूर्त, ढोंगी, पाखंडी, साधु-संन्यासियों और गुरुओं की बाढ़ ने असली गुरु की महिमा को घटा दिया है। असली गुरु की पहचान करना बहुत कठिन हो गया है। भगवान से मिलाने के नाम पर, मोक्ष और मुक्ति दिलाने के नाम पर, कुण्डलिनी जागृति के नाम पर, पाप और दुःख काटने के नाम पर, रोग-व्याधियां दूर करने के नाम पर और जीवन में सुख और सफलता दिलाने के नाम पर हजारों धोखेबाज गुरु पैदा हो गये हैं जिनको वास्तव में कोई आध्यात्मिक उपलब्धि नहीं है। जो स्वयं आत्मा को नहीं जानते वे दूसरों को आत्मा पाने का गुर बताते हैं।

तरह-तरह के प्रलोभन देकर धन कमाने के लिए शिष्यों की संख्या बढ़ाते हैं। जिसके बाड़े में जितने अधिक शिष्य हों वह उतना ही बड़ा और सिद्ध गुरु कहलाता है।

# आबादी पर नियंत्रण की नई सुबह का इंजतार

ललित

**भारत** अगले साल दुनिया में सबसे ज्यादा आबादी वाला मुल्क होने जा रहा है, चौंकाने एवं चिन्ता में डालने वाली इस खबर के प्रति सचेत एवं सावधान होने के साथ सख्त जनसंख्या नियंत्रण नीति लागू करने की अपेक्षा है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी रिपोर्ट ने बताया है कि भारत साल 2023 में ही चीन से ज्यादा आबादी वाला देश हो जाएगा। जबकि पहले यह अनुमान लगाया जा रहा था कि साल 2027 में भारत दुनिया की सबसे ज्यादा आबादी वाला देश होगा। बढ़ती जनसंख्या की चिन्ता में डूबे भारत के लिये चार पहले ही दुनिया में सबसे ज्यादा आबादी वाला देश होना कोई गर्व की बात नहीं है। भारत के लिये बढ़ती आबादी एवं सिकुड़ते संसाधन एक त्रासदी है, एक विडम्बना है, एक अभिशाप है। क्योंकि जनसंख्या के अनुपात में संसाधनों की वृद्धि सीमित है। जनसंख्या वृद्धि ने कई चुनौतियों को जन्म दिया है किंतु इसके नियंत्रण के लिये कोने कानूनी तरीके को एक उपयुक्त कदम नहीं माना जा सकता। इसके लिये सरकार को जनसंख्या पर तुरंत पारदर्शी एवं सख्त नियंत्रण के कदम उठाने के साथ आम जनता की सोच एवं संस्कृति में बदलाव लाना होगा, लेकिन दुर्भाग्य से अभी कुछ हो ही नहीं रहा है।

संयुक्त राष्ट्र की ताजा रिपोर्ट बताती है,



नवंबर 2022 के मध्य तक दुनिया की आबादी आठ अरब हो जाने का अनुमान है। पूरी दुनिया की आबादी में अकेले एशिया की 61 फीसदी हिस्सेदारी है। यह रिपोर्ट साफ इशारा करती है कि जहां कम आबादी है, वहां ज्यादा संपन्नता है। भारत में दिन-प्रतिदिन जनसंख्या विस्फोट हो रहा है, इसी से बेरोजगारी बढ़ रही है, महंगाई भी बढ़ने का कारण यही है, संसाधनों की किल्लत भी इसी से बनी हुई है। यही एक कारण भारत को दुनिया की महाशक्ति बनाने की सबसे बड़ी बाधा है। ऐसे में सबको नौकरी मिलना इतना आसान नहीं। इसलिए सरकार शीघ्र सुसंगत जनसंख्या नीति लागू करे। जिसको दिक्कत हो और ज्यादा बच्चे पैदा करके मनमानी करनी हो, उनके खिलाफ कानूनी सजा के प्रावधान किये जाये। यह एक अराष्ट्रीय सोच है कि अधिक बच्चे पैदा करके उनकी जिंदगी कष्ट में झोंकना। जब बच्चे को सुखी जिंदगी नहीं दे सकते, तो दूसरों के भरोसे उन्हें पैदा करने की प्रवृत्ति शर्मनाक है। यह देखने में आ रहा है कि आज के वैज्ञानिक युग में भी कुछ समुदाय बच्चे पैदा करने को लेकर रूढ़िवादी नजरिया अपनाए हुए हैं और उनकी प्रतिक्रिया में अन्य समुदायों के नेता भी ज्यादा से ज्यादा बच्चे पैदा करने की वकालत करने लगे हैं। यह बेहद खतरनाक स्थिति है। भारत की आबादी पहले ही एक अरब 40 करोड़ के आसपास पहुंच चुकी है, इसलिए जनसंख्या बढ़ोतरी की पैरोकारी करने वालों की निंदा की जानी चाहिए, चाहे वे किसी मजहब के हों। क्योंकि देश की तरक्की की सबसे बड़ी बाधा बढ़ती जनसंख्या ही है।

भारत में बढ़ती जनसंख्या को नियंत्रित करने में राजनीति एवं तथाकथित स्वार्थी राजनीतिक सोच बड़ी बाधा है। अधिकांश कट्टरवादी मुस्लिम समाज लोकतांत्रिक चुनावी व्यवस्था का अनुचित लाभ लेने के लिए अपने संख्या बल को बढ़ाने के लिये सर्वाधिक इच्छुक रहते हैं और इसके लिये कुछ राजनीतिक दल उन्हें प्रेरित भी करते हैं। ऐसे दलों ने ही उद्घोष दिया है कि जिसकी जितनी संख्या भारी सियासत में उसकी उतनी हिस्सेदारी।ऌ जनसंख्या के सरकारी आकड़ों से भी यह स्पष्ट होता रहा हैं कि हमारे देश में इस्लाम सबसे अधिक गति से बढ़ने वाला संप्रदाय-धर्म बना हुआ हैं।

इसलिए यह अत्यधिक चिंता का विषय है कि ये कट्टरपंथी अपनी जनसंख्या को बढ़ा कर स्वाभाविक रूप से अपने मताधिकार कोष को बढ़ाने के लिए भी सक्रिय हैं। सीमावर्ती प्रांतों जैसे पश्चिम बंगाल, आसाम, कश्मीर आदि में वाकायदा पडौसी देशों से मुस्लिमों की घुसपैठ कराई जाती है और उन्हें देश का नागरिक बना दिया जाता है, यह एक तरह का जनसंख्या जिहाद है क्योंकि इसके पीछे इनका छिपा हुआ मुख्य ध्येय हैं कि हमारे धर्मनिरपेक्ष देश का इस्लामीकरण किया जाये।

संयुक्त राष्ट्र के ताजा अनुमान के बाद भारत के लिए चुनौतियां बहुत बढ़ जाएंगी। हमारी जनसंख्या नियंत्रण संबंधी नीतियां बहुत उदार रही हैं, जिसकी वजह से हम आबादी बढ़ने की रफ्तार को जरूरत के हिसाब से थाम नहीं पाए। चीन ने साल 1979 में ही एक संतान नीति को पूरी कड़ाई से लागू कर दिया था, इसका नतीजा हुआ कि उसे आबादी की रफ्तार रोकने में कामयाबी मिली। ध्यान देने की जरूरत है कि साल 1800 में भारत की जनसंख्या लगभग 16.90 करोड़ थी। चीन आबादी के मामले में कभी भारत से लगभग दोगुना था। 1950 के बाद दोनों देशों की आबादी तेजी से बढ़ने लगी। साल 1980 में चीन एक अरब जनसंख्या तक पहुंच गया। इसके ठीक एक वर्ष पहले वहां एक संतान की नीति लागू हुई थी। भारत साल 2000 में एक अरब के आंकडे.के पार पहुंचा और अब अगले साल चीन से आगे निकलने जा रहा है। चीन एक संतान की नीति को 2016 में वापस ले चुका है, लेकिन इसके बावजूद वहां आबादी तेजी से नहीं बढ़ेगी, क्योंकि वहां की राष्ट्रीय भावना, संस्कृति और सोच, दोनों में बदलाव आ चुका है। लेकिन भारत में ऐसा न होने का कारण राजनीति एवं उसके द्वारा पोषित मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति है।

# युवा शक्ति को कुशल व हुनरमन्द बनाने से ही देश का विकास संभव

बंडारू दत्तात्रेय
राज्यपाल, हरियाणा

**किसी** भी देश व व्यक्ति के विकास में कला, कौशल व हुनर का महत्वपूर्ण स्थान है। मानव संसाधनों के उपयोग से कौशलता में और निखार लाकर सत्त विकास की प्रक्रिया को गतिमान बनाया जा सकता है। कहा जाता है कि हुनर कुशल कार्यबल एक धरोहर है। इसी उद्देश्य से विश्व युवा कौशल दिवस -2022 मनाने की दिशा में सत्त विकास के लिए कौशलता पर ध्यान केंद्रित किया गया है। देश में बढ़ती युवा शक्ति के लिए नीति निमार्ता चुनौतियों और अवसरों का लाभ उठा रहे है। इनमें प्रौद्योगिकी का बढ़ता उपयोग और श्रम बाजार की बदलती गतिशीलता से युवाओं को रोजगार योग्य और उद्यमशीलता कौशल से लैस करने के सार्थक प्रयास किए गए हैं ताकि वे बदलती दुनिया का सामना कर सकें। तकनीकी, व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण (टीवीईटी) संस्थानों की उद्यमशीलता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका है जो आज समय की मांग भी है। उद्यमिता के क्षेत्र में समय की नजाकत को ध्यान में रखते हुए संस्थानों, फर्मों, कर्मचारी संघों, नियोक्ताओं, नीति निमार्ताओं तथा सार्वजनिक नीति विशेषज्ञों सभी को एक मिशन मोड में कौशल संबंधी कार्यक्रमों को लागू करने के लिए एक साथ पटल पर आने की आवश्यकता है। हमारी राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 भविष्य की जरूरतों और चुनौतियों के अनुरूप तैयार की गई है। प्रारम्भिक स्तर में ही व्यावसायिक शिक्षा के माध्यम से कौशलता की कमी पूरी करने के लिए विशेष प्रयास किए गए हैं। दस जमा दो की शिक्षा पूरी करने से पहले प्रत्येक छात्र व्यावसायिक पाठ्यक्रम पूरा करेगा। अनुमान है कि 2025 तक, 2.23 करोड़ नए रोजगार सृजित होंगे, जिसके लिए ऐसे कर्मचारियों की आवश्यकता होगी जो इंटरनेट ऑफ थिंग्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (अक), रियल टाइम एनालिटिक्स, 5जी आदि के क्षेत्र में काम करने में कौशलता से लैस हों। इसी के मद्देनजर ठएढ-2020 में व्यावसायिक प्रशिक्षण पर जोर दिया है। भारत एक युवा देश है, जिसमें लगभग 65 प्रतिशत आबादी 35 वर्ष से कम उम्र की है। 15-29 वर्ष के आयु वर्ग के युवा जनसंख्या का 27.5 प्रतिशत हैं। देश में एक मजबूत तंत्र स्थापित हो चुका है जो युवाओं को कौशल और अपस्किलिंग करने में सक्षम है। स्कूल से बाहर के युवा जो रोजगार, शिक्षा या प्रशिक्षण संस्थानों में नहीं हैं, उनके लिए कौशल विकास के अवसर प्रदान करने पर विशेष ध्यान आकर्षित करना महत्वपूर्ण है। इसके लिए ठएढ -2020 एक आशा की किरण है। चौथी औद्योगिक क्रांति में - उद्योग 4.0 - उत्पादकता दक्षता बढ़ाने के लिए स्वचालन और डेटा विनिमय पर जोर दिया गया है। इसमें जलवायु परिवर्तन और स्वच्छ पर्यावरण से संबंधित विषयों को भी शामिल किया गया है। देश में मेक इन इंडिया से मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को बड़ा बढ़ावा मिला है। इस क्षेत्र में कुल रोजगार वर्ष 2017-18 में 57 मिलियन से बढ़कर वर्ष 2019-20 में 62.4 मिलियन हो गया है। विनिर्माण क्षेत्र देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में लगभग 17 प्रतिशत का योगदान देता है, जिसे बढ़ाकर 25 प्रतिशत किया जाना है। इससे कुशल श्रमिकों के लिए रोजगार के अधिक अवसर पैदा होंगे। विश्व में कौशल के बेहतर मानकों वाले देशों ने घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय रोजगार के बाजार में चुनौतियों और अवसरों के लिए अधिक प्रभावी किया गया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर के विभिन्न क्षेत्रों में टिके रहने के लिए कौशल विकास अत्यंत जरूरी है। एनएसएसओ, 2011-12 की रिपोर्ट भारत में शिक्षा और व्यावसायिक प्रशिक्षण की स्थिति के अनुसार 15-59 वर्ष की आयु के व्यक्तियों में, लगभग 2.2 प्रतिशत लोगों ने औपचारिक व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त किया है और 8.6 प्रतिशत ने अनौपचारिक व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त किया है। राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) द्वारा शुरू की गई पर्यावरण स्कैन रिपोर्ट, 2016 के अनुसार, कृषि, भवन निर्माण और रियल एस्टेट, खुदरा जैसे दो दर्जन क्षेत्रों में 2017-2022 के दौरान 103 मिलियन की अनुमानित वृद्धि है। परिवहन, भंडारण, कपड़ा-वस्त्र, शिक्षा, कौशल विकास, हथकरघा, हस्तशिल्प, ऑटो, ऑटो घटक, निजी सुरक्षा सेवाएं, खाद्य प्रसंस्करण, घरेलू मदद, पर्यटन, आतिथ्य और यात्रा, रत्न, आभूषण, सौंदर्य, कल्याण, बैंकिंग, वित्तीय सेवाओं, बीमा, दूरसंचार, फार्मास्यूटिकल्स, मीडिया और मनोरंजन आदि क्षेत्र शामिल हैं। यह वास्तव में खुशी की बात है कि कौशल विकास के मोर्चे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में बेहद प्रगति हुई है। देश में कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए 2014 में एक अलग कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (टरऊए) की स्थापना की गई। मंत्रालय ने अपनी प्रमुख योजना का तीसरा चरण - प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 3.0 (पीएमकेवीवाई 3.0) पिछले साल जनवरी में शुरू किया, जिसका उद्देश्य पूरे देश में उद्योग की जरूरतों को पूरा करने, बाजार की मांगों को पूरा करने, सेवाओं में कौशल प्रदान करने के लिए कौशल विकास को बढ़ावा देना है।

# बातों की जुगाली और नूरा कुश्ती

डॉ. सुरेश कुमार

**एक** समय था जब चार घर छोड़ दुकान चलाने वाला मेरा मित्र मेरी हर बात का आदर करता था। अब वह बहुत बदल गया है। आजकल उस पर समाचार चैनलों की चिल्लाहट का गाढ़ा रंग हावी हो चुका है। हम धर्म से अलग थे इसीलिए शिवालयों-फव्वारों की बातें होने लगी है। वह मुझे अलग नजर से देखने लगा है। मैं उसे बहुत देर से समझाने की कोशिश कर रहा हूँ। मैंने उसे विश्वास दिलाने का हरसंभव प्रयास किया। किंतु उसमें मेरे दूधमुँहे बच्चे के प्रति तनिक भी संवेदना नहीं है। मैं गिड़गिड़ाता रहा कि बच्चा घर पर भूखा है। बाकी के दो रुपए आपको लौटा दूँगा यह दूध का पैकेट दे दो। न जाने कहाँ से उसकी जुबान पर भड़ास के गुर्गे आ बैठे, वह आक्रोश में कहने लगा भाई! जमाना बदल चुका है। हरीश्चंद्र के दिन लद गए हैं। आज वही फूल सुरक्षित है जिसके सीने में पैने नश्तर होते हैं। जिनके हाथों में पत्थर होते हैं, लोग उन्हीं की बात सुनते हैं। यहाँ हर कोई ऊपर से नीचे तक पाक होने का दावा करता है लेकिन भीतर से मैलेपन की नापाक कई अस्तरें होती हैं। वह दिन और थे जब ह्यरात गई बात गईह्न कहकर एक-दूसरे के गिले-शिकवें भुला दिए जाते थे। मीठे बोल उस दरिया की तरह होते थे जो एक जगह से दूसरी जगह बहते हुए सभी में घुल-मिल जाते थे। अब तो कड़वेबोलों का बोलबाला है। जो जितना कड़वा बोलता है लोग उसी की जयजयकार करते हैं। ये धार्मिक बातें कहने को सच्ची हैं, करनी में तो एक-दूसरे का गला काटने का काम करती हैं। नहीं तो माहौल इतने बदतर क्यों होते? अब जमाना बातों की जुगाली करने और नूरा कुश्ती करने का अखाड़ा है। दवाओं की जगह दावों की दुकानें खुलने लगें तब आदमी अड़ियल नहीं तो लचीला बनेगा? अब रिश्ते पहले जैसे नहीं रहे। रिश्तों की कब्र के नीचे स्वार्थ की मिट्टी है और उसके ऊपर दिखावटी मखमल की चादर है। पहले दिल से निकलने वाली बाते सीधे मुँह के बायपास से आती थीं। अब बातें नहीं हरकतें होती हैं। शैतानी दिमाग के रास्ते होते हुए आँखों, हाथों और पैरों से। मैं उससे पूछना चाहता था कि दो रुपए के लिए इतना सब सुनाना जरूरी था क्या? लेकिन मैं समझदार था। मैंने बेवजह की जिरहों से भरे समाचार देखने वाले से दूरी बनाए रखने में भलाई समझी। वह फव्वारों और शिवालयों से खुद को अपडेट करने में खुश था और मैं इतनी बड़ी दुनिया में दूधमुँहे बच्चे के लिए दूध जुटाने में चिंतित।

## इंग्लैंड की टेस्ट टीम में अभी 'और सुधार की गुंजाइश' : कोच ब्रैंडन मैकुलम

**लंदन ।** इंग्लैंड की टेस्ट टीम के कोच के तौर पर शानदार आगाज करने वाले न्यूजीलैंड के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज ब्रैंडन मैकुलम ने कहा कि उनकी टीम में अभी 'सुधार की और गुंजाइश' है जिसमें हर परिस्थितियों में जीत दर्ज करना नया मानदंड बनना चाहिए। मैकुलम के कोच बनने के बाद इंग्लैंड ने अपने शुरुआती चार मैचों में बेहद आक्रामक रूख अपना कर सभी में जीत दर्ज की।

मैकुलम ने कहा, 'हमने अभी 'पूर्णता हासिल' नहीं की है। अभी एक महीना ही हुआ है, हमने कुछ शानदार नतीजे देखे हैं और क्रिकेट की दुनिया से इसे सराहा भी है लेकिन हमें यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि यह हमारे लिए नया मानदंड बने।' उन्होंने कहा, 'हमें खेलने के इस तरीके को हर तरह की परिस्थितियों में आजमाना होगा और यही सबसे बड़ी चुनौती होगी।' मैकुलम के कोच बनने के बाद इंग्लैंड ने पिछले 18 महीने के लचर प्रदर्शन से उबरते हुए न्यूजीलैंड को टेस्ट श्रृंखला में 3-0 और फिर भारत को पांचवें टेस्ट में हराकर शानदार वापसी की। न्यूजीलैंड के इस पूर्व कप्तान ने कहा कि घरेलू परिस्थितियों के नतीजे को विदेशों में हासिल करना टीम के लिए सबसे बड़ी चुनौती होगी। उन्होंने कहा, 'जाहिर है हमें दुनियाभर की विभिन्न परिस्थितियों में सामंजस्य बैठाना होगा। इस टीम की अच्छी बात यह है कि दोनों श्रृंखलाओं में खिलाड़ी दबाव से अच्छी तरह से निपटने में सफल रहे।



## रोजर फेडरर को 25 साल में पहली बार नहीं मिली रैंकिंग, जोकोविच 7वें स्थान पर

**विंबलडन।** रोजर फेडरर जारी नवीनतम एटीपी रैंकिंग (पुरुष एकल) से पिछले 25 वर्षों में पहली बार बाहर हो गए जबकि अपना सातवां विंबलडन खिताब जीतने वाले नोवाक जोकोविच चार स्थान की गिरावट के साथ 7वें पायदान पर खिसक गए। विंबलडन उपविजेता निक किर्गियोस इस रैंकिंग में 40वें से 45वें पायदान पर फिसल गए। जोकोविच और किर्गियोस शानदार प्रदर्शन के बाद भी रैंकिंग में सुधार नहीं कर सकें क्योंकि रूस और बेलारूस के खिलाडियों पर प्रतिबंध के कारण एटीपी और डब्ल्यूटीए ने विंबलडन में खिलाडियों को रैंकिंग अंक नहीं देने का फैसला किया था। फेडरर सितंबर 1997 में 16 साल की उम्र में पदार्पण करने के बाद से हर सप्ताह एकल रैंकिंग में जगह बनाने में सफल रहे है। वह रैंकिंग में 803 वें स्थान से अपना सफर शुरू करने के बाद शीर्ष तक पहुंचे। रैंकिंग में सबसे अधिक समय तक पहले स्थान पर रहने का उनका रिकॉर्ड जोकोविच ने तोड़ा था। विंबलडन शुरू होने से पहले फेडरर 97वें स्थान पर थे लेकिन ऑल इंग्लैंड क्लब में टूर्नामेंट खत्म होने के बाद उनके पास एक भी रैंकिंग अंक नहीं बचा। रैंकिंग खिलाड़ियों के पिछले 52 सप्ताह के प्रदर्शन पर आधारित होती है और फेडरर ने पिछले साल विंबलडन क्वार्टर फाइनल के बाद कोई प्रतिस्पर्धी मैच नहीं खेला है। उस मैच के बाद फेडरर को दायें घुटने का ऑपरेशन करना पड़ा था और वह अब तक खेल में वापसी नहीं कर सके है।



## रोनाल्डो 'बिकाऊ' नहीं हैं, हम उनसे काम करने को उत्सुक : टेन हैग

**बैंकॉक।** मैनचेस्टर यूनाइटेड के मैनेजर एरिक टेन हैग ने सोमवार को कहा कि क्रिस्टियानो रोनाल्डो 'बिक्री के लिए उपलब्ध नहीं है'। टीम सत्र पूर्व दौरे के लिए थाईलैंड में है और क्लब में अपने भविष्य को लेकर संदेह के बीच 37 साल के रोनाल्डो पारिवारिक मुद्दे के कारण यहां नहीं आए है। टेन हैग ने कहा कि वह हमारे साथ नहीं है और यह व्यक्तिगत मुद्दों के कारण है। हम इस सत्र के लिए रोनाल्डो के साथ योजना बना रहे हैं। मैं उनके साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं।

पुर्तगाल के इस स्टार खिलाड़ी ने कथित तौर पर यूनाइटेड छोडने की इच्छा जताई थी। टेन हैग ने कहा कि उन्होंने मुझसे ऐसा कुछ नहीं बताया है। मैंने इस बारे में कहीं पढ़ा है लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि क्रिस्टियानो बिक्री के लिए नहीं है। रोनाल्डो की 12 साल के लंबे अंतराल के बाद पिछले सत्र में इस क्लब में वापसी हुई है।

# शाबाश मिठू सिर्फ मिताली राज ही नहीं, यह वीमेन इन ब्लू की कहानी है : तापसी पन्नू

**नई दिल्ली।** भारत की स्टार क्रिकेटर मिताली राज ने 8 जून को लगभग 23 वर्षों के शानदार करियर के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की। 39 वर्षीय मिताली ने अपना करियर तब शुरू किया जब वह सिर्फ 16 साल की थी और भारतीय महिला क्रिकेट इतिहास में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक बन गईं। अपने 23 साल के करियर के दौरान उन्होंने सीमाओं को पार करना और रिकॉर्ड तोड़ना जारी रखा। उन्होंने खेल की ब्रांड एमबेस्डर के रूप में कार्य किया और भारत में महिला क्रिकेट की सफलता में योगदान देने वाले मुख्य कारकों में से एक थीं।

निर्देशक श्रीजीत मुखर्जी ने मिताली के जीवन यात्रा पर एक बायोपिक बनाने भी बनाई है जिसमें तापसी पन्नू को मुख्य भूमिका में है। पन्नू कई खेल-आधारित फिल्मों का हिस्सा रही हैं और उन्होंने अपने करियर में काफीफिल्मों में एक एथलीट की भूमिका निभाई है और मिताली राज की बायोपिक, जिसका नाम शाबाश मिठू है, उनकी एक और खेल से जुड़ी फिल्म है।

एक साक्षात्कार में पन्नू ने फिल्म में काम करने और प्रसिद्ध क्रिकेटर की भूमिका निभाने के अपने अनुभव का खुलासा किया और बताया कि वह एक एथलीट की तरह महसूस करती हैं और



अब एक अभिनेता की तरह महसूस नहीं करती हैं। यह पूछे जाने पर कि आगामी बायोपिक अन्य खेल-आधारित फिल्मों से अलग कैसे उभरती है उन्होंने कहा, शाबाश मिठू अलग है, नायक का कोई व्यक्तिगत संघर्ष नहीं है। आपको यह महसूस नहीं होगा कि उसके माता-पिता सहायक नहीं थे, पैसे नहीं थे, और वह गरीब थी। यह केवल मिताली ही नहीं, नीले रंग में महिलाओं की एक कहानी है। उन्होंने कहा, स्टोरी मिताली की जुबानी से बताई जा रही है। उनका बहुत लंबा करियर रहा है, उन्होंने गुमनामी देखी है, और महिला क्रिकेट को गुमनामी में रखा गया था। 10 साल से उनके करियर की कोई फुटेज नहीं था। पन्नू ने अपने जीवन में कभी क्रिकेट का बल्ला नहीं उठाया था, ऐसे में मिताली राज की भूमिका के लिए खेल सीखना जारी रखा। उन्होंने यह भी बताया कि फिल्म के लिए मिताली की शैली में शॉट्स में महारत हासिल करना और उन्हें निभाना कितना मुश्किल था। उन्होंने कहा, यह व्यक्तिगत संघर्ष की बायोपिक नहीं है। यह उस टीम के बारे में अधिक है जो सही रूप से स्वीकृति, ध्यान और प्यार मांगती है और यह क्रिकेट-प्रेमी देश उनकी अनदेखी कर रहा है। उन पर इस फिल्म को बनाने के पीछे यही पूरा विचार है क्योंकि वह कप्तान रही हैं, इस बड़े बदलाव की मशाल वाहक हैं, जिन्होंने भारत को विश्व कप फाइनल में पहुंचाया है और ओडीआई में सबसे लंबा करियर रहा है। इसलिए मैं किसी ऐसे व्यक्ति को नहीं जानती जो मिताली राज से बेहतर भारत में महिला क्रिकेट का परिचय दे सके।

# केएल राहुल के लिए अपनी ही जगह बचाना हो जाएगा मुश्किल : पूर्व खिलाड़ी का बयान

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय खिलाड़ी डोडा गणेश का कहना है कि हाल ही में आयरलैंड और इंगलैंड में जिस तरह भारतीय क्रिकेटरों सूर्यकुमार यादव और दीपक हुड्डा ने क्रिकेट खेली है, इससे केएल राहुल के लिए टीम में जगह बनाए रखना मुश्किल हो सकता है। दीपक हुड्डा और सूर्यकुमार यादव दोनों ने इन सीरीज के दौरान अपने टी20 करियर का पहला शतक लगाया। आयरलैंड के खिलाफ हुड्डा तो इंगलैंड के खिलाफ सूर्यकुमार यादव शतक लगाने में सफल रहे। दोनों की स्ट्राइक रेट 200 से ज्यादा रही थी। गणेश का मानना है कि राहुल को छोटे प्रारूप में अपनी जगह बनाए रखने के लिए उसी तरह बल्लेबाजी करनी होगी, जैसे वह पांच साल पहले करते



थे। उन्होंने कहा- हुड्डा और स्काई ने अपने इंटेंट से दिखाया है कि टी20 बल्लेबाजी कैसे की जाती है। अब समय आ गया है कि केएल राहुल भी खुद का स्तर उठाएं और उसी तरह बल्लेबाजी करें जैसे वह 2016/17 में करते थे। अगर वह आईपीएल की तरह वेटिंग गेम खेलना जारी रखते हैं, तो उन्हें अपनी जगह बनाए रखने के लिए संघर्ष करना पड़ेगा। गणेश को लगता है कि टी20 में बल्लेबाजी का यही सही तरीका है।

गणेश का यह बयान इसलिए भी अहम है क्योंकि केएल राहुल भले ही रन बना रहे हैं लेकिन उनका स्ट्राइक रेट उतना अच्छा नहीं है। सूर्यकुमार और दीपक हुड्डा की बात की जाए तो दोनों 150 की स्ट्राइक रेट से रन बना रहे हैं। केएल राहुल फिलहाल चोटिल होने के कारण टीम से दूर हैं। उम्मीद है कि वह एशिया कप से पहले टीम के साथ जुड़ जाएंगे। तब बीसीसीआई के सामने प्लेइंग-11 चुनना और भी मुश्किल हो जाएगा।

## चांदीमल के दोहरे शतक, जयसूर्या के 12 विकेट से श्रीलंका जीता दूसरा टेस्ट, सीरीज ड्रा

**गॉल ।** अनुभवी दिनेश चांदीमल के नाबाद दोहरे शतक और बायें हाथ के स्पिनर प्रभात जयसूर्या के दोनों पारियों में छह-छह विकेट से श्रीलंका दूसरे टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया को पारी और 39 रन से करारी



शिकस्त देकर दो मैचों की श्रृंखला एक-एक से बराबर कर ली। ऑस्ट्रेलिया की टीम दिन के आखिरी सत्र में नौ विकेट गंवा कर एक दिन का खेल बाकी रहते मैच हार गयी।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रीलंका की यह पारी से पहली जीत है। श्रीलंका ने अपनी पहली पारी में 554 रन बनाने के बाद 190 रन की बढ़त ली और फिर ऑस्ट्रेलिया को 151 रन पर आउट कर दिया। ऑस्ट्रेलिया को सलामी बल्लेबाजों ने दूसरी पारी में अच्छी शुरुआत दिलाई लेकिन रमेश मेंडिस ने डेविड वार्नर (24) को पगबाधा कर उस्मान ख्वाजा (29) के साथ उनकी 49 रन की साझेदारी को तोड़ा इसके बाद जयसूर्या ने मध्यक्रम के बल्लेबाजों को क्रीज पर रुकने का मौका नहीं दिया।टेस्ट मैच से पहले कई खिलाड़ियों के कोरोना वायरस से संक्रमित होने के कारण टीम में जगह पाने वाले जयसूर्या ने गेंद पर शानदार नियंत्रण के साथ अपनी फिरकी पर ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को खूब नचाया। यह पदार्पण पर किसी गेंदबाज का चौथा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। श्रृंखला के शुरुआती मैच में तीन दिन के अंदर 10 विकेट से गंवाने के बाद श्रीलंका ने शानदार वापसी की।

# कोहली को छोड़ें, जब कोई दूसरा रन नहीं बनाता तो उसपर बात क्यों नहीं होती : सुनील गावस्कर

**नई दिल्ली।** टीम इंडिया के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर लगातार विराट कोहली की हो रही निंदा से निराश है। उनका कहना है कि विराट अभी भी रन बना रहा है। वह जब भी छोटी पारी खेलता है तो उसकी निंदा शुरू हो जाती है। गावस्कर ने कहा कि मुझे समझ नहीं आता जब रोहित शर्मा रन नहीं बनाते हैं, कोई इसके बारे में बात नहीं करता है। जब दूसरे बल्लेबाज रन नहीं बनाते हैं तो कोई इसके बारे में बात नहीं करता है। फॉर्म अस्थाई है और वर्ग स्थाई। आप केवल एक खिलाड़ी के बारे में पूछ रहे हैं। जिस तरह का टेम्प्लेट टीम इंडिया ने शुरू किया है, खिलाड़ी असफल होंगे ही। हमारा काम है उनका उत्साह बढ़ाए रखना।

टी-20 फार्मेट में सूर्यकुमार यादव, दीपक हुड्डा के बढिया प्रदर्शन के कारण आगामी टी-20 विश्व कप में विराट कोहली के स्थान को लेकर आशंका पैदा हो गई है। बार-बार टीम कप्तान रोहित



शर्मा से कोहली को टीम से ड्राप करने बाबत सवाल पूछे जा रहे हैं। ऐसे में गावस्कर ने कहा कि अभी एशिया कप होना है इसमें आप अंतिम आकलन कर लें। एशिया कप से ही टी-20 विश्व कप के लिए टीम का चयन होना चाहिए।

गावस्कर बोले- हमारे पास एक अच्छी चयन समिति है। टीम के ऐलान में अभी दो महीने बाकी हैं और यहां तक कि एशिया कप भी बाकी है। आप वहां फॉर्म देख सकते हैं और अपनी टीम चुन सकते हैं। हमें कुछ समय देना चाहिए। बता दें कि आगामी अक्तूबर से ऑस्ट्रेलिया में टी-20 विश्व कप होना है। इसको लेकर टीम इंडिया जोरों से तैयारियों पर लगी हुई है। विश्व कप से पहले टीम इंडिया लगातार मुकाबले खेल रही है। इंगलैंड के बाद विंडीज टीम के खिलाफ टीम इंडिया अपना क्षमता परख रही है। इसके बाद एशिया कप में बड़े मुकाबले होने की संभावना है। ऑस्ट्रेलिया की तेज पिचों पर भारत अपने सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज ले जाने की कोशिश करेगा।

*गावस्कर ने कहा कि मुझे समझ नहीं आता जब रोहित शर्मा रन नहीं बनाते हैं, कोई इसके बारे में बात नहीं करता है। जब दूसरे बल्लेबाज रन नहीं बनाते हैं तो कोई इसके बारे में बात नहीं करता है।*

## कॉमनवैल्थ गेम्स के लिए महिला क्रिकेट टीम घोषित, हरमनप्रीत को कमान

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने कॉमनवैल्थ गेम्स के लिए महिला टीम की घोषणा कर दी है। लंबे समय बाद कॉमनवैल्थ में क्रिकेट की एंट्री हुई है।

इस बार महिलाओं की कैटेगिरी गेम में रखी गई है। ऑलराऊंडर हरमनप्रीत कौर इस टीम की कमान संभालती नजर आएंगी। बीसीसीआई वुमैन ने एक ट्विट किया है जिसमें टीम की घोषणा है। कॉमनवैल्थ गेम्स 28 जुलाई से 8 अगस्त तक बर्मिंघम में आयोजित होनी है।

**ऐसा होगी भारतीय टीम**

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, शैफाली वर्मा, मेघना सिंह, यास्तिका शर्मा, तानिया भाटिया, दीप्ति शर्मा, राजेश्वरी गायकवाड़, पूजा, मेघना सिंह, रेणुका सिंह, जेमिमाह रोड्रिगेज, राधा यादव, हरलीन देओल, स्नेह राणा।

# मदन लाल का बयान- ट्वंटी-20 क्रिकेट में उमरान मलिक को मौका न दें, वह...

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के गेंदबाज उमरान मलिक ने आईपीएल 2022 में बढिया प्रदर्शन कर टीम इंडिया में जगह पाई। उन्हें कुछ मौके जरूर दिए गए लेकिन वह इसे पूरी तरह से भुना नहीं पाए। उनकी गेंदें काफी स्पीड से निकली लेकिन इसपर रन भी बहुत आए। कई अवसर पर वह लक्ष्य से भटकते हुए भी दिखे। ऐसे में भारत के पूर्व क्रिकेटर मदन लाल अब उमरान मलिक के लिए एक सलाह लेकर आए हैं। मदद लाल का कहना है कि उमरान मलिक को टी20ई की बजाय टेस्ट में ज्यादा मौके दिए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि उमरान अपने करियर के शुरुआती दौर में हैं और उनकी गेंदबाजी शैली इस समय एक आयामी है। उनके पास उन विविधताओं का अभाव है जिनकी सबसे छोटे प्रारूप में बहुत जरूरत है। उमरान ने इंगलैंड के खिलाफ चार ओवरों में 56 रन दे दिए थे। ऐसे में मदद लाल ने कहा कि उसे टी20 क्रिकेट न खेलने दें। उसे टेस्ट मैच खेलने के लिए कहें। उसे ऐसे ही सख्त करो। एक तेज गेंदबाज के तौर पर मैं कहता हूं कि वह बहुत अच्छे गेंदबाज हैं लेकिन आपको उन्हें गेंदबाज बनाना होगा।

मदन लाल ने कहा- उसे टेस्ट क्रिकेट में मौका देना चाहिए जहां वह 10-15 ओवर गेंदबाजी कर सके और विकेट हासिल करने का हुनर सीखें। बीच के ओवरों में विकेट लेने की उमरान के पास क्षमता है। हालांकि उनकी इकोनमी बहुत अधिक है। वह जितने विकेट ले रहे हैं, उतने रनों की भरपाई नहीं कर पा रहे। आप देखेंगे कि टी-20 में उनकी गेंद बल्ले पर अच्छी तरह से आ रही थी। मैंने पहले कहा था कि अगर आप विकेट नहीं लेते हैं और गेंद को मूव नहीं करते हैं तो स्पीड ज्यादा काम की नहीं होगी। वह अनुभवहीन हैं। अनुभव टेस्ट मैचों से आएगा। अगर मैं चयनकर्ता होता तो मैं उन्हें टी20 टीम में नहीं लेता।जम्मू-कश्मीर के गेंदबाज उमरान मलिक ने आईपीएल 2022 में बढ़िया प्रदर्शन कर टीम इंडिया में जगह पाई। उन्हें कुछ मौके जरूर दिए गए लेकिन वह इसे पूरी तरह से भुना नहीं पाए। उनकी गेंदें काफी स्पीड से निकली लेकिन इसपर रन भी बहुत आए। कई अवसर पर वह लक्ष्य से भटकते हुए भी दिखे।



ऐसे में भारत के पूर्व क्रिकेटर मदन लाल अब उमरान मलिक के लिए एक सलाह लेकर आए हैं। मदद लाल का कहना है कि उमरान मलिक को टी20ई की बजाय टेस्ट में ज्यादा मौके दिए जाने चाहिए।उन्होंने कहा कि उमरान अपने करियर के शुरुआती दौर में हैं और उनकी गेंदबाजी शैली इस समय एक आयामी है। उनके पास उन विविधताओं का अभाव है जिनकी सबसे छोटे प्रारूप में बहुत जरूरत है। उमरान ने इंगलैंड के खिलाफ चार ओवरों में 56 रन दे दिए थे। ऐसे में मदद लाल ने कहा कि उसे टी20 क्रिकेट न खेलने दें। उसे टेस्ट मैच खेलने के लिए कहें। उसे ऐसे ही सख्त करो। एक तेज गेंदबाज के तौर पर मैं कहता हूं कि वह बहुत अच्छे गेंदबाज हैं लेकिन आपको उन्हें गेंदबाज बनाना होगा।

मदन लाल ने कहा- उसे टेस्ट क्रिकेट में मौका देना चाहिए जहां वह 10-15 ओवर गेंदबाजी कर सके और विकेट हासिल करने का हुनर सीखें। बीच के ओवरों में विकेट लेने की उमरान के पास क्षमता है। हालांकि उनकी इकोनमी बहुत अधिक है।

# सविता के शानदार प्रदर्शन से महिला हॉकी विश्व कप में भारत ने पहली जीत दर्ज की

**टेरेसा (स्पेन)।** कप्तान और गोलकीपर सविता के शानदार प्रदर्शन से भारत ने मंगलवार को यहां एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप के क्लासिफिकेशन मुकाबले में कनाडा को शूट आउट में 3-2 से हराकर टूर्नामेंट में पहली जीत दर्ज की। निर्धारित समय के बाद दोनों टीम 1-1 से बराबर थीं। मेडेलाइन सेको ने 11वें मिनट में ही कनाडा को बढ़त दिला दी थी लेकिन भारत 58वें मिनट में सलीमा टेटे के गोल से बराबरी हासिल करने में सफल रहा। भारत की जीत में हालांकि सबसे अहम भूमिका गोलकीपर सविता की रही जिससे टीम टूर्नामेंट में पहली जीत दर्ज कर सकी। नौवें से 16वें स्थान के क्लासिफिकेशन मुकाबले में भारतीय कप्तान ने शूट आउट में विरोधी टीम के छह प्रयासों को नाकाम किया जबकि नवनीत कौर, सोनिका और नेहा ने गोल दागकर भारत की जीत सुनिश्चित



की। स्पेन के खिलाफ क्रॉसओवर में निराशाजनक हार के बाद भारत ने कनाडा के खिलाफ आक्रामक शुरुआत की।

भारत के शुरुआती दबाव से निपटने के बाद कनाडा ने गेंद को गोल में पहुंचा दिया लेकिन रैफरी ने इसे अस्वीकृत करते हुए पेनल्टी कॉर्नर दिया और नताली सोरिस्यू गोल करने में नाकाम रहीं। कनाडा को इसके कुछ मिनट बाद एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला और इस बार टीम ने वैरिएशन पर गोल दाग दिया। कैथलीन लीही ने भारतीय डिफेंस को भ्रमित करते हुए गेंद सेको की ओर बढ़ाई जिन्होंने इसे गोल में पहुंचा दिया।

भारत ने दूसरे क्वार्टर में मजबूत शुरुआत की और कई बार कनाडा की रक्षापंक्ति को भेदा लेकिन गोल करने में सफलता नहीं मिली। मोनिका ने कई अच्छे मूव बनाए जबकि नवनीत कौर, नेहा और वंदना कटारिया की तिकड़ी ने कनाडा के डिफेंस को लगातार दबाव में रखा। नवनीत और वंदना ने 25वें मिनट में शानदार मूव बनाया लेकिन इनके प्रयास को गोलकीपर रोवन हैरिस ने नाकाम कर दिया। मध्यांतर के बाद भी भारत ने हमले जारी रखे। लालरेमसियामी ने कनाडा की रक्षापंक्ति को भेदने की कोशिश लेकिन विफल रहीं। भारत को बराबरी हासिल करने का शानदार मौका मिला लेकिन सर्कल के अंदर से नवजोत कौर का शॉट गोल पोस्ट के ऊपर से निकल गया। सविता ने इसके बाद पेनल्टी कॉर्नर पर शानदार बचाव करते हुए कनाडा को बढ़त दोगुनी करने से रोका। भारत को तीसरे क्वार्टर के अंतिम लम्हों में लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन टीम इसे गोल में नहीं बदल सकी। शुरुआती गोल के बाद कनाडा की टीम अधिक मौके नहीं बना सकी।

चौथे और अंतिम क्वार्टर में भी भारत ने बराबरी का गोल करने के लिए प्रयास जारी रखा। भारत को कई पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन गुरजीत कौर इन्हें गोल में नहीं बदल सकी। भारत को अंततः सलीमा टेटे ने बराबरी दिलाई जब पेनल्टी कॉर्नर पर गुरजीत की ड्रैग फ्लिक को कनाडा की गोलकीपर के रोकने के बाद उन्होंने रिबाउंड पर गोल दागा। कार्ली योहानसन को पेनल्टी कॉर्नर पर कनाडा को एक बार फिर बढ़त दिलाने का मौका मिला लेकिन वह गोल नहीं कर सकी। भारत नौवें से 12वें स्थान के प्ले आफ में बुधवार को जापान से भिड़ेगा।

# 94 वर्षीय भगवानी देवी ने विश्व मास्टर्स एथलेटिक्स में जीता गोल्ड

**टाम्परे (फिनलैंड)।** भारत की 94 वर्षीय धावक भगवानी देवी ने टाम्परे में आयोजित विश्व मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 100 मीटर स्प्रिंट में स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने 24.74 सेकेंड के समय के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। भगवानी ने शॉटपुट में भी कांस्य पदक हासिल किया है। भगवानी देवी की इस उपलब्धि पर खेल विभाग, युवा मामले और खेल मंत्रालय ने ट्वीट किया, भारत की 94 वर्षीय भगवानी देवी जी ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि उम्र कोई बाधा नहीं है! उन्होंने टाम्परे में विश्व मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 100 मीटर स्प्रिंट स्पर्धा में 24.74 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने शॉट में एक कांस्य भी जीता। वास्तव में सराहनीय प्रयास!! वर्ल्ड मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप 29 जून से 10 जुलाई तक टाम्परे में आयोजित की गई थी। यह 35 वर्ष और उससे अधिक आयु के पुरुष और महिला एथलीटों के लिए एथलेटिक्स (ट्रैक एंड फील्ड) के खेल के लिए एक विश्व चैंपियनशिप-कैलिबर इवेंट है।

## श्रीलंका में अब साइकिल बनी सहारा, तेल की किल्लत व महंगे दाम से बढ़ी मांग

**कोलंबो।** श्रीलंका ऐतिहासिक आर्थिक संकट से जूझ रहा है। खाने पीने के सामान से लेकर ईंधन तक सबके दाम बेतहाशा बढ़ चुके हैं और अब तो इनका मिलना भी मुश्किल हो रहा है। ईंधन नहीं मिलने से वाहनों के चक्के थम गए हैं। ऐसे में जिंदगी की रफ्तार को बनाए रखने के लिए लोग विकल्प के रूप में साइकिलों को चुन रहे हैं।

'जीवन चलने का नाम, चलते रहो सुबह-शाम' गीत वैसे तो हर दौर के लिए मौजूं है, लेकिन आर्थिक दुश्वारियों से जूझ रहे श्रीलंकावासियों पर सटीक बैठ रहा है। रोजमर्रा के कामकाज के लिए साइकिल अब उनकी पहली पसंद बनती जा रही है। महंगाई और किल्लत ने उन्हें इसके लिए मजबूर कर दिया है। आम और खास सभी लोग आवश्यक कामकाज के लिए साइकिल को सहारा बना रहे हैं।

**घंटों कतार में लगने के बाद भी नहीं मिल रहा पेट्रोल**

लोगों का कहना है कि वे पेट्रोल के लिए घंटों कतार में लगकर इंतजार नहीं कर सकते। कतारों में लगने के बाद भी पेट्रोल-डीजल नहीं मिल रहा है। ऐसे में राजधानी कोलंबो के एक ग्राहक ने कहा, कई लोगों ने साइकिल और सार्वजनिक वाहनों से आवाजाही शुरू कर दी है। देश में साइकिल की मांग भी लगातार बढ़ती जा रही है।

**टमाटर 1000 रुपये किलो तो आलू 800**

श्रीलंका के लोग दाने-दाने का मोहताज हो गए हैं। हालात यह हो गए हैं कि 1000 रुपये किलो टमाटर और 800 रुपये किलो आलू बिक रहा है। लोगों को न गैस मिल रही है और न ही बिजली। लोग लकड़ी के चूल्हे पर खाना बनाने को मजबूर हैं। कोलंबो के लोगों का कहना है कि ये हालात चीन के बहकावे में आए श्रीलंका सरकार के गलत फैसलों की वजह से हुआ है।




**आर-पार के मूड में जनता, राष्ट्रपति व पीएम निवास में डेरा**

श्रीलंका में प्रदर्शनकारियों का विरोध लगातार जारी है। इस बार सभी प्रदर्शनकारी आर-पार के मूड में दिख रहे हैं और राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे, प्रधानमंत्री के घरों में डेरा डाले हुए हैं। इन सभी का कहना है कि जब तक हमारी मांगें नहीं मान ली जाती तब तक हमलोग यहां से हटने वाले नहीं है। दरअसल श्रीलंका में जनाक्रोश के चलते गोटबाया सरकार का पतन हो चुका है और सेना जैसे तैसे हालात को संभाल रही है। देश के पास आवश्यक सामान आयात करने का पैसा नहीं है। विदेशी मुद्रा भंडार सूख गया है।

**साजिथ प्रेमदासा अंतरिम राष्ट्रपति**

सोमवार को सर्वसम्मति से साजिथ प्रेमदासा को अंतरिम राष्ट्रपति पद के लिए नामित करने का फैसला किया है। वहीं श्रीलंका की संसद में 20 जुलाई को नए राष्ट्रपति का चुनाव होगा। श्रीलंका की संसद 20 जुलाई को नए राष्ट्रपति का चुनाव करेगी। स्पीकर महिंदा यापा अबेवर्दने ने सोमवार को इसकी जानकारी दी।

**राष्ट्रपति के भाई को भागने से रोका**

उधर, प्रदर्शनकारियों के डर से राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे के छोटे भाई बासिल राजपक्षे विदेश फरार होना चाहते थे लेकिन एयरपोर्ट कर्मचारियों ने इसका जोरदार विरोध किया जिससे उन्हें उल्टे पांव लौटना पड़ा। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार बासिल राजपक्षे कोलंबो अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर जैसे ही पहुंचे वैसे ही एयरपोर्ट के इमीग्रेशन स्टाफ और यूनियन ने बीती रात कामकाज बंद कर दिया और उनका विरोध करने लगे। कर्मचारियों ने जमकर नारेबाजी भी की। बासिल राजपक्षे सिल्क रूट का इस्तेमाल करके श्रीलंका से बाहर जाना चाहते थे।

## ब्रिटेन में आतंकी प्रसार के लिए पाकिस्तान जिम्मेदार, रिपोर्ट में 1993 की कश्मीर जिहाद का भी जिक्र

**लंदन।** ब्रिटेन के सुरक्षा विश्लेषक काइल ऑर्टन ने कहा है कि पाकिस्तानी नीतियों ने पिछले काफी समय से आतंकवाद को बढ़ावा दिया है। उसने हमेशा खुद को आड़ में रखा, जबकि जिहादी नेटवर्क



ने ब्रिटेन में पैर फैला लिए। उन्होंने ब्रिटेन में आतंकी वारदातों के लिए पाकिस्तान को जिम्मेदार ठहराया। इस रिपोर्ट में बताया गया कि पश्चिम ने हमेशा 7/7 और 9/11 के सबक को नजरअंदाज किया लेकिन इस दौरान अंतरराष्ट्रीय जिहादी नेटवर्क ने ब्रिटेन में जगह बना ली। पॉलिसी रिसर्च ग्रुप की इस रिपोर्ट के मुताबिक, सितंबर 2005 में अलकायदा ने मोहम्मद सिद्दीकी खान नाम से एक आतंकी का वीडियो जारी किया, जिसमें वह पश्चिम के खिलाफ युद्ध का एलान कर रहा है।

पाकिस्तान में आईएसआई संचालित मसूद अजहर, ने 1993 में कश्मीर में जिहाद के लिए धन उगाने, आतंकियों को भर्ती करने व लोकल नेटवर्क के लिए ब्रिटेन का दौरा भी किया। इसके बाद कुछ आतंकी नेटवर्क आईएस में शामिल हो गए।

## किम कार्दशियन जैसी दिखने के लिए करवाई इतनी सर्जरी कि अब शीशे में चेहरा देखना हुआ भयानक, मॉडल ने 40 सर्जरी पर खर्च किए 4 करोड़

**वर्साचे।** ग्लैमर वर्ल्ड में खूबसूरती के चक्कर में अकसर मॉडल तरह तरह की कॉस्मेटिक सर्जरी करवातीं है लेकिन कई बार यह सर्जरी कामयाब नहीं हो पाती और भगवान का दी हुई अच्छी भली काया भी बिगाड़ कर बैठ जाते हैं कुछ ऐसा ही हुआ एक मशहूर मॉडल के साथ जिसे किम कार्दशियन जैसा लुक पाने की बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ी है। दरअसल, वर्साचे की मशहूर मॉडल जैनिफर पांप्लोना ने की तरह के कॉस्मैटिक एक्सपेरिमेंट करवाए जिसके लिए उसे तकरीबन 4 करोड़ 77 लाख रुपये खर्च भी किए लेकिन वह किम कादर्शियन



जैसा दिखा तो दूर वह अपना वास्तविक चेहरा भी गंवा बैठी आज वह खुद अपना चेहरा शीशे में नहीं देख सकती। अब उनकी शक्ल बहुत ही भयानक हो गई है। बात करें जैनिफर के मामले की तो न्यूयॉर्क पोस्ट की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि उन्होंने पिछले 12 सालों के अंतराल में खुद पर 40 से ज्यादा ब्यूटी ऑपरेशन्स करवाए जिसके बदले में उन्हें सिर्फ तकलीफ और ये भयानक चेहरा मिला है। जैनिफर का चाहना था कि किसी तरह से उनका चेहरा बस किम कादर्शियन जैसा हो जाए। रिपोर्ट के मुताबिक जैनिफर ने बताया कि लोग मुझे कादर्शियन कहा करते थे और ये धीरे-धीरे मेरे दिमाग पर चढ़ने लगा और मैंने किम कादर्शियन जैसा दिखने के लिए पहली बार सर्जरी कराई उस समय मेरी उम्र महज सिर्फ 17 साल की थीं। तब मेरी पॉपुलैरिटी तेजी से बढ़ी थी। इसके बाद उन्होंने तीन बार राइनोप्लास्टिक्स और 8 बार अपने कूल्हों का ऑपरेशन करवाया जिसमें बट इम्प्लांट्स और फैट इंजेक्शन्स जैसी चीजें शामिल थीं। उन्होंने फेस और नेक लिफ्ट सर्जरी करवाई। बक्कल फैट रिमूवल और कैट आय सर्जरी जैसे ढेरों ऑपरेशन करवा डाले। अब केस बिगड़ने के बाद वह किसी भी तरह अपना पुराना चेहरा वापस चाहती हैं।

## बुधवार को दिख सकता है सुपरमून

**वाशिंगटन।** यदि आप पिछले महीने सुपरमून के साक्षी बनने से चूक गए हैं, तो आपके पास एक और मौका है। इस माह पूर्णिमा बुधवार को है। इसी समय चंद्रमा की कक्षा उसे पृथ्वी के सामान्य से अधिक करीब लाएगी। इस खगोलीय घटना को को सुपरमून कहा जाता है। सुपरमून वह खगोलीय घटना है जिसके दौरान चंद्रमा पृथ्वी के सबसे करीब होता है। इस दौरान यदि मौसम अनुकूल हो तो चंद्रमा अधिक चमकीला और अधिक बड़ा दिखाई दे सकता है। बुधवार की पूर्णिमा को ''बक मून'' नाम दिया गया है। ऐसा साल के उस समय के संदर्भ में किया गया है, जब हिरन के नए सींग उगते हैं।

## पांच सितंबर को होगा ब्रिटेन के नए पीएम के नाम का एलान, मतदान से होगा फैसला

**लंदन।** टोरी नेतृत्व के चुनावों के लिए जिम्मेदार निकाय ने सोमवार को कहा कि ब्रिटेन की गवर्निंग कंजर्वेटिव पार्टी के नए नेता की घोषणा 5 सितंबर को की जाएगी। यह नेता ब्रिटिश प्रधानमंत्री के रूप में बोरिस जॉनसन का स्थान लेगा। 1922 में कंजर्वेटिव बैकबेंच सांसदों की समिति ने चुनाव के लिए समय सारिणी और नियम निर्धारित किए जो आधिकारिक तौर पर खुलेगा और मंगलवार को नामांकन के लिए भी बंद होगा। अब तक ब्रिटिश भारतीय पूर्व मंत्री ऋषि सनक और विदेश सचिव लिज ट्रस जैसे प्रमुख उम्मीदवारों के नेतृत्व में 11 उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ने का अपना इरादा घोषित किया है। 1922 समिति के अध्यक्ष सर ग्राहम ब्रैडी ने कहा कि हम बहुत उत्सुक हैं कि हम इसे



सुचारू रूप से साफ-सुथरा और तेजी से पूरा कर लें। हमें 5 सितंबर को नए नेता का नाम घोषित कर देना चाहिए। सोमवार को एक महत्वपूर्ण बैठक के दौरान समिति द्वारा मतदान किए गए नए नियमों का मतलब है कि संसद के टोरी सदस्य जो खुद को कंजरवेटिव पार्टी के नेता बनने के लिए आगे रखते हैं, उन्हें चुनाव में जाने के लिए कम से कम 20 अन्य टोरी सांसदों का समर्थन होना चाहिए। फिर इन उम्मीदवारों को अगले दौर में जाने के लिए कम से कम 30 मतों की आवश्यकता होगी, या टोरी सांसदों का केवल 10 प्रतिशत से कम।

पहला मतदान बुधवार को और दूसरा मतदान गुरुवार को होगा, और मुकाबला नजदीकी हो जाएगा। अगर इस सप्ताह के अंत तक अंतिम दो उम्मीदवारों तक पहुंचने की दौड़ समाप्त नहीं होती है तो अगले सप्ताह और मतपत्रों का प्रावधान है। कंजरवेटिव पार्टी के 358 सांसदों में से कई ने अभी तक यह घोषित नहीं किया है कि वे किसे समर्थन देंगे और शॉर्टलिस्ट किए गए नामों के बारे में अगले कुछ सप्ताह में स्थिति स्पष्ट होने की संभावना है।

## यूक्रेन युद्ध पर भारत की दो टूक, निर्दोष लोगों की जान लेकर किसी समाधान पर नहीं पहुंच सकते

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक के दौरान संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की ब्रीफिंग में भारत ने एक बार फिर से यूक्रेन संकट पर चिंता जताई है। बैठक के दौरान संयुक्त राष्ट्र में भारतीय स्थाई मिशन के काउंसलर प्रतीक माथुर ने दो टूक में जवाब देते हुए कहा कि भारत का मानना है कि निर्दोष लोगों की जान की कीमत पर कोई समाधान नहीं निकाला जा सकता है। हम अपनी इस बात को फिर से दोहराना चाहते हैं कि हमारी वैश्विक व्यवस्था अंतरराष्ट्रीय कानून, संयुक्त राष्ट्र चार्टर और क्षेत्रीय अखंडता और राज्यों की संप्रभुता के सम्मान पर आधारित है। उन्होंने कहा कि हम यूक्रेन के लोगों की पीड़ा को कम करने के सभी प्रयासों का समर्थन करते हैं, विशेष रूप से यूक्रेन और रूसी संघ के बीच बातचीत को प्रोत्साहित करते हैं।



**भारत यूक्रेन की स्थिति को लेकर काफी चिंतितः प्रतीक माथुर**

प्रतीक माथुर ने कहा कि भारत यूक्रेन की स्थिति को लेकर काफी चिंतित है। संघर्ष के परिणामस्वरूप अपने लोगों, विशेष रूप से महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों के जीवन को अनगिनत दुखों का सामना करना पड़ा है। लाखों लोग बेघर हो गए और पड़ोसी देशों में शरण लेने के लिए मजबूर हो गए। संघर्ष की शुरुआत से, भारत लगातार सभी तरह की शत्रुताओं को पूरी तरह से खत्म करने का आह्वान करता रहा है और शांति, संवाद एवं कूटनीति के हिस्से की वकालत करता रहा है।

**दोनों देशों की जंग में अब तक 15 हजार लोगों की मौत**

बता दें कि दोनों देशों के बीच जंग अभी भी छिड़ी हुई है और इसके कारण अब तक लगभग 15 हजार लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें 4000 से अधिक आम नागरिकों की मौत हुई है। जबकि 10 हजार से अधिक सैनिकों की मौत हुई है।


## जेनिफर लोपेज ने जीवन शैली बदल सेहत सुधारी, ज्यादा काम और नींद नहीं लेने से आया था पैनिक अटैक

**लॉस एंजलिस।** हद से ज्यादा काम और पर्याप्त नींद नहीं लेने का खामियाजा जेनिफर लोपेज को भी भुगतना पड़ा लेकिन उन्होंने जीवन शैली बदलकर सेहत सुधारी। मशहूर गायिका-अभिनेत्री जेनिफर लोपेज (52) ने खुलासा किया है कि एक दौर में दिन-रात काम के कारण भारी थकान से वह गंभीर पैनिक अटैक का शिकार हो गई थीं। उन्हें लगने लगा था कि वह पागल तो नहीं हो गई हैं।

प्रशंसकों के लिए जारी होने वाले ताजा 'ऑन द जेलो' न्यूजलैटर में उन्होंने लिखा, उम्र के दूसरे दशक के अंत में (27-29 साल) जब वे ख्याति पा रही थीं और लग रहा था कि वह अजेय हैं, तभी एक दिन शारीरिक तौर पर अपाहिज होने का तगड़ा झटका लगा।

**पहली बार सुने पैनिक अटैक शब्द**

सुरक्षाकर्मी उन्हें लेकर फौरन डॉक्टर के पास भागे। वहां पता लगा कि पैनिक अटैक आया है। उनके मुताबिक, असल में ये शब्द ही मैंने पहली बार सुने थे। विशेषज्ञ के पास जाकर पूछा कि क्या मैं पागल हो गई हूं। मेरी हालत देखकर उन्होंने हौसला बंधाते हुए कहा, ऐसा नहीं है, लेकिन मुझे सात से नौ घंटे नींद लेनी पड़ेगी।



कैफीन का सेवन बंद करना होगा और कसरत करनी पड़ेगी।

**सिर्फ तीन घंटे की नींद ने किया बुरा हाल**

52 वर्षीय लोपेज के मुताबिक, उस दौर में मैं रात में सिर्फ तीन से पांच घंटे ही सोया करती थी। पूरे दिन और कई रातें स्टूडियो के सेट पर वीडियो बनाते-बनाते ही कट जाती थीं। यहां तक कि वीकेंड पर भी फिल्मांकन चलता रहता था। तभी एक रोज काम करते-करते महसूस हुआ कि मेरा शरीर बर्फ की तरह जम गया है। न कुछ साफ दिखाई पड़ रहा था और न ही मुंह से कोई अल्फाज निकल पा रहा था।

**शरीर और दिमागी सेहत नजरअंदाज करना हो सकता है नुकसानदायक**

मुझे पहली बार लगा कि शरीर और दिमागी सेहत को नजरअंदाज करना कितना नुकसानदायक हो सकता है। उस दौरान आलम यह था कि अपने शारीरिक लक्षणों से मैं बुरी तरह भयभीत हो गई थी। तभी मेरी फिटनेस का सिलसिला शुरू हुआ। जो आज मेरा स्वरूप है, वह इसी का नतीजा है। उस भयावह अनुभव के बाद मैंने स्वस्थ और संतुलित जीवन को मकसद बनाया।

## सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर भगोड़े विजय माल्या ने दी यह प्रतिक्रिया

**लदंन।** पिछले पांच से अधिक समय से ब्रिटेन में रह रहे विमानन कंपनी 'किंगफिशन एयरलाइंस' के पूर्व मालिक विजय माल्या ने अदालत की अवमानना के मामले में उसे चार महीने की सजा देने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर निराशा जताई। सुप्रीम कोर्ट ने भगोड़े कारोबारी विजय माल्या को अदालत की अवमानना के मामले में सोमवार को चार महीने की सजा सुनाई। इसके साथ ही अदालत ने केंद्र को निर्देश दिया कि वह कारावास की सजा काटने के लिए भगोड़े कारोबारी की उपस्थिति सुनिश्चित करे, जो 2016 से ब्रिटेन में है।

66 वर्षीय माल्या ने कहा, ''मेरे पास सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर यह कहने के अलावा और कुछ नहीं है कि मैं जाहिर तौर पर निराश हूं।' न्यायमूर्ति यू. यू. ललित की अध्यक्षता वाली एक पीठ ने माल्या पर 2000 रुपये का जुर्माना भी लगाया। माल्या को अवमानना के लिए नौ मई, 2017 को दोषी ठहराया गया था। शीर्ष अदालत ने 2017 के फैसले पर पुनर्विचार के लिए माल्या की ओर से दायर पुनर्विचार याचिका 2020 में खारिज कर दी थी।

## खारकीव में घातक हमले, यूक्रेन बोला- रूसी सेना के हमले पूरी तरह आतंकवाद

**कीव :** रूस-यूक्रेन युद्ध में रूसी सेना ने यूक्रेनी खारकीव शहर पर जबरदस्त गोलाबारी की जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई और 28 लोग घायल हो गए हैं। उधर, दोनेस्क क्षेत्र की एक इमारत पर रूसी रॉकेट के हमले में मरने वालों की संख्या 15 से बढ़कर सोमवार को 24 हो गई। स्थानीय प्रशासक ने हमलों को 'पूरी तरह से आतंकवाद' करार दिया। खारकीव के क्षेत्रीय गवर्नर ओलेह सिनेहबोव ने कहा, खारकीव पर जिस निर्दयता से हमले हो रहे हैं वह पूरी तरह रूसी आतंकवाद है। जबकि अमेरिकी अफसर ने दावा किया है कि रूस खारकीव में यूक्रेन से अलग एक नई सार्वजनिक प्रणाली बनाना चाहता है। इन इलाकों में खारकीव का अलग झंडा भी फहराया जाता है। जबकि यूक्रेन के पूर्वी और दक्षिणी क्षेत्र के लुहांस्क, दोनेस्क, खेरसॉन और मैरियूपोल शहरों पर रूसी सेना पहले ही कब्जा जमा चुकी है। खारकीव क्षेत्र के गवर्नर ने कहा रूसी सेना ने पूर्वोत्तर शहर पर तीन मिसाइलें दागीं और इनसे सिर्फ नागरिक ठिकानों को ही निशाना बनाया गया। इनमें पहली मिसाइल ने एक स्कूल को नष्ट किया, दूसरी ने आवासीय भवन तबाह किया और तीसरी एक गोदाम के पास गिरी।

**यूक्रेन की सांस्कृतिक कलाकृतियां भी खतरे में**

रूस-यूक्रेन युद्ध के नतीजे काफी भयावह साबित हो रहे हैं। इनसे सांस्कृतिक व कलात्मक केंद्र भी खतरे में हैं। इनमें दीर्घाएं, पुस्तकालय, अभिलेखागार, संग्रहालय और विश्वविद्यालयों शामिल हैं। युद्ध में रूसी सेना ने यूक्रेन के कई सांस्कृतिक व कला केंद्रों को नष्ट कर दिया है। इस बीच, कीव के मैडन संग्रहालय के सामान्य निदेशक, इहोर पोशीवेलो ने विश्व समुदाय से पुतिन के 'छद्म इतिहास' का मुकाबला करने की अपील की।

**स्कूलों में रूस समर्थक पाठ्यक्रम प्रारंभ**

रूस अपने कब्जे वाले यूक्रेन के दक्षिणी क्षेत्र स्थित स्कूलों को फिर से खोल रहा है। इनमें रूस समर्थक कोर्स शुरू किया गया है। खेरसॉन और जापोरिझिया जैसे क्षेत्रों में रहने वाले माता-पिता को धमकी दी जा रही है कि यदि वे रूसी पासपोर्ट नहीं लेते और अपने बच्चों को वे रूस समर्थक स्कूलों में नहीं भेजते हैं तो उनके पेरेंट संबंधी अधिकार छीन लिए जाएंगे। शिक्षकों व पालकों का कहना है कि इन स्कूलों के साथ सहयोग के लिए उन्हें ब्लैकमेल किया जा रहा है रूस के कब्जे वाले क्षेत्रों में यूक्रेनी इंटरनेट और सेलुलर-सेवा प्रदाताओं और बाहरी मीडिया से काट दिया गया है। टेलीविजन पर केवल रूसी प्रोग्राम दिखाए जा रहे हैं। रूसी सैनिक यूक्रेन के इतिहास की किताबों को जला रहे हैं और स्कूलों में बच्चों को यूक्रेन से नफरत का पाठ सिखा रहे हैं। इनमें बताया जा रहा है कि वर्तमान युद्ध शुरू करने के लिए यूक्रेन ही दोषी है।

## नीदरलैंड में वर्क फ्रॉम होम बनेगा कानूनी अधिकार

**एम्सटर्डम।** नीदरलैंड में वर्क फ्रॉम होम अब कानूनी अधिकार बन जाएगा। नीदरलैंड की संसद के निचले सदन से इस फैसले को मंजूरी मिल गयी है। जल्द ही सीनेट से मंजूरी के बाद इसे लागू कर दिया जाएगा।

ढाई साल पहले वैश्विक स्तर पर शुरू हुए कोविड काल में वर्क फ्रॉम होम का अभ्यास यह साबित कर चुका है कि कर्मचारी कार्यालय नहीं आकर भी पूरी ईमानदारी के साथ अच्छा काम कर रहे हैं और उनका प्रदर्शन भी बेहतर हो रहा है। इसके बाद यह सुझाव आए कि कर्मचारियों के कार्यालय आने की अनिवार्यता समाप्त की जानी चाहिए। इससे कंपनियों का ढांचागत खर्च घटता है वहीं कर्मचारी भी संतुष्ट रहते हैं। अब नीदरलैंड सरकार ने वर्क फ्रॉम होम या रिमोट वर्क की प्रक्रिया को कानूनी अधिकार के दायरे में शामिल कर लिया है।

इस प्रस्ताव को नीदरलैंड की संसद से मंजूरी मिल चुकी है। इस कानून पर अमल के लिए इसे नीदरलैंड की सीनेट के पास भेजा गया है। वहां से जल्द ही इसे मंजूरी मिलने की उम्मीद है। इसके बाद इस फैसले को लागू कर दिया जाएगा। यह फैसला लागू किये जाने के बाद नीदरलैंड की कंपनियों में कार्यरत कर्मचारियों के लिए दफ़्तर आकर काम करने की बाध्यता नहीं होगी। वे अपने घर या फिर कहीं और बैठकर अपने कार्यालय का काम कर सकेंगे। यदि कार्यालय के किसी काम को बिना आए भी पूरा किया जा सकता है तो कोई नियोक्ता किसी कर्मचारी के वर्क फ्रॉम होम अनुरोध को अस्वीकार नहीं कर सकता। यह भी तय हुआ है कि जिन जिम्मेदारियों को पूरा करने के लिए कर्मचारियों का कार्यालय आना जरूरी है, उन पर यह नियम लागू नहीं होगा।

## पाकिस्तान से फिर आया वीडियोः इस बार चांद नवाब नहीं, मैडम रिपोर्टर ने लाईव के दौरान जड़ दिया लड़के को थप्पड़

**संयुक्त राष्ट्रः** पाकिस्तानी मीडिया के कई मजेदार वीडियो सामने आते रहते हैं। कभी लाइव के दौरान गाली-गलौज हो जाती है तो कभी जूतम पैजार। यहां के रिपोर्टर चांद नवाब के वीडियो तो खूब वायरल होते हैं, लेकिन इस बार पाकिस्तान की एक मैडम रिपोर्टर(महिला रिपोर्टर) का वीडियो सामने आया है। उन्होंने लाइव के दौरान एक लड़के को थप्पड़ ही जड़ दिया। महिला रिपोर्टर का लड़के को थप्पड़ मारे जाने का वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। कई यूजर्स ने इसे शेयर भी किया है।

**पीटूसी खत्म होते ही जड़ा थप्पड़**

वीडियो में एक पाकिस्तानी महिला रिपोर्टर किसी शहर में रिपोर्टिंग के दौरान लाइव करती हुई



दिखती हैं। उनके आसपास काफी भीड़ है। वह अपना पीस टू कैमरा शुरू करती हैं। तभी उनके दाईं और बाईं तरफ दो लड़के खड़े दिखाई देते हैं। वे आपस में कुछ बात कर रहे हैं और कैमरे के सामने आ रहे हैं। तभी पीटूसी खत्म करते ही महिला रिपोर्टर उसके थप्पड़ जड़ देती है। यूजर्स ने जमकर लिए मजे

इस वीडियो के वायरल होने के बाद यूजर्स मजे लेते हुए दिखाई दे रहे हैं। कोई रिपोर्टर्स से ही पूछ रहा है कि उसे थप्पड़ क्यों मारा तो कोई कह रहा है कि जरूर

*यहां के रिपोर्टर चांद नवाब के वीडियो तो खूब वायरल होते हैं, लेकिन इस बार पाकिस्तान की एक मैडम रिपोर्टर(महिला रिपोर्टर) का वीडियो सामने आया है।*

लड़के ने कुछ गलत कहा होगा। एक यूजर लिखता है, महिला रिपोर्टर ने उसे बार-बार मना किया, लेकिन जब वह नहीं माना तो थप्पड़ मार दिया।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक स्वामी श्री योगी सत्यम्
Title UPHIN 29506
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।